Shri Madhu Limaye : It is for that very reason I put up a second supplementary that you have sent an action taken reports, because I did not like that those differences may be discussed here. I raised the matters concerning Sarvashri Subramaniam and Sachin Chowdhary before your predecessor. In the case of Shri Sachin Chowdhary there is ruling that the criticism was made of the Public Accounts Committee and reference was also made about the differences without informing it. That is why I do not want to bring it here, but you did not allow me to put a supplementary.

The statment given by him is in the same connection as the statement of Shri Sachin Chowdhary given in Rajya Sabha. Please give your rulings in this regard tomorrow if it is not possible to day. Their procedure is not correct. They appear before the Public Accounts Committee and if there are some differences they should be brought before the House. The House is sovereign in this regard and can decide the matter.

श्री प्र० कु० घोष : इसको ध्यान में रखते हुए कि यह एक अनधिकृत वसूली है, क्योंकि संसद ने इसका अधिकार नहीं दिया था, मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि इस वसूली पर आयकर लगाया जा रहा है।

श्री शफी कुरेशी : यह स्वेच्छा से किया गया अंशदान है, कर नहीं।

बिहार से कोयला

\+

***1145. चपलाकान्त भट्टाचार्य :** क्या इस्पात, खान तथा धातु मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान बिहार सरकार के स्थानीय स्वायत्त शासन मन्त्री द्वारा 27 अप्रैल, 1967 को दिये गये उस भाषण की ओर दिलाया गया है जिसमें उन्होंने

राष्ट्रीय कोयला निगम को बिहार की भूमि से कोयला निकालने से रोकने की धमकी दी थी ;

(ख) क्या सरकार का ध्यान उसी भाषण में उन मन्त्री द्वारा दी गई इस धमकी और दिलाया गया है कि कोयला भेजना बन्द करके वह अन्य क्षेत्रों के उद्योगों को भी बन्द कर सकते हैं ; और

(ग) यदि हां, तो इसके बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

इस्पात, खान तथा धातु मन्त्री (डा० चन्ना रेड्डी) : (क) से (ग) शायद माननीय सदस्य का संकेत बिहार के स्थानीय स्वायत्त सरकार के मन्त्री के प्रकाशित भाषण की ओर है जिसका प्रकाशन 30 अप्रैल 1967 को कलकत्ता के स्टेटसमैन में हुआ था। बिहार सरकार से प्रार्थना की गई है कि वह उस भाषण को, जो उनके अनुसार दिया गया था औपचारिक रूप में भेजे। इसकी प्रतिरक्षा की जा रही है। इसके प्राप्त होने से पूर्व इस पर सरकार की प्रतिक्रिया का प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता।

श्री चपलाकान्त भट्टाचार्य : मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या राज्यों के मन्त्रियों द्वारा इस प्रकार के असंगत कार्य से जनता और राजकीय क्षेत्र संगठनों की रक्षा करने का कोई प्रबन्ध है ?

इस्पात, खान तथा धातु मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री प्र० चं० सेठी) : जब तक हमें बिहार सरकार से इस सम्बन्ध में पुष्टि की कोई रिपोर्ट नहीं मिलती हमारे लिये इस सम्बन्ध में कुछ कहना उचित नहीं होगा। लेकिन जहां तक खानों का सम्बन्ध हैं वह केन्द्र का विषय है और हम लाइसेंस और परिमिट देते हैं। मैं यह नहीं समझता कि खानों से कोयले के न निकालने का अवसर आ सकता है।

श्री चपलाकान्त भट्टाचार्य : राष्ट्रीय कोयला विकास निगम की कब स्थापना हुई थी। यह भी मामला था। अब भी हम राज्य सरकार की सहायता और सहयोग प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं।

श्री प्र० चं० सेठी : जहां तक राष्ट्रीय कोयला विकास निगम का सम्बन्ध है, जब यह बना, वह मामला था। अब भी हम राज्य सरकार का सहयोग और सहायता प्राप्त करने का प्रयत्न कर रहे हैं।

Shri O. P. Tyagi : When the Government of different provinces can control the production of foodgrains in their provinces and do not allow them to move in other provinces, why not the provinces who produce coal and iron in large quantity as compare to foodgrain can impose restriction on its movement to other provinces ? Whether, the Government is formulating some universal policy in this connection that whatever may be produced meant for country and there should not be any restriction on its movements ?

श्री प्र० चं० सेठी : जैसा कि मैं पहले ही बता चुका हूं कि कोयला खान और कोयले का एक स्थान से दूसरे स्थान को ले जाने का विषय केन्द्र का है, अतः इस सम्बन्ध में कोई कठिनाई सामने आई तो वह वांछनीय नहीं होगी।

Shri Ramavatar Shastri : The Central Food and Finance Ministers threatened the Bihar Government that they would not supply food to the Bihar Government. The Finance Minister told that in case they abolished the land revenue, the Centre would not give economic assistance, whether the Deputy Minister had like that in reaction to that.

Shri P. C. Sethi : As I have said in the beginning that no official copy has been received from the Bihar Government, therefore, it could not be said in what connection it had been said.

श्री प्र० कु० घोष : यदि हम यह भी समझ ल कि बिहार के मन्त्री के वक्तव्य का कोई महत्व नहीं है तब भी वहां श्रम संकट को देखते हुए राष्ट्रीय कोयला विकास निगम के उत्पादन में रुकावट पैदा होने वाली है। गिडि खान और ड्रिलिंग कैम्प के कर्मचारी 27 तारीख से पहले ही हड़ताल पर हैं, और मुख्यालय के कर्मचारी 14 जून से हड़ताल पर जा रहे हैं। मैं यह जानना चाहता हूं कि कर्मचारियों से समझौता करने के सम्बन्ध में सरकार का क्या कदम उठाने का विचार है।

श्री प्र० चं० सेठी : निगम बोर्ड की बैठक कर रहा है। पिछले कुछ दिनों में उनकी कुछ बैठकें हुई थी। हम गतिरोध को दूर करने का भरसक प्रयत्न कर रहे हैं।

श्री प्र० कु० घोष : कोई प्रयत्न नहीं किये जा रहे हैं। उनसे बिना शर्त के हड़ताल वापस लेने को कहा जा रहा है।

श्री पीलु मोडी : जो राज्य अपने उत्पादों को अपनी ही सीमाओं में रखना चाहते हैं, क्या सरकार उनके विरुद्ध कोई कड़ी कार्यवाही करने पर विचार कर रही है ?

श्री प्र० चं० सेठी : यह एक व्यापक प्रश्न है जिसका मैं उत्तर नहीं दे सकता।

Shri Molhu Prasad : Sir, I rise on a point of order. The hon. Minister says that this is a wider question. Will some other Ministers come for answering the wider questions ?

अध्यक्ष महोदय : वह इस प्रश्न का उत्तर नहीं दे सकते कि क्या एक राज्य में पैदा की गई प्रत्येक वस्तु को उसी राज्य में रखा जायेगा ? इसमें व्यवस्था का प्रश्न कहां से आ गया ?

श्री हेम बरुआ : बिहार के मन्त्री का यह कथित वक्तव्य हमारे राजनीतिक जीवन के विकास के लिए बहुत खतरनाक है कि बिहार सरकार राष्ट्रीय कोयला विकास निगम को कोयला निकालने नहीं देगी। क्या सरकार राज्य सरकार के विरुद्ध कोई कदम उठायेगी ? दूसरे बिहार सरकार से उत्तर प्राप्त होने में इतना अधिक समय क्यों लगा है ?

श्री प्र० चं० सेठी : हमने बिहार सरकार को लिख दिया है और हम उत्तर की प्रतीक्षा कर रहे हैं। एक स्मरण पत्र भी भेजा गया है।

इस्पात प्राथमिकता समिति

+

***1146. श्री दामानी :** क्या इस्पात, खान तथा धातु मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकारी विभागों तथा अन्य महत्वपूर्ण उद्योगों की प्राथमिकता वाली आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु सप्लाई का नियतन करने के लिये उनके मंत्रालय में कोई इस्पात प्राथमिकता समिति काम कर रही है ; और

(ख) यदि हां, तो उस समिति के सदस्य कौन कौन हैं और इसके कार्य के मार्गदर्शक सिद्धान्त क्या हैं ?

इस्पात, खान तथा धातु मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री प्र० चं० सेठी :) (क) जी हां।

(ख) इस्पात प्राथमिकता समिति का गठन इस प्रकार है :

(1)	सचिव, लोहा और इस्पात विभाग	अध्यक्ष
(2)	सचिव, औद्योगिक विकास विभाग, नई दिल्ली	सदस्य
(3)	सचिव, योजना आयोग	सदस्य
(4)	सचिव, वित्त मंत्रालय (अर्थ विभाग)	सदस्य
(5)	लोहा और इस्पात नियंत्रक	सदस्य सचिव

इस्पात प्राथमिकता समिति का काम मुख्य उत्पादकों द्वारा उत्पादित कम मात्रा में उपलब्ध इस्पात की पूर्ति के लिए प्राथमिकता देना है। इसके पास विभिन्न मंत्रालयों, राज्य सरकारों तथा पुरस्कर्ता प्राधिकारियों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर इस्पात की पूर्ति के लिये सिफारिशें आती है। रक्षा सम्बन्धी आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जाती है। इसके बाद दूसरे स्थान पर कृषि, लघु उद्योग, रेलवे, परिवहन और संचार, मूल उद्योग और अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं की आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जाती है। समिति प्राथमिकता के आधार पर इस्पात की पूर्ति प्रत्येक छः महीनों के आधार पर करती है।

श्री दामानी : पिछले तीन वर्षों में इस्पात कितनी मात्रा में और कहां से प्राप्त किया गया और उसे किस प्रकार वितरित किया गया।

श्री प्र० चं० सेठी : मेरे पास इसके वर्ष वार आंकड़े नहीं है, परन्तु मैं अक्तूबर 1966 मार्च 1967 तक के कुछ आंकड़े दे सकता हूं।

श्री दामानी : मैं यह भी जानना चाहता था कि यह इस्पात कहां से प्राप्त किया गया था। दूसरे देश में विशेष इस्पात के निर्माण के लिये क्या कदम उठाये जा रहे हैं और हम कब तक इसमें आत्मनिर्भर हो जायेंगे ?

श्री प्र० चं० सेठी : जैसा कि सभा को पता है, चपटे उत्पादों की हमारे यहां विशेष-रूप से कमी है और इसका उत्पादन बढ़ाने के लिये भरसक प्रयत्न किये जा रहे हैं। चतुर्थ योजना विधि में इसकी कमी को पूरा करना कठिन है।

Shri Kameshwar Singh : Is it not a fact that the Iron and Steel Controller, who is the M mber- Secretary of the Steel Priority Committee indulges in excessive favouritism and mis-appropriation and discriminates against the small industrialists who cannot get their requiremants of iron ?

Shri P. C. Sethi : Sir, this is not correct. So far as the constitution of the Steel Priority Committee is concerned, Secretary, Department of Iron and Steel is its Chairman; Secretary, Department, of Industrial Development, New Delhi, Secretary, Planning Commission and Secretary, Ministry of Finance (Department of Economic Affairs) are its Members. Iron and Steel Controller is its Member-Secretary. As I stated the quota of steel is determined by the Steel Pri rity Com nittee after taking into account the Defence and other requirements of the Government, therefore the question of mis-appropriation does not a ise.

श्री सोनावने : इस्पात प्राथमिकता समिति इस प्रकार के इस्पात को कहां से प्राप्त करती है और इसके आयात पर कितनी विदेशी मुद्रा खर्च की जाती है ?

श्री प्र० चं० सेठी : इस समिति का सम्बन्ध मुख्य रूप से देशी इस्पात संयंत्रों के उत्पादन से सी हैं और इसलिये विदेशी मुद्रा का कोई प्रश्न नहीं है।

श्री कंडप्पन : क्या सरकार इस्पात जैसी आधारभूत सामग्री के लिये एक समान मूल्य नीति अपनाने के महत्व को महसूस करती है क्योंकि जिन क्षेत्रों में इस्पात पैदा किया जाता है वहां के दूर के क्षेत्रो में इस्पात के मूल्यों में बड़ा अन्तर है ? क्या इस समस्या पर विचार किया गया है और क्या सरकार कोई एकसम मूल्य नीति अपनाने जा रही है ?

श्री प्र० चं० सेठी : जी हां। विभिन्न राज्यों के विभिन्न कर ढांचों के कारण मूल्यों में निश्चित रूप से अन्तर है। सरकार इस विषय पर सक्रिय रूप से विचार कर रही है।

अल्प सूचना प्रश्न
Short Notice Question

\+ **अदन में भारतीय लोग**

अ०सू०प्र०30 **श्री प्रकाशवीर शास्त्री :** **श्री महंत दिग्विजय नाथ :**
श्री यशवन्त सिंह कुशवाह : **श्री रघुवीर सिंह शास्त्री :**

श्री शिव कुमार शास्त्री
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री रामावतार शर्मा :
श्री क० प्र० सिंह देव :
श्री स्वतन्त्र सिंह कोट्टारी :
श्री दी० चं० शर्मा :
श्री इन्द्रजीत गुप्त :
श्री वासुदेवन नायर :
श्री रा० बरुआ :
श्री हेम बरुआ :
श्री जगन्नाथ राव जोशी :
श्री अटल बिहारी वाजपेयी :
श्री कंवर लाल गुप्त :
श्री वेणी शंकर शर्मा :
श्री मंरढी .
श्री स्वैल :
श्री बलराज मधोक :
श्री रा० स्व० विद्यार्थी :
श्री श्रद्धाकर सुपकार :

क्या वैदेशिक-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अदन में संकटग्रस्त लगभग एक हजार भारतीय राष्ट्रजन तुरन्त भारत आना चाहते हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि उन्हें भारत में लाने के लिये अभी तक कोई व्यवस्था नहीं की जा सकी है ; और

(ग) उन्हें उस स्थान से निकालने की व्यवस्था कब तक पूरी हो जायेगी ।

वैदेशिक-कार्य मन्त्रालय में उप-मन्त्री (श्री सुरेन्द्र पाल सिंह) : (क) अदन में हाल की गड़बड़ी के कारण, लगभग 500 भारतीय जिनमें अधिकांश स्त्रियां और बच्चे हैं, मुगल लाइन के 'मोजफ्फरी' नामक जहाज द्वारा 7 जुलाई को बम्बई के लिए रवाना हो गए ।

(ख) और (ग) जी नहीं । सरकार के सामने अदन से भारतीयों की आम निकासी के बारे में सोचने का कभी मौका नहीं आया । गड़बड़ की स्थिति की वजह से जो लोग अदन छोड़कर आना चाहते थे, उन्हें यातायात के सुलभ सामान्य साधनों से आने में कोई कठिनाई नहीं हुई ।

Shri Prakash Vir Shastri : May I know the total number of Indians living in Aden and whether any of them have expressed their desire to come over to India and whether have not been able to come uptil now because the Government could not make them necessary facilities available ? Why was such a hasty departure necessitated ?

Shri Surendra Pal Singh : Because of the prevailing bad conditions there and particularly the middle east crisis, they felt the need to send their women and childern from the sefety point of veiw. For themselves, they have not expressed their desire to come.

Shri Prakash Vir Shastri : My question is different. What was the need of sending their families and themselves staying on there due to some circumstances in the hope that perhaps the conditions might improve ? Are they being harassed or their properties confiscated ?

Shri Surendrra Pal Singh : Neither there is any trouble with them nor is any action being taken against them; rather they are having very cordial relations with the people of that place. They have sent their women and children only because of the present but condition there and it is thought that they will call them as soon as the conditions normalise.

Shri Prakash Vir Shastri : Is it solely because of the West Asia crisis that they had to send their families ?

Shri Surendr. Pal Singh : No action whatsover has been taken against them. The Arab countries are having disputes among them and it is just possible that it might result in some harm to the Indian families. The property of the Jews was looted in a series of disturbances there and incidentally some harm was also done to the property of the Indians, but it was not i tentional. Keeping such a condition in view they felt that it was better to send their families India till the conditions normalised.

Shri Kameshwar Singh : There is no order in the House. Women are being harassed there the hon. Minister should be asked to tell facts.

अध्यक्ष महोदय : इसमें व्यवस्था का कोई प्रश्न नहीं है ।

Shri Kanwar Lal Gupta : There is a point of order. Hon. Minister has said that the relations of those people with the Indians are good. They are not being teased and no damage is being done to their properties. But when they are sending their families here, after all there must be some danger to them. Otherwise why they would have sent. I mean to say that you ask the hon. Minister to clarify the position.

अध्यक्ष महोदय : इसमें कोई व्यवस्था का प्रश्न नहीं है ।

सुरेन्द्रपाल सिंह : क्या मैं इसका उत्तर दूं ?

अध्यक्ष महोदय : जी नहीं, मंत्रियों को यह विशेषाधिकार नहीं है कि वह किसी भी समय उठकर प्रश्न का उत्तर देने लगे ।

Shri Prakash Vir Shastri : It has been just told by the hon. Minister that the houses and properties were burnt and the Indians residing near by suffered a loss as result of it. I think that the hon. Minister wants to hide the actual incidents happened with the Indians residing there. If there had not been something serious, the Indians residing there would not have been compelled to sent their families. They would have sent only one or two persons. It would not be necessary to send them in such a large number. However, if you want to hide the facts, please tell us at least, clearly when the houses of these jews were put to fire in which the Indians were residing, and the amount of loss suffered by the Indians as a result of it. Have you got any statistics in this connection ?

Shri Surendra Pal Singh : There is no organised move against properties of Indians there.

Shri Kanwar Lal Gupta : It is wrong.

Shri Yaswant Singh Kushwah : It has not been told when this demand was made.

Shri Surehra Pal Singh : The Indians residing there were of the view to send their families. We have instructed our Commissioner to provide them facilties according to their requirements. If there is some transport difficulty to them, we will arrange for it. We were assured that they were having no difficulty and those who wanted to send their families had sent them. They got the passages in the ship. Even then if they would require some sort of assistance from us that would be provided to them. we would not be a hindrance to them.

Shri Mahant Digvijai Nath : In these circumstances whether it is not the responsibility of the Government to make arrangements to bring them back ?

Shri Surendra Pal Singh : It is the responsiblility of the Indian Government to give full facilies to our citizens, if they are in difficulty and it is being done in Aden. But unless they themselves are willing to come what can be done. They perhaps feel that the situation has, as yet, is not so bad, that they should come back. They have sent their families due to fear.

Shri Raghuvir Singh Shastri : I want to know from the hon. Minister whether he has read the statement given by Shri Suresh Mehta, a representative of the businessmen, published on 3rd July in which he has mentioned that one thousand persons are expected to reach within one week and four thousand people are waiting for visa British Officers have been standing on the craters for the last eleven days and they have permitted to bring only one loaded truck, That disturbances have been created by the National Liberal Front. The guns of twenty chokidars have been snatched. I want to know how far these facts are correct,

Shri Surendra Pal Singh : The facts stated by the hon. Minister have been mostly correct. All of us are aware of the trouble going on there. I did not read statement of 3rd July. But it is a fact that there has been the disturbances and it has been coming for quite a long time. Our responsihilty comes only when our citizens are in trouble we could not provide them facilities for bringing them here. We are fulfilling our responsibilities when we have been asked to provide facilities-what facilties we could provide ? We are prepared to provide, but they are coming here with their own means. If they would require our help we are at their disposal,

Shri Hukam Chand Kachwai : A few month's before, a former Indian Minister there, published some articles in the 'Indian Express' in which he mentioned that if the Government of India does not pay attention to these inhabitant Indians, the conditions would have become miserable, I want to know whether it is a fact that the number of Pakistani is increasing and the number of Indians is decreasing ? Whether it is also a fact that the communists are responsible for all these incidents ? Whether the Government would make a investigation in this regard ?

Shri Surendra Pal Singh : I am not aware whether the number of Pakistani nationals are increasing there. But I want to assure you that no investigation is being made against the Indian citizens and they are not in difficulty. When this kind of dispute arises, some harm is bound to result but they are not the target.

Shri Hukam Chand Kachwai : I want to draw the attention towards the articles written by the former Minister. You have not replied to them.

श्री क० प्र० सिंह : इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि अदन के राजनीतिक और आर्थिक जीवन में भारतीयों ने महत्वपूर्ण योग दिया है और 4500 भारतीयों को मजबूर होकर अदन छोड़ना पड़ेगा क्या भारत सरकार को इस बात का पता है कि अदन स्थित भारतीयों के सम्बन्ध में उसके मतभेद होने के परिणाम स्वरूप कुछ चीनी तत्व भारतीयों को भर्ती कर चीनी सरकार के लिये कुछ गुप्तचर कार्य करवाने का प्रयत्न कर रहे हैं ? इस सन्दर्भ में मैं यह भी जानना चाहूँगा कि क्या कभी वैदेशिक कार्य मन्त्रालय या मन्त्री ने उनसे विचार विमर्श करने का प्रयत्न किया या क्षेत्र का दौराकर उनकी कठिनाइयों को दूर करने का प्रयास किया ।

श्री सुरेन्द्रपाल सिंह : मैं माननीय सदस्य की इस बात से पूर्ण रूप से सहमत हूँ कि अदन स्थित भारतीयों ने अदन के विकास के लिये महत्वपूर्ण योगदान किया है । मैं उनकी इस बात से सहमत नहीं हूँ कि वहां स्थित भारतीयों को जबरदस्ती निकाला जा रहा है यह सच नहीं है । जहां तक चीन सम्बन्धी गतिविधियों के प्रश्न का सम्बन्ध है, मुझे कोई जानकारी नहीं है ।

श्री म० ला सोंधी : यह बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न है । इस सम्बन्ध में मन्त्री महोदय को अवश्य कुछ बताना चाहिये ।

श्री दी चं शर्मा : मैं 1965 में अदन में था । जब वहां मैने एक भारतीय होटल में ठहरने के लिये स्थान बुक कराया तब मुझे बतलाया गया कि मुझे किसी भारतीय होटल में नहीं ठहरना चाहिये बल्कि अरब होटल में ठहरने चाहिए क्योंकि भारतीय निवास स्थान और होटल सुरक्षित नहीं है । सौभाग्य से मैं एक अरब निवास स्थान पर ठहरा और जिस भारतीय होटल में ठहरने वाला था उसके निकट एक बम विस्फोट हुआ । उसके बाद अदन में स्थिति दिन प्रति दिन बिगड़ती जा रही है । जहां तक भारतीयों का प्रश्न है उनकी स्थिति बहुत खराब है । मैं यह जानना चाहता हूं कि वहां स्थित भारतीयों की सुरक्षा के लिये कौन जुम्मेवार है—कौनसा राजदूत—क्या भारतीयों की सुरक्षा का दायित्व ब्रिटिश या अन्य राजदूत का है और इसके लिये क्या प्रयत्न किये जायेंगे ताकि वहां स्थित भारतीय वहां से अपनी सम्पत्ति ला सके । मैंने दो या तीन कारखानों का दौरा किया उनके मालिकों में घबराहट थी और उनका विचार था कि उनकी सम्पत्ति छीन ली जायेगी । अतः मैं यह जानना चाहता हूँ कि भारतीयों और उनकी सम्पत्ति की सुरक्षा के लिये क्या किया जा रहा है ।

सुरेन्द्रपाल सिंह : अदन स्थित भारतीयों की सुरक्षा का दायित्व वहां के स्थानीय प्रशासन पर है, परन्तु हमारे अपने राजदूत भी अदन में हैं वो भी उनके हितों की ओर ध्यान देते हैं । जब भी कभी कठिनाई होती है वह उनसे सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं । जहां तक सम्पत्ति को छीन लेने का प्रश्न है, जिसका उल्लेख माननीय सदस्य ने किया, जहां तक मुझे पता है, प्रशासन की ओर से ऐसा कोई प्रतिबन्ध नहीं है । वे जो चाहें ला सकते हैं जिसमें उनकी सम्पत्ति भी शामिल है ।

श्री वासुदेवन नायर : सरकार के प्रतिनिधि बहुत से अवसरों पर यह बता चुके हैं कि अफ्रीका तथा विभिन्न देशों में स्थित भारतीयों को सलाह दी गई है वह उन देशों में ऐसा

व्यवहार करें जिससे वह स्थानीय लोगों का विश्वास प्राप्त करने में समर्थ हो और स्थानीय लोगों की राष्ट्रीय आकांक्षा में सहानुभूति प्रकट करें। मैं यह भी जानना चाहूंगा कि क्या यह सच है कि हाल के झगड़े पश्चिमी एशिया की लड़ाई के बाद मुख्यत: इंगलैंड विरोधी थे और क्या सरकार भारतीयों को यह सलाह देगी कि वे भी वे तनाव का वातावरण पैदा न कर स्थानीय लोगों के राष्ट्रीय मुक्ति आकांक्षा को प्रोत्साहन दे।

श्री सुरेन्द्रपाल सिंह : भारत का हमेशा से यह दृष्टिकोण रहा है। हमने वहां स्थित भारतीयों को यह सलाह दी है कि उनके भविष्य की खुशी और भलाई के लिये यह अच्छा है कि वह वहां के रहने वाले व्यक्तियों की आकांक्षाओं से पूरी सहानुभूति प्रकट करें और वह अधिकांश इन अनुदेशों का अनुकरण कर रहे हैं।

वहां स्थित भारतीयों के स्थानीय लोगों से बहुत अच्छे सम्बन्ध हैं। उनमें कोई मतभेद नहीं है। यह सच है, जैसा कि माननीय सदस्य ने उल्लेख किया कि हाल का झगड़ा कुछ ऐसे तत्वों के परिणाम स्वरूप हुआ जो उस क्षेत्र में इंगलैंड की नीति को पसन्द नहीं करते। हाल में हुए आन्दोलन में कभी भी भारतीयों को लक्ष्य नहीं बनाया गया।

श्री हेम बरुआ : क्या यह सच है कि वहां पर सुरक्षा की स्थिति न होने के कारण ब्रिटेन सरकार ने लगभग 2000 भारतीयों को, जिनके पास ब्रिटिश पारपत्र थे, पहले ही अदन से बाहर निकाल दिया है। इससे उस भाग में होने वाली भारी अराजकता का पता लगता है। इस सम्बन्ध में मैं यह जानना चाहता हूं कि अदन से भारतीयों को निकालकर भारत भेजने से पहले क्या ब्रिटिश सरकार ने भारत सरकार से मंत्रणा की थी। यदि हमारी सरकार में मंत्रणा की गई थी तो हमारी सरकार की क्या राय थी और चूंकि वह स्थिति बहुत गम्भीर है अत: स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए क्या मैं यह जान सकता हूं कि सरकार इस स्थिति के सम्बन्ध में शीघ्र ही उपाय करेगी ?

श्री सुरेन्द्रपाल सिंह : ब्रिटिश पार-पत्र प्राप्त भारतीयों की संख्या अदन में लगभग 2000 या इससे कुछ अधिक है। यह कहना बहुत कठिन है कि उनमें से कितने निकाले गये हैं। यह सम्भव है कि कुछ वापिस चले गये हों, परन्तु इस बात का पता लगाने के लिये कि क्या हमारी भी इसी प्रकार की योजना या विचार है, ब्रिटिश सरकार ने हमारे से कोई सलाह नहीं की।

श्री हेम बरुआ : यहां ऐसे भारतीय हैं जिन्हें ब्रिटिश सरकार ने इंगलैंड निष्काक्षित कर दिया और फिर भी हमारी सरकार की सलाह नहीं ली गई। उप प्रधान मन्त्री यह कहते हैं कि हमारी सलाह नहीं ली गई। यह कैसे हो सकता है ?

Shri Jagannath Rao Joshi : It is not a question related to Aden only. In East West Asian countries, the Chinese and Pakistani activities have increased as a result of it an atmosphere of tension and fear has been created. I was surprised to hear from the hon. Minister that the relations of the Indians with the local population are very healthy and even then they are being sent from there. When they are sending their families here at shows that some different conditions have arosen there. I want to know that during

the last two months, after knowing the conditions prevailing there and with the intent to stop the anti-Indian activities by China and Pakistan and by maintaining good relationship with that Government for creating confidence in the minds of the Indians, what steps have been taken by Government ?

Shri Surendra Pal Singh : I have already replied to it. There is nothing to worry about the situation there. Their relations are good and they have been residing there. If they send their families, then what does it matter ?

A. B. Vajpayee : The future of the Indian in habitants in Aden is inter-linked with the local population there and it is connected with the problem of leaving Aden by the Britishers. Whether the Government of India has ever made a declaration with regard to the liberation of Aden in "unequivocal terms". Whether the Government of India is of the opinion that the Britishers should leave Aden as early as possible so that the drama of creating frctions between the local people by the imprialist may end ?

श्री मु० क० चागला : इस सम्बन्ध में हमारी सरकार हस्तक्षेप नहीं कर सकती मेरे माननीय मित्र को पता है कि वहां संघीय सरकार है । ब्रिटिश सरकार ने यह कहा है कि उन्हें कुछ ही समय में स्वतन्त्रता प्राप्त हो जायेगी । संघीय सरकार, राष्ट्रीयवादी संगठनों फलौस और दूसरे राष्ट्रीय संगठनों के बीच झगड़ा है । वहां संकट है, नाश हुआ बम फेंके गये हैं और ब्रिटिश फौजा को क्रेटर भेजना पड़ा था । जहां तक भारतीय जनता का सम्बन्ध हैं वे राजनीतिक संकट से प्रभावित नहीं हुई हैं उनके सम्बन्ध वहां रहने वाले लोगों से बहुत अच्छे हैं हमने अपने वहां स्थित आयुक्त को कुछ समय पूर्व विशेष अनुदेश दिये हैं कि यदि कोई भारतीय जाना चाहे तो उसे प्रत्येक सुविधा दी जाये । अब तक 500 भारतीय अदन छोड़ चुके हैं । मैं यह भी कहूँगा कि इस सम्बन्ध में बम्बई के सीमा शुल्क कलक्टर और मुख्य सचिव को अनुदेश दे दिये गये हैं । जब वे आते हैं तो उन्हें प्रत्येक सुविधा दी जानी चाहिये हम अदन स्थित अपने आयुक्त से सम्पर्क बनाये हैं और अदन स्थित भारतीयों की सुरक्षा के लिये हम चिन्तित हैं । वहां बहुत से भारतीय हैं जो अदन छोड़ना नहीं चाहते । भारतीयों का यह कहना मैं उचित समझता हूं कि मैं यह नहीं चाहता कि मेरी स्त्री यहां रहे क्योंकि यह दो दलों में राजनीतिक झगड़ा है और उसमें वह शामिल नहीं है । परन्तु संवैधानिक सरकार और राष्ट्रीय संगठनों में झगड़ा है । हम स्थिति का अध्ययन कर रहे हैं । यदि भारतीय यह सोचेंगे कि राजनीतिक स्थिति बिगड़ रही है तो उन्हें वहां से निकाल लिया जायेगा ओर उन्हें सब सुविधायें दी जायेंगी ।

Shri George Fernandes : What the Government has said regarding custom.

श्री मु० क० चागला : सीमा शुल्क (कस्टम) कलक्टर को यह अनुदेश दिया गया है कि विश्वसनीय व्यक्तियों के, घर के समान, मशीनरी, औद्योगिक समान, मोटर इत्यादि को निकालने के सम्बन्ध में उदार रहे हैं । जहां तक व्यापार में लगे स्टाक का सम्बन्ध हैं हम राज्य व्यापार निगम से सम्पर्क बनाए हुए हैं ताकि वे खरीदा जा सके । हमने सभी यथा सम्भव कदम उठा लिये हैं ।

Shri Kanwar Lal Gupta : All these five hundred people who have come from there have come due to panic and not for pilgrimage. Whether the Indians have ever

written about their difficulties to their Commissioner; if so, the action taken by the Government in that regard ? What facilities Government intent to provide to those people who would come from there and would like to start their business here ?

श्री मु० क० चागला : हमारे आयुक्तों को कोई कठिनाइयों के सम्बन्ध में नहीं बताया गया है। केवल एक कठिनाई यह थी कि जब एक यहूदी भवन को नष्ट किया गया तो उससे लगे भारतीय भवनों को नुकसान पहुँचा। भारतीयों को इस सम्बन्ध में चेतावनी दी गई और वहां की स्थानीय जनता ने इसके लिये खेद प्रकट किया। भारतीय सम्पत्ति को नुकसान पहुँचाने का कोई इरादा नहीं था।

जहां तक प्रश्न के दूसरे भाग कि हमने वहां क्या किया है का सम्बन्ध है बम्बई के सीमा शुल्क कलक्टर को ये अनुदेश दिये गये हैं कि अदन से आने वाले भारतीयों द्वारा लाये जाने वाले समान को स्टोर करने के लिये पर्याप्त प्रबन्ध करें। उनसे यह भी कहा गया है कि वह ऐसी व्यवस्था भी करें जिससे वह कस्टम से शीघ्र और आसानी से मुक्त हो सकें और अदन से आने वालों के साथ सहानुभूति तथा समझदारी से व्यवहार किया जाये। वहां पर इस सम्बन्ध में उच्चस्तरीय निगरानी है। प्रादेशिक पार-पत्र अधिकारी से जो प्रवासियों के रक्षक भी हैं कहा गया है कि वह स्वदेश लौटने वालों को आवश्यक सहायता प्रदान करें। बम्बई के मुख्य सचिव से यह निवेदन किया गया कि वह स्वदेश लौटने वालों के लिए यात्रा के लिए गाड़ियों और अस्थायी आवास की व्यवस्था कर उनकी सहायता करें। उनसे यह भी निवेदन किया है कि वह स्वदेश लौटने वालों की देखभाल के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं की नियुक्त करें।

रेलवे बोर्ड से उन्हें रेल की सुविधायें प्रदान करने के लिये कहा गया है। राज्य बीमा निगम से यह निवेदन किया गया है कि वह यथा शीघ्र वाणिज्य मन्त्रालय के सहयोग से यह निर्णय करें कि किन शर्तों और नियमों के अन्तर्गत व्यापारी स्टाक किया जा सकता है ताकि इस सम्बन्ध में आवश्यक कदम उठाये जा सकें।

Shiri B. S. Sharma : Hon. Minister has told with great pride that the concerned authorities have been instructed to provide all sorts of facilities to the repatriates. I want to know whether he has consulted Shri Jagjiwan Ram in connection with providing food etc. to the repatriates.

अध्यक्ष महोदय: यह विषय भिन्न है।

श्री बलराज मधोक : भारतीय सामुदायिक दृष्टिकोण से अदन एक महत्वपूर्ण सामायिक क्षेत्र है। चूंकि अब अंग्रेजों को इसे मजबूरी में छोड़ना पड़ेगा, इसलिए वह यह चाहते हैं कि पाकिस्तान उनके हितो की रक्षा करें। वह पाकिस्तान और पाकिस्तानी तत्वों को अदन में प्रोत्साहन दे रहे हैं और इसी के परिणाम स्वरूप उस क्षेत्र में भारत विरोधी गतिविधियां और भारत विरोधी भावना पैदा की गई है। इसी वजह से ही वहां स्थित भारतीयों में घबराहट है। इन बातों को ध्यान में रखते हुये मैं यह जानना चाहता हूँ कि सरकार पाकिस्तान का प्रभाव कम करने और भारतीयों के हितों की रक्षा करने के अभिप्राय से क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?

अध्यक्ष महोदय : मंत्री महोदय तत्संगत प्रश्नों के उत्तर देंगे ।

श्री मु० क० चागला : अदन में पाकिस्तानी प्रभाव की मुझे जानकारी नहीं है । वहां पर ब्रिटिश सरकार संघीय सरकार और राष्ट्रवादी संगठन में झगड़ा है । संयुक्त अरब गणराज्य द्वारा दो राष्ट्रीय संगठनों की वृद्धि की जा रही है । अतः वहां पाकिस्तानी प्रभाव का प्रश्न ही नहीं उठता ।

अब प्रश्न यह है कि अंग्रेजों के अदन छोड़ने पर वहां का ढांचा क्या होगा । वहां वह सहयोगी सरकार चाहते हैं । राष्ट्रीय संगठनों ने कहा हैं कि वह "संघीय सरकार के साथ कार्य नहीं करेंगे" । आप इसे समाप्त कर दें और एक सार्वजनिक निर्वाचन करे । अतः उस क्षेत्र में पाकिस्तान के प्रवेश करने का प्रश्न ही नहीं उठता ।

श्री श्रद्धाकार सूपकार : ये तीन तथ्य है पहला यह कि 900 स्त्रियों और बच्चों को निकाला गया है; दूसरा 3000 व्यक्तियों को ब्रिटेन भेजा गया है ; तीसरा यह कि ऐसा समाचार है कि 4000 व्यक्ति भारत आ जाना चाहते हैं । वैदेशिक कार्य मंत्रालय में उप-मंत्री ने बताया है कि अब और लोग यहां आने के इच्छुक नहीं है । मैं यह जानना चाहता हूं कि यह सब बाते आपस में कैसे मेल खाती है । क्या ऐसा कहना कि वहां रहने वाले और व्यक्ति यहां अस्थायी तौर पर भी आना नहीं चाहते, बिल्कुल गलत नहीं है ?

श्री सुरेन्द्रपाल सिंह : मैं पहले ही ये सब बातें स्पष्ट कर चुका हूँ । यह सच है कि 500 व्यक्ति जहाज द्वारा भारत आ रहे हैं । मुझे इस बात की जानकारी नहीं है कि ऐसे कितने व्यक्तियों को जिन पर पार-पत्र थे या नहीं, ब्रिटेन को पहले ही भेजा जा चुका है, परन्तु यह तथ्य है कि वहां पर भारतीय पार-पत्रों पर रहने वाले बाकी भारतीयों ने भारत आने की इच्छा व्यक्त नहीं की है । यदि बाद में वे भारत आने की इच्छा व्यक्त करेंगे तो उन्हे सुविधाएं प्रदान की जायेंगी ।

प्रश्नों के लिखित उत्तर

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

स्कूटरों का निर्माण

***1147. श्री स्वतन्त्र सिंह कोठारी :**
श्री यशपाल सिंह :
श्री स० चं० सामन्त :
श्री श्रीधरन :
श्री विश्वम्भरम :
श्री मंगलाथुमाडोम :
श्री अदिचन :
श्री अनिरुद्धन :

क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय कार्य मन्त्री 7 अप्रैल, 1667 के अतारांकित प्रश्न संख्या 815** के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि स्कूटर बनाने के लिये लाइसेंस प्राप्ति के शेष आवेदन-पत्रों की छानबीन हो चुकी है;

(ख) यदि हां, तो लाइसेंस जारी न किये जाने के क्या कारण हैं; और

(ग) इसके लिए क्या कार्यवाही की जा रही है कि (एक) विदेशियों को आवर्ती रायल्टी न दी जाये, (दो) जहां स्थानीय सहायक-उद्योगों के देशी पुर्जे मिलते हों वहां पर आयातित पुर्जों के प्रयोग पर प्रतिबन्ध लगा दिया जाये; और (तीन) निर्माता लोग धीरे-धीरे देशी पुर्जों का निर्माण करके देश में बने पुर्जों से समूचा स्वदेशी स्कूटर बनाने का पूरा प्रयत्न करें ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मन्त्री (श्री फकरुद्दीन अली अहमद) : (क) शेष आवेदन पत्रों की छानबीन अभी की जानी है।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

(ग) 1. विदेशियों को आवर्ती पारिश्रमिक का भुगतान करने में सम्बन्धित प्रस्तावों पर उनके गुणावगुणों के आधार पर विचार किया जाता है और उनके लिये तभी सहमति दी जाती है जब सरकार इस बात से सन्तुष्ट हो जाती है कि देश में यह ज्ञान उपलब्ध नहीं है।

2. प्रत्येक वर्ष आयात नीति बनाते समय तकनीकी विकास का महानिदेशालय द्वारा उन वस्तुओं पर रोक प्रतिबन्ध लगाने के बारे में सावधानी बरती जाती है जिनका देश में ही विकास हो चुका है अथवा जिनके विकास किये जाने की सम्भावना है।

3. तकनीकी विकास का महानिदेशालय प्रति वर्ष कच्चा माल और पुर्जों का आयात करने के आवेदन-पत्रों की छानबीन करता है तथा साथ ही साथ देश में इन वस्तुओं का विकास करने और आयात के अंश में निरन्तर कटौती करने का सुनिश्चय भी करता है। मोटर गाड़ियों के अधिकांश निर्माताओं ने पहले ही 90 प्रतिशत से अधिक देशी अंश तैयार कर लिया हैं।

बांसपानी–नयागढ़ रेलवे लाइन

*1148. **श्री चिन्तामणि पाणिग्रही** : क्या **रेलवे** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि ;

(क) बांसपानी-नयागढ़ रेलवे लाइन के निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि सचिवों की समिति ने इस लाइन की स्वीकृति दी है;

(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि इस लाइन के शीघ्र निर्माण के साथ खनिज उद्योग के विकास तथा पारादीप पत्तन के पूर्ण उपयोग का बहुत सम्बन्ध है; और

(घ) यदि हां, तो इस परियोजना के कार्य की गति में तेजी लाने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है ?

रेलवे मन्त्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) से (घ) निकट भविष्य में नयागढ़ क्षेत्र में खनिज लोहे के निक्षेपों के बढ़ने की आशा नहीं है, इसलिये बांसपानी/नयागढ़ से पारादीप तक रेलवे लाइन बिछाने की अभी कोई आवश्यकता नहीं है। फिर भी, पारादीप बन्दरगाह से निर्यात के लिए तोमका/दाईतेरी क्षेत्रों से खनिज लोहा ढोने के लिए कटक/बेरंग/नेरगुण्डी से पारादीप तक बड़ी लाइन बिछाने के सम्बन्ध में विचार किया जा रहा है और आवश्यक सर्वेक्षण हो रहे हैं। इस प्रस्ताव को खनिज लोहे के निर्यात के लिए सचिवों की बनाई गई अनौपचारिक समिति का भी अनुमोदन प्राप्त है। खनिज सम्बन्धी प्रगति और पारादीप बन्दरगाह के उपयोग आदि सभी तथ्यों को सर्वेक्षण के समय ध्यान में रखा जायेगा और सर्वेक्षण के परिणाम मिलने पर कटक–पारादीप लाइन के निर्माण के सम्बन्ध में निर्णय किया जायेगा।

बम्बई के आयातकों द्वारा सिले सिलाये कपड़ों का आयात

1149. श्री अब्दुल गनी दार : क्या वाणिज्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि ;

(क) क्या सरकार को बम्बई के आयातकों के विरुद्ध कोई अभ्यावेदन मिला है जिसमें फटे पुराने कपड़ों के आयात के साथ नये सिले सिलाये कपड़ों, पुल ओवरों आदि को टुकड़ों के रूप में तथा विभिन्न गांठों में आयात कर के सरकार को धोखा देने का आरोप लगाया गया है;

(ख) यदि हां, तो गत पांच वर्षों में ऐसे कितने मामलों का पता लगा है; और

(ग) क्या इस मामले में कोई जांच की गई है और यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला है ?

वाणिज्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) जी नहीं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते।

बिहार में खनिज पदार्थों को निकालना

***1150. श्री रा० बरुआ** : क्या इस्पात, खान तथा धातु मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बिहार की अभ्रक पट्टी तथा रांची की पठार भूमि में खनिज पदार्थों को निकालने के लिए कोई बहुमुखी योजना बनाई गई है;

(ख) यदि हां, तो क्या इस योजना के लिए किसी विदेशी सहयोग की व्यवस्था की जा रही है; और

(ग) क्या योजना का विस्तृत ब्यौरा बना लिया गया है ?

इस्पात, खान तथा धातु मंत्री (डा०चन्ना रेड्डी) : (क) हां, महोदय।

(ख) और (ग) हां, महोदय। हवाई खनिज सर्वेक्षणों तथा भौमिक अनुवर्ती कार्य जिसमें भूभौतिक सर्वेक्षण और हीरक व्यधन कार्य भी शामिल है, का एक व्यापक कार्यक्रम यू० एस० ए० आई० डी० के सहयोग से बनाया गया है जिन्होंने कि विदेशी मुद्रा की लागत को पूरा करने के लिए 3·5 मिलियन डालर का ऋण दिया है। यह समस्त कार्य ठेके के आधार पर अमरीकी इंजीनियरी फर्म मैसर्स पाससन्स कारपोरेशन, लास एंजेलस और उनके सहयोगी मैसर्स एरो सर्विस कारपोरेशन आफ फिलाडैलफिया करेंगे जो इस कार्यक्रम में शामिल खनिजयुक्त खण्डों के हवाई सर्वेक्षण करेंगे।

इस्पात की उत्पादन लागत सम्बन्धी महताब समिति

1151. श्री श्रद्धाकर सूपकार : क्या इस्पात, खान तथा धातु मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस्पात की उत्पादन लागत सम्बन्धी महताब समिति कि कौन-कौन सी शिफारिशें अब तक क्रियान्वित की जा चुकी है; और

(ख) क्या परिणामस्वरूप सरकारी क्षेत्र की परियोजनाओं में इस्पात की उत्पादन लागत कम हो गई है ?

इस्पात, खान तथा धातु मन्त्री (डा० चन्ना रेड्डी) : (क) और (ख) मेहताब समिति को मुख्य सिफारिशों का उद्देश्य इस्पात कारखानों के संचालन में सुधार लाना है जिसके लिए स्वयं कारखाने लगातार प्रयत्न कर रहे हैं। इसमें धमन भट्टियों, और इस्पात पिघलाने वाले कारखानों का उत्पादन बढ़ाने के लिए उन्नत तरीकों का प्रयोग, आयात किये जाने वाले पुर्जों के स्थान पर अन्य पुर्जों का प्रयोग कारखानों की वर्कशापों में अधिकाधिक काम करना, कोयला साफ करने के कारखानों का कुशल संचालन तथा उनका उत्पादन बढ़ाना, चूरे का अधिक मात्रा में उपयोग करना और रक्षित खानों में खनन की लागत में कमी करना आदि शामिल है। ये दीर्घ कालीन उपाय हैं जिनको अपनाने से कुछ समय के पश्चात ही परिणाम दृष्टिगोचर हो सकते हैं।

महाराष्ट्र में विद्युत-चालित करघे

1152. श्री राममूर्ति :
श्री अ० क० गोपालन :
श्री नम्बियार :
श्री चक्रपाणि :
श्री अनिरुद्धन :
श्री नायनार :
श्री विश्वनाथ मेनन :

क्या वाणिज्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या महाराष्ट्र में एक लाख से अधिक विद्युत-चालित करघों के बन्द हो जाने की आशंका है;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ग) उन्हें बन्द होने से बचाने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

वाणिज्य मन्त्रालय में उप मन्त्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी) : (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) कुछ विद्युतचालित करघों के कथित बन्द होने का कारण विद्युत-चालित करघों को प्राप्य धागे पर बजट प्रस्तावों में उत्पादन शुल्क की वृद्धि बताई जाती है। सरकार इस मामले पर अविलम्ब ध्यान दे रही है।

राज्य व्यापार निगम

***1154. श्री देवकी नन्दन पाटोदिया :**
श्री रा० बरुआ :

क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राज्य व्यापार निगम के वर्तमान ढांचे को पुनर्गठित करने का विचार किया गया है, ताकि राज्य व्यापार निगम अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में नये वाणिज्यिक क्षेत्रों में प्रवेश कर सके ; और

(ख) यदि हां, तो प्रस्ताव की मुख्य बातें क्या हैं।

वाणिज्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) और (ख) : राज्य व्यापार निगम विदेशी व्यापार बढ़ाने तथा विभिन्न बाजारों में नई वस्तुओं का, जिनका निर्यात नहीं होता है, नियात आरम्भ करने और अपराम्परागत बाजारों में परम्परागत मदों के निर्यात की और बढ़ाने के लिये निरन्तर प्रयत्न कर रहा है। इस समय निगम के वर्तमान ढांचे को पुनर्गठित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

Investment of Private Capital

***1155. Shri Bharat Singh Chauhan :**
Shri S. S. Kothari :
Shri Hukam Chand Kachwai :
Shri Ram Singh Ayarwal :
Shri Srichand Goel :

Will the Minister of **Industrial Development and Company Affairs** be pleased to state.

(a) Whether it is a fact that there is no incentive for the investment of private capital in the country; and

(b) whether there is any scheme to maximise the industrial potential and profits from such investment in the country ?

The Ministsr of Industrial Developmeut and Company Affair. (Shri F. A. Ahmed) :

(a) and (b) No, sir. various incentives have been provided through fiscal and other means from time to time and these are intended to maximise induetrial notential and offer insentives for investment.

Railway Safety Commission

*1156. **Dr. Ram Manohar Lohia :**
Shri Gunanand Thakur :
Shri Rabi Ray :

Will the Minister of Railways be pleased to state :

(a) the main recommendations made by the Railway Safety Commission in their annual report for 1965-66 and the extent to which they have been accepted by Government.

(b) whether it is a fact that the Railway Safety Commission has arrived at a conclusion that some of the electric locomotives perchased by the Railway Board from aboard were defective; and

(c) if so, the action taken in regard there to ?

The Minister of Railways (Shri C. M. Poonacha) (a) to (c) The report of the Commissioner of Railway Safety on the working of the Railway Inspectorate for 1965-66 has been received and is under discussion with the Ministry of Tourism & Civil Aviation, which controls the Commission for Railway Safety. This report will be shortly placed on the Table of the House.

काफी का निर्यात

*1157. **श्री सम्बन्धन :** क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विश्व के सारे देशों को भारत से निर्यात करने के लिये काफी का कोई कोटा नियत किया गया है;

(ख) यदि हां, तो कितना और यह मात्रा विश्व के सब नियतिक देशों की निर्यात की कितनी प्रतिशत है ;

(ग) क्या भारत ने इस कोटे को बढ़ाने का कोई प्रयत्न किया है; और

(घ) यदि हां, तो उसके क्या परिणाम निकले ?

वाणिज्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी : (क) और (ख) : अन्तर्राष्ट्रीय काफी करार के अन्तर्गत भारत के लिये प्रतिवर्ष 21,600 मे० टन का एक मूल निर्यात कोटा नियत किया है, जिसमें प्रत्येक वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय काफी परिषद द्वारा सभी देशों को निर्यात के लिये, उन देशों को छोड़कर जिनका वर्गीकरण 'गैर कोटा' देशों के रूप में किया गया है, समंजन होता रहता है। अक्तूबर 1966-सितम्बर 1967 वर्ष के लिये वार्षिक कोटा 21274 मे० टन है। यह मात्रा सभी नियतिक देशों के लिये करार के अन्तर्गत इस अवधि के लिये निर्धारित कुल निर्यात कोटे की लगभग 0·8 प्रतिशत है।

(ग) जी, हां ,

(घ) अन्तर्राष्ट्रीय काफी करार के अन्तर्गत भारत के लिये नियत किये गये मूल निर्यात कोटे में वृद्धि करने के लिये हमारा अभ्यावेदन अन्तर्राष्ट्रीय काफी परिषद के समक्ष अंतिम निर्णय के लिये पड़ा हुआ है।

विनियंत्रण के पश्चात् इस्पात की उपलब्धता

*1158. **श्री गा० शं० मिश्र :**
श्री गं० च० दीक्षित :

क्या **इस्पात, खान तथा धातु** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विनियन्त्रण के पश्चात उद्योगों के लिये इस्पात की उपलब्धता की क्या स्थिति है;

(ख) क्या छोटे पैमाने के उद्योगों को कच्चे माल के रुप में इस्पात आसानी से मिल जाता है ; और

(ग) यदि नहीं, तो छोटे पैमाने के उद्योगों को इस्पात उपलब्ध कराने के लिये सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

इस्पात, खान तथा धातु मंत्री (डा० चन्ना रेड्डी) : (क) से और (ग) : कुछ वस्तुओं को छोड़कर जैसे जस्ती चादरें, अधिक मोटी प्लेटें, अधिक पतली चादरें, जो कम मात्रा में उपलब्ध हैं, अन्य सभी प्रकार का इस्पात अब आसानी से उपलब्ध है । कम मात्रा में उपलब्ध माल के वितरण के लिये संयुक्त सन्यन्त्र समिति ने एक योजना की घोषणा की है जिसके अन्तर्गत राज्य सरकारों को माल का आवंटन किया जायेगा और राज्य सरकारें लघु उद्योगों को माल देगी । लघु उद्योगों को कम मात्रा में उपलब्ध माल की सप्लाई सुनिश्चित करने के लिये पर्याप्त उपाय किए गये हैं । यदि यह देखा गया कि उद्योग की वास्तविक मांग की पूर्ति उस हद तक नहीं हो रही है जितनी कि देशीय साधनों से करनी सम्भव है, तो योजना में आवश्यक संशोधन कर दिया जायेगा । कम मात्रा में उपलब्ध माल का उत्पादन बढ़ाने के लिये पहले ही कदम उठाये जा चुके हैं परन्तु इनके पूरा होने में कुछ समय लग जायेगा ।

कारों और स्कूटरों के मूल्य

*1159 **श्री लीलाधर कटकी :** क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :

(क) क्या सरकार का विचार कारों तथा स्कूटरों के मूल्य कम करने का है;

(ख) क्या सरकार ने कारों तथा स्कूटरों के उत्पादन को दुगुना करने के लिये कोई कार्यवाही की है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय कार्य मंत्री (श्री फखरूद्दीन अली अहमद) :

(क) सरकार ने मोटर गाड़ी उत्पादकों को उत्पादन में बचत करने तथा मोटर गाड़ियों के मूल्य में कमी लाने की आवश्यकता पर बल दिया है । प्रशुल्क आयोग से भी देश में निर्मित व्यावसायिक गाड़ियों तथा यात्री कारों के उचित बिक्री मूल्य के बारे में सिफारिश करने के लिये कह दिया गया है । आगे की कार्यवाही प्रशुल्क आयोग का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर ही की

जायगी । (ख) और (ग) स्कूटर उद्योग के उन प्राथमिकता प्राप्त उद्योगों की सूची में सम्मिलित कर लिया गया है जो अपनी पूरी स्थापित क्षमता के आधार पर विदेशी मुद्रा पाने के हकदार हैं । हालांकि वर्तमान एक्कों में 1967 में 1966 की अपेक्षा स्कूटरों का उत्पादन काफी अधिक होगा, फिर भी स्कूटरों और यात्री कारों की अतिरिक्त उत्पादन क्षमता स्थापित करने के प्रश्न पर विचार किया जा रहा है ।

21-अप बरौनी एक्सप्रेस का रोका जाना

*1160. **श्री बाबूराव पटेल** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 17 जून, 1967 को 60 व्यक्तियों के एक दल द्वारा पूर्व रेलले पर बन्देल के निकट 21–अप बरौनी एक्सप्रेस को रोका गया था ;

(ख) यदि हां, तो उन्होंने यात्रियों की कितने मूल्य की वस्तुओं को लूट लिया था ;

(ग) इस लूट से रेलवे की कितनी हानि हुई थी ;

(घ) गाड़ियों का विशेषत: पूर्व रेलवे पर इस प्रकार से बार बार रोके जाने की घटनाओं का क्या कारण है ;

(ङ) मई, 1967 से लेकर इस रेलवे पर कितनी बार गाड़ियों को रोका गया ; और

(च) यात्रियों की सुरक्षा के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनावा) : (क) घटना 17 जून, 1967 को नहीं बल्कि 18 जून, 1967 को हुई । बंडेल स्टेशन से छूटने के थोड़ी देर बाद ही 21 अप नार्थ विहार एक्सप्रेस गाड़ी को समपार फाटक के निकट, किलोमीटर 41 पर, लाठियों ओर छुरों से लैस 50–60 बदमाशों ने, विभिन्न डिब्बों में खतरे की जंजीर खींचकर, रोक लिया ।

(ख) यात्रियों का सामान लूट लिया गया । एक यात्री की घड़ी और 175 रुपये नकद और एक और यात्री के 113 रुपये छीन लिये गये । तीर्थ यात्रियों के एक दल के संवाहक को बदमाशों को 100 रुपये देने पड़े ताकि तीर्थ यात्री एक-एक करके न लूटे जायें ।

(ग) कुछ नहीं ।

(घ) और (ङ) 1 मई से 10 जुलाई, 1967 तक गाड़ियों को रोकने की 37 घटनायें हुई । गाड़ियों को इस तरह रोकने, लूट और डकैती के मामले कानून और व्यवस्था की सामान्य स्थिति बिगड़ जाने के कारण हुए ।

(च) पश्चिम बंगाल के प्रभावित रेलवे खण्डों में सवारी ले जाने वाली सभी गाड़ियों में सरकारी रेलवे पुलिस तैनात की जा रही है । रेलवे सुरक्षा विशेष दल के कार्मिक इस काम में उनकी सहायता करते हैं ।

संयुक्त संयन्त्र समिति

*1161. श्री प० गोपालन :
श्री एस्थोस :
श्री अब्राहम :
श्री नायनार :
श्री अनिरुद्धन :
श्री ज्योतिर्मय बसु :

क्या इस्पात, खान तथा धातु मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मार्केटडेवलेपमेंट फण्ड (बिक्री विकास निधि) जिसे अब तक लोहा तथा इस्पात नियन्त्रक द्वारा प्राइम स्टील (उत्तम प्रकार के) के निर्यात के लिये रियायतें देने तथा इस्पात की ढलाई से बनने वाले इन्जीनियरिंग वस्तुओं के निर्यात के लिये ढलाई कारखानों को दिये जाने वाले इस्पात के विक्रय मूल्य में छूट देने के लिये संचालित किया जा रहा था, अब बन्द कर दिया गया है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि संयुक्त संयन्त्र समिति को इस्पात के हाल ही में घोषित मूल्यों में एक ऐसा तत्व सम्मिलित करने का अधिकार दिया गया है जिससे संयुक्त संयन्त्र समिति एक नई निधि को आरम्भ कर सके जिसके द्वारा यह प्राइम (उत्तम) प्रकार के लोहे तथा इस्पात के सामान अथवा इस्पात की ढलाई से बनी हुई वस्तुओं के निर्यात के लिये सहायता प्रदान कर सके ; और

(ग) यदि हां, तो सरकारी प्राधिकारी से काम वापिस ले लेने और वही काम गैर-सरकारी संस्थाओं को सोंपने के क्या कारण हैं ?

इस्पात, खान तथा धातु मन्त्री (डा० चन्ना रेड्डी) : (क) जी, नहीं। अभी भी मार्केट डिवलपमेंट फण्ड में से कच्चे लोहे और बढ़िया किस्म के इस्पात के निर्यात के लिये रियायतें दी जा रही हैं।

(ख) इस्पात के मूल्य पर कोई नियन्त्रण नहीं है संयुक्त संयन्त्र समिति द्वारा स्थापित फण्ड को इस्तेमाल केवल अन्तर्राष्ट्रीय मूल्यों पर इस्पात की सप्लाई की प्रतिपूर्ति के लिये किया जाता है, जिसका उपयोग इंजीनियरी उद्योग निर्यात किये जाने वाले सामान के निर्माण के लिये करते हैं। संयुक्त संयन्त्र समिति इस फण्ड के लिये देश में बेचे जाने वाले इस्पात पर 5 रुपये प्रति टन और कच्चे लोहे पर 3 रुपया प्रति टन, विक्रय मूल्य पर से अलग से रुपया इकट्ठा करती है। इस फण्ड का इस्तेमाल कच्चे लोहे और बढ़िया किस्म के इस्पात के निर्यात के लिये अनुदान देने के लिये नहीं किया जाता है।

(ग) अब चूकि मार्केट डिवलपमेंट फण्ड का इस्तेमाल निर्यात करने वाले इंजीनियरी उद्योगों को अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य पर इस्पात सप्लाई करने के लिये नहीं किया जाता अतः यह आवश्यक नहीं है कि प्रतिपूर्ति सरकारी एजेन्सी की मार्फत की जाय।

नेपाल के साथ व्यापार

*1162. **श्री वीरेन्द्र कुमार शाह** : क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत और नेपाल के बीच हुए व्यापार समझौते की अवधि बढ़ा दी गई है; यदि हां, तो कब तक के लिए और इस अवधि में दोनों देशों के बीच कितना व्यापार होने की आशा है ; और

(ख) किन किन वस्तुओं का और कितनी कितनी मात्रा में नेपाल को निर्यात दिया जाएगा और वहां से आपात किया जायेगा ?

वाणिज्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) और (ख) : भारत सरकार तथा नेपाल के महाराजधिराज की सरकार के बीच व्यापार तथा पारगमन संधि जो कि 31 अक्तूबर, 1964 तक वैध थी उसे पांच वर्ष की अवधि के लिये अर्थात 31 अक्तूबर, 1970 तक के लिये और बढ़ा दिया गया है । सन्धि के अन्तर्गत निर्यात । आयात की विभिन्न मदों के लिये कोई अधिकतम सीमा न निर्धारित करते हुए दोनों देशों के बीच व्यापार के अवाध प्रवाह की व्यवस्था है । पिछले कुछ वर्षों में नेपाल के साथ भारत के व्यापार के विस्तार का एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है ।

विवरण

नेपाल के साथ भारत का व्यापार

(लाख रुपया)

वर्ष	आयात	निर्यात		व्यापार संतुलन
1961-62	359	916	(+)	557
1962-63	264	437	(+)	173
1963-64	539	1157	(+)	618
1964-65	721	1662	(+)	941
1965-66	749	1964	(+)	1215
1966-67 (अप्रेल-जनवरी)	837	1329	(+)	492

लौह-अयस्क खानों से लौह अयस्क निकालना

*1163. **श्री दी० चं० शर्मा** : क्या इस्पात, खान तथा धातु मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत में विशाल लौह अयस्क खानों से, निर्यात करने के लिए मुख्यतया जापान को, लौह अयस्क निकालने की करोड़ों डालर की लागत की एक परियोजना भारत सरकार, एक अमरीकी खनन फर्म और तीन जापानी फर्मों के साथ-संघ द्वारा तैयार की जा रही है ;

(ख) यदि हां, तो इस परियोजना का ब्यौरा क्या है; और

(ग) उसका क्या परिणाम रहा है ?

इस्पात, खान तथा धातु मंत्री (डा० चन्ना रेड्डी) : (क) कुदरमुखक्षेत्र. चिकमगलोर जिला, मैसूर राज्य, में मैंगनाटाइट कच्चे लोहे के निक्षेपों के विदोहन तथा विस्तृत अनुसंधानों के प्रस्तावों पर सरकार विचार कर रही है। इस क्षेत्र का राष्ट्रीय खनिज विकास निगम ने पूर्वेक्षण किया है। इन निक्षेपों के वाणिज्य विदोहन के सम्बन्ध में प्रारम्भिक कार्यवाही के रूप में धातुकार्मिक जांचे तथा पाइलट प्लांट अनुसन्धान करने में तकनी की तथा वित्तीय सहयोग देने का एक प्रस्ताव एक अमरीकी फर्म तथा उसके तीन जापानी सहयोगियों से प्राप्त हुआ है। मामला विचाराधीन है।

(ख) और (ग) परियोजना के विस्तार बताने का अभी उपयुक्त समय नहीं हुआ है। इनका निश्चय पाइलट प्लांट अनुसन्धान तथा दूसरे परीक्षणों के बाद ही किया जा सकेगा।

जापान को कोयले का निर्यात

***1164. श्री सु० कु० तापड़िया** : क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जापान तथा अन्य पड़ौसी देशों में कोयले का निर्यात करने के मामले में कितनी प्रगति हुई है ;

(ख) क्या सरकार वर्ष 1967—68 में जापान को सीमित मात्रा में कोकिंग कोयले का निर्यात करने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है ;

(ग) भावी आयतकों के साथ बातचीत किस प्रक्रम पर चल रही है ;

(घ) क्या केवल खनिज तथा धातु व्यापार निगम को ही कोकिंग कोयले का निर्यात करने का अधिकार है अथवा गैर सरकारी उत्पादकों को भी कोकिंग कोयले के निर्यात की सम्भावनाओं का पता लगाने की तथा उसका निर्यात करने की अनुमति है; और

(ङ) कोकिंग कोयले के निर्यात को बढ़ाने के लिये क्या प्रोत्साहन अथवा सुविधायें दी जा रही हैं ?

वाणिज्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) आजकल कोयले का निर्यात केवल वर्मा और श्रीलंका को किया जाता है। अन्य देशों को, जिनमें जापान और हांगकांग शामिल है, भारतीय कोयले के निर्यात की सम्भावनाओं का पता लगाया जा रहा है।

(ख) जी, हां।

(ग) भारतीय कौकिंग कोयले की विशिष्टियां, मूल्यों के अनुमान तथा नमूने कुछ जापानी फर्मों को दिये गये हैं जिनकी प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा की जा रही है।

(घ) और (ङ) : खनिज तथा व्यापार निगम द्वारा कोकिंग कोयले के निर्यात की व्यवस्था की जाती है। निगम ने विभिन्न कोटियों के कोयले के लिये निम्नतम मूल्य का सुझाव दिया है और भारतीय निर्यातकों को निर्यात के लिये सौदे करने की अनुमति दे दी है और यह आश्वासन दिया है कि यदि वे निगम द्वारा निर्धारित निम्नतम मूल्यों से ऊंचे मूल्य प्राप्त कर सकते है तो ऐसे ऊंचे मूल्यों का लाभ उन्हें ही मिलेगा।

(ग) क्या निरीक्षक को कम्पनी के दस्तावेजों में कम्पनी द्वारा सरकार के किन्हीं बड़े अधिकारियों को घूस के रूप में दिए गए धन के बारे में कोई प्रमाण मिला है ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय कार्य मन्त्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) (क) संभवत: माननीय सदस्यों द्वारा निर्दिष्ट प्रश्न अतांराकित प्रश्न संख्या 2805 हैं, जिसका उत्तर 29 नवम्बर, 1966 को दिया गया था। निरीक्षक ने नवम्बर, 1966 में एक अन्त:कालीन प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया है। जांच पड़ताल के पूर्ण होने पर, वह अपना अन्तिम प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगा।

(ख) केन्द्रीय सरकार ने, अप्रेल 1967 में, कम्पनी अधिनियम की धारा 388 ख तथा 388 घ के अन्तर्गत कम्पनी न्यायाधिकरण को एक प्रार्थनापत्र, न्यायाधिकरण को साथ साथ निवेदन करते हुए बागलकोट सीमेंट कम्पनी लिमिटेड के भूतपूर्व प्रबन्ध अभिकर्त्ता, टेन्डुलकर इण्डस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष के विरुद्ध मामले की जांच करने, जो बागलकोट सीमेंट कम्पनी के एक वर्तमान निदेशक हैं, तथा यह निष्कर्ष अंकित करने कि बागलकोट सीमेंट कंपनी से अथवा अन्य किसी कम्पनी से सम्बन्धित निदेशक का पद अथवा अन्य किसी पद को प्राप्त करने के लिये वह योग्य तथा उचित व्यक्ति हैं या नहीं, प्रस्तुत किया। प्रार्थना पत्र के अन्तिम निपटान के अनिर्णित होने से, अन्त:कालीन प्रार्थना पत्र, उसे कम्पनी के कार्यों से प्रबन्ध से अवरुद्ध करने के लिए और मिसिल कर दिया गया है।

(ग) निरीक्षक अभी कम्पनी के लेखे की किताबों को देखने में समर्थ नहीं हुआ है, क्योंकि वह अभी तक न्यायालयों में हैं।

बम्बई आक्सीजन कारपोरेशन, लिमिटेड

5696. श्री मधु लिमये :
डा० राम मनोहर लोहिया :
श्री जार्ज फरनेंन्डीज :

क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय कार्य मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान बम्बई आक्सीजन कारपोरेशन लिमिटेड के प्रबन्धकों द्वारा सिलेंडरों की अनियमित खरीद की ओर दिया गया है ;

(ख) क्या उक्त निगम द्वारा ये सिलंडर रुपयों में भुगतान लेने वाले क्षेत्र से बहुत अधिक मूल्य पर खरीदे गये थे ;

(ग) क्या एक अन्य कम्पनी ने उसी विशिष्ट विवरणों वाले सिलंडर रुपयों में भुगतान लेने वाले उसी क्षेत्र से बहुत कम दामों पर खरीदे थे ;

(घ) क्या शिकायतें की जाने पर बम्बई आक्सीजन कारपोरेशन लिमिटेड ने स्वयं वैसे ही और सिलंडर बहुत कम दामों पर खरीदे ;

(ङ) उक्त निगम की पहली खरीद तथा दूसरी बार की खरीद के मूल्य में कितना अन्तर है ;

(च) क्या कम्पनी अधिनियम के उपबन्धों के अन्तर्गत उस निगम के विरुद्ध कोई कार्यवाही की गई है ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मन्त्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) जी, हां। कम्पनी द्वारा खरीदे गये सिलेंडरों के कागजों की जांच करने के लिए कम्पनी के तीन अंशधारियों की एक समिति की नियुक्ति 28-6-65 को कम्पनी की वार्षिक बैठक में की गई थी। समिति द्वारा प्रस्तुत की गई इस रिपोर्ट में सदस्यों को यह सुझाव दिया है कि कम्पनी में जाकर इसकी पूरी छान बीन की जानी चाहिए। फिर भी उपर्युक्त रिपोर्ट पर समिति की सामान्य बैठक द्वारा कोई कार्रवाही नहीं की गई थी और 10-5-67 को अंशधारियों की समिति की हुई प्रथम बैठक में इस मामले में और आगे प्रश्न भी नहीं उठाया गया था।

(ख), (घ) और (ङ) : कम्पनी से पूर्वी जर्मनी के संभरण कर्त्ताओं के साथ आक्सीजन संयंत्र एपीटिलीन संयंत्र तथा 20,000 आक्सीजन सिलेंडरों का संभरण करने के लिए एक संविदा किया था। आक्सीजन सिलेंडरों का संविदा मूल्य 188 रु० प्रति सिलेंडर था जो बाद में कम करके 175 रु० कर दिया गया था और संविदा को संशोधित करके 20,000 से 19,000 सिलेंडर कर दिया गया था। कम्पनी द्वारा 10,000सिलेण्डरों खरीद लेने के बाद कम्पनी ने पूर्वी जर्मनी के संभरणकर्त्ता के अनुरोध पर शेष 9,000 सिलेण्डरों का आर्डर रद्द कर दिया था ताकि पूर्वी जर्मन के संभरणकर्त्ता दूसरे ग्राहक के 9000 सिलेण्डरों के अत्यावश्यक आर्डर को पूरा कर सकें। इसके तुरन्त बाद ही विदेशी संभरणकर्त्ताओं ने कम्पनी को पुनः आर्डर देने के लिए यह कह कर प्रार्थना की कि स्थिति बदल जाने के कारण आक्सीजन सिलेण्डरों के पूरे आर्डर कर सकते है किन्तु कम्पनी उस आर्डर को रद्द करने पर दृढ़ रही। जब पूर्वी जर्मनी के संभरणकर्त्ता पूरे आर्डर की स्वीकृति का आग्रह करते रहें तो कम्पनी ने शेष 9,000 सिलेण्डरों को उनसे इस शर्त पर खरीदने के लिए राजी हो गई कि उनकी कीमत कम करके 120 रु० प्रति सिलेण्डर कर दी गई थी। संभरणकर्त्ता अन्त में कीमत घटाने के लिए राजी हो गए और उन्होंने शेष 9,000 सिलेण्डरों का 120 रु० प्रति सिलेण्डर के मूल्य पर संभरण कर दिया।

(ग) सरकार को अन्य फर्मों द्वारा इसी आकार प्रकार के सिलेण्डरों की रूपये में अदायगी करने के क्षेत्र से खरीदे गये सिलेण्डरों की वास्तविक कीमत के बारे में कोई भी जानकारी नहीं है।

(च) कम्पनी अधिनियम के उपबन्धों के अधीन कम्पनी के विरुद्ध इस सौदे के बारे में कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है।

Shortage of Raw Materials

5697. Shri S.C. Samanta : Will the Minister of Industrial Development and Company Affairs be pleased to state :

(a) the percentage of the shortfall in the supply of raw material required for the existing small and major industries and the steps being taken by Government to meet the same ;

(b) the quantity of raw materials required, the supply of which is met by import and the percentage thereof for which arrangements have already been made under the present import policy and the decision taken by Government to meet the remaining requirement; and

(c) the number of small and major industries which remain closed for half or more time for want of raw materials with the result that they are running at a loss ?

The Minister of Industrial Development and Company Affairs (Shri Fakhruddin Ali Ahmed) ; (a) and (b) : The percentage of the short-fall in the supply of raw materials, if there is any, required for the existing small and major industries varies from industry to industry and from factory to factory. In many cases it will not be possible to determine the same accurately. It is considered that the time and labour involved in the collection of this information will not be commensurate with the results obtained.

Under the liberalised import policy, the Priority Industries are allowed the import of raw materials, components and spares at full capacity level of production. others earn import entitlements as per the current Import Trade Control Policy. These entitlements vary from 5% to 59% of the exports depending on the industries.

So far as the indigenous raw materials are concerned, the problem is limited only to those in short-supply. In respect of them, efforts are being made to meet the requirement both of priority and non-priority industries to the extent possible within the limits of availability,

(c) No case of closure for half or more time has come to the notice of the Government except one food processing unit which is lying closed for want of raw meterial i. e. cocoa beans,

रद्दी इस्पात को उपयोग में लाना

5698. **श्री दामानी** : क्या **इस्पात, खान तथा धातु** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार रद्दी इस्पात के उपयोग को प्रोत्साहन देने के लिए क्या कार्यवाही कर रही है ;

(ख) क्या इससे कोई इस्पात तैयार किया जाता है ; और

(ग) यदि हां, तो 1966–67 में कुल कितना इस्पात तैयार किया गया ?

इस्पात, खान तथा धातु मंत्री (डा० चन्ना रेड्डी) : (क) सरकार ने इस्पात का उत्पादन करने के लिए विद्युत भट्ठियां स्थापित करने के बारे में ढील दे दी है जिसके लिए अब लाइसेंस की आवश्यकता नहीं है । सरकार ने मैटल स्क्रेप ट्रेड कारपोरेशन की स्थापना में भी प्रोत्साहन दिया है जिसका मुख्य काम अधिकाधिक स्क्रेप इकट्ठा करना और उसको उचित रूप से हैंडल करना है । कारपोरेशन का काम यह भी सुनिश्चित करना हैं कि देश में भट्ठियों की पूरी मांग की पूर्ति हो सके और कुछ प्रकार के स्क्रेप के निर्यात की तभी अनुमति दी जाए जब देश की मांग की पूर्ति हो जाए । सर्वतोमुखी इस्पात कारखानों और बड़ी-बड़ी भट्ठियों में जो स्क्रैप निकलता है उसकी खपत वहीं हो जाती है ।

(ख) जी, हां ।

(ग) स्क्रैप से तैयार किये जाने वाले इस्पात की मात्रा के बारे में ठीक ठीक जानकारी तत्काल उपलब्ध नहीं है ।

अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेले

5699. **श्री दामानी :** क्या वाणिज्य मन्त्री यह बताने की कृपा करगे कि :

(क) वर्ष 1966-67 में कितने अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेले लगे ; और

(ख) उनमें से कितने मेलों में भारत ने भाग लिया और अन्य मेलों में भारत द्वारा भाग न लेने के क्या कारण थे ?

वाणिज्य मन्त्रालय में उपमन्त्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) विश्व भर में प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में मेले तथा प्रदर्शनियां लगती हैं। उनकी वास्तविक संख्या की हमें कोई जानकारी नहीं हैं।

(ख) भारत ने 41 अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों में भाग लिया। अन्तर्राष्ट्रीय मेलों में भाग लेने के निर्णय विभिद्ध आयोजनों के तुलनात्मक लाभों की उपर्युक्त जांच करके तथा विदेशी मुद्रा एवं अन्य साधनों के विषय में अपनी सीमाओं को ध्यान में रख कर किए जाते हैं।

आयात लाइसेंसों का जारी किया जाना

5700. **श्री दामानी :** क्या वाणिज्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1 मई 1967 को अधिकारियों के पास आयात लाइसेंस जारी किये जाने के कितने आवेद-पत्र विचाराधीन थे ; और

(ख) उनमें से कितने आवेदन–पत्रों का निपटारा कर दिया गया है और किस ढंग से ?

वाणिज्य मन्त्रालय में उप मन्त्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) 8194।

(ख) 2130 आवेदन-पत्र लाइसेंस जारी करके तथा 1882 अस्वीकृति अथवा आवेदनों में त्रुटी बताने वाले पत्र जारी करके निपटा दिए गए है। नये कारखानों से प्राप्त शेष आवेदन-पत्र, जो अलोह धातुओं के आयात से सम्बन्धित हैं, विचाराधीन है क्योंकि इस विषय में आयात नीति पर सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकारियों के परामर्श से विचार किया जा रहा है।

हिन्दुस्तान मशीन टूल्स, बंगलौर

5701. **श्री चपलाकान्त भट्टाचार्य :**
श्री य० अ० प्रसाद
श्री राम कृष्ण गुप्त :
श्री यशपाल सिंह :
श्री रा० कृ० सिंह :
श्री स० चं० सामन्त :
श्री त्रिदिब कुमार चौधरी :
श्री श० ना० माइती
श्री अ० कु० किस्कु :
श्री न० कु० सांधी :

क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय कार्य-मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनका ध्यान हिन्दुस्तान मशीन टूल्स, बंगलौर के प्रबन्ध निदेशक, श्री एस० एम० पाटिल द्वारा दिये गये इस वक्तव्य की ओर दिलाया गया है जिसमें उन्होंने कहा है कि हिन्दुस्तान मशीन टूल्स की वित्तीय तथा कारोबारी सम्बन्धी स्थिति इस समय बहुत गम्भीर है ।

(ख) यदि हां, तो ऐसी स्थिति किन कारणों से उत्पन्न हुई है ; और

(ग) इस स्थिति को सुधारने के लिए क्या कार्यवाही करने का विचार है ;

औद्योगिक विकास तथा समवाय कार्य मन्त्री (श्री फकरूद्दीन अली अहमद) : (क) और (ख) : जी हां, मशीनी औजारों की मांग गिर जाने के कारण कम्पनी के पास कुछ स्टाक इकठ्ठा हो गया है और इससे कंम्पनी की पूर्ण क्षमता के प्रयोग और इसकी आर्थिक स्थिति को धक्का पहुँचा हैं ।

(ग) इस स्थिति का सामना करने के लिए कम्पनी ने अपने उत्पादन में विविधता लाने और नई और बढ़िया किस्म की मशीनों के निर्माण तथा निर्यात वृद्धि के अपने प्रयासों में सघनता लाने का प्रस्ताव किया है ।

Industries set up in the Country

5702. Shri Ram Singh Ayarwal :
Shri Hukam Chand Kachwai :

Will the Minister of **Industrial Development and Company Affairs** be pleased to state :

(a) the number of industries set up in the various States of the country during 1966-67 with the financial assistance of the Central Goverment;

(b) the total financial assistance provided to them during 1966-67;and

(c) the number of such units run by State Governments?

The Minister of Inustrial Development and Company Affair (Shri Fakhruddin Ali Ahmed): (a) to (c) : The information is being collected and will be laid on the Tabe of the House in due course.

Seizure of Wagons Loaded with peas at Mathura Station

5703. Shri Ram Singh Ayarwal :
Shri Hukam Chand Kachwai :

Will the Minister of **Railway** be pleased to state :

(a) whether it is a fact 19 wagon loaded with peas were seized at Mathura Railway station intended to be smuggled outside as reported in the "Nav Bharat Times" dated the 18th May, 1967 ;

(b) if so, the action taken in the matter ;

(c) the place to which these peas were being taken; and

(d) the total quantity of peas and its value ?

The Minister of Railways (Shri C. M. Poonacha) : (a) Only one wagon loaded with peas was detained at Mathura and returned to Belanganj where the contents of the wagon were seized.

(b) At Police Station Chhata, Agra City, a case under section 3/7 Essential Commodity Act has been registered, which is under investigation. Two Railways employees of the Belanganj Goods Shed, who were connected with the booking of the wagon, have been placed under suspension and the case against them is pending enquiry.

(c) The bags containing peas were booked ex- Belanganj to Carnac Bunder, Bombay

(d) 185 bags valued at Rs. 7,500/- approximately.

पंजाब में औद्योगिक परियोजना

5704. **श्री विश्वनाथ पाण्डेय** :क्या औद्योगिक विकास तथा समवाय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पंजाब राज्य की सरकार ने पंजाब राज्य में पांच औद्योगिक परियोजनाएं स्थापित करने हेतु लाइसेंस देने के लिए केन्द्रीय सरकार से अनुरोध किया है ; और

(ख) यदि हां तो इसके बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय–कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) राज्य में औद्योगिक परियोजनाएं स्थापित करने के बारे में लाइसेंस के लिए फरवरी, 1964 के के पश्चात् पंजाब सरकार का कोई आवेदन पत्र नहीं आया है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

क्षेत्रीय रेलवे अधिकारियों के गोपनीय शीघ्रलिपिक

5705. **श्री विश्वनाथ पाण्डेय** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि क्षेत्रीय रेलवे अधिकारियों के साथ सम्बद्ध गोपनीय शीघ्रलिपिकों को अन्य वर्गों के शीघ्रलिपिकों की तुलना में आरम्भिक वेतन अधिक मिलता हैं; और

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्री श्री (चे०मु० पुनाचा) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

बुधनी रेलवे स्टेशन के निकट गाड़ी का पटरी से उतर जाना

5706 **श्री विश्वनाथ पाण्डेय** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 27 मई, 1967 को मध्य रेलवे के इटारसी-झांसी सेक्शन पर बुधनी रेलवे स्टेशन के निकट माल एाड़ी का इंजन और उसके चार डिब्बे पटरी से उतर गये थे ;

(ख) यदि हां, तो यह दुर्घटना होने के क्या कारण थे; और

(ग) रेलवे सम्पत्ति की कुल कितनी हानि हुई ?

रेलवे मंत्री (श्री चे०मु० पुनाचा) :(क) सम्भवत: माननीय सदस्य का आशय उस दुर्घटना से है जिसमें 27-5.1967 को बुदनी स्टेशन पर नं० ई 10 अप मालगाड़ी का इंजन और पाच मालडिब्बे पटरी से खतर गये थे।

(ख) ड्राइवर गाड़ी को रेतहम्प में ले गया जब कि प्रस्थान सिगनल 'आन' था।

(ग) रेल सम्पत्ति को अनुमानत: लगभग 42,000 रुपये की क्षति हुई।

पेरिस में 'इंडिया फोर्टनाइट' प्रदर्शनी

5707. **श्री नम्बियार :**
श्री प० गोपालन :
श्री चक्रपाणि:
श्री मुहम्मद इस्माइल :
श्री नायनार :

क्या **वाणिज्य** मन्त्री यह बताने को कृपा करेंगे कि :

(क) क्या फ्रांस में स्थित भारतीय दूतावास ने हाल में पेरिस में 'इण्डिया फोर्ट-नाइट' नामक प्रदर्शनी आयोजित की थी ;

(ख) भारतीय दूतावास ने इस प्रदर्शनी पर कितना धन व्यय किया था ; और

(ग) इस प्रदर्शनी के माध्यम से कितने मूल्य की वस्तुएं बिकी ?

वाणिज्य मन्त्रालय में उप मन्त्री (श्री मुहम्मद शफी क़ुरेशी) : (क) जी, हां। आहार प्रदायकों एवं ठेकेदारों की एक फर्म मैसर्स वैगन लिट्स तथा भारतीय हथकरघा तथा हस्तशिल्प के आयतक मैसर्स जनरल एक्सपोर्ट से सम्बन्ध एक फर्म मैससं बोन्टीक्यूज डेस नेशैस के सहयोग से।

(ख) भारतीय कपड़े से बनी पौशाकों का फैशन-शो, भारतीय नृत्यों गीतों के आयोजन तथा भारतीय पाक-विधि का प्रदर्शन।

(ग) आयोजकों द्वारा समस्त खर्चा वहन किया गया। दूतावास ने केवल 951 रु० खर्च किये।

(घ) लगभए 90,909 रुपये।

कालापासेरी में हिन्दुस्तान मशीन टूल्स का कारखाना

5708. **श्री वासुदेवन नायर :**
श्री अदिचन :

क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चतुर्थ पंचवर्षीय योजना अवधि में कालापासेरी में हिन्दुस्तान मशीन टूल्स के विस्तार का कोई प्रस्ताव है ; और

(ख) यदि हां, तो उस पर कितनी पुंजी लगाई जायेगी और उससे कितने नये व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा ?

औद्योगिक विकास थात समवाय कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) और (ख) मूल प्रस्ताव यह था कि चौथी पंचवर्षीय योजना में हिन्दुस्तान मशीन टूल्स लिमीटेड के कालापासेरी स्थित कारखाने का विस्तार करके इसकी वार्षिक क्षमता 5 करोड़ रुपये के मूल्य की मशीनों से बढ़ाकर 10 करोड़ रु० के मूल्य की मशीनें कर दिया जाय। मशीनी औजारों की मांग के गिर जाने के कारण इस योजना को अभी स्थगित कर दिया गया है। इस योजना पर कुछ और समय तक मांग के रुख को देखकर पुनर्विचार किया जायगा।

राष्ट्रीय कोयला विकास निगम द्वारा देय रायल्टी की रकम

5709. **श्री गं०च० दीक्षित :** क्या **इस्पात, खान तथा धातु** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीय कोयला विकास निगम द्वारा मध्य प्रदेश सरकार को प्रतिवर्ष दी जाने वाली प्रसादतः रायल्टी की रकम कितनी है ; और

(ख) इसमें से कितनी रकम मध्य प्रदेश सरकार को दी जा चुकी है।

इस्पात खान तथा धातु मंत्री (डा० चन्ना रेड्डी) : (क)राष्ट्रीय कोयला निगम द्वारा मध्य प्रदेश सरकार को सालवार अनुग्रहात दी जाने वाली रकम जो कि निगम द्वारा देय स्वामिस्व के बराबर है, निम्न प्रकार है :–

1963-64	125,566 रुपये
1964-65	1,80,760 रुपये
1965-66	1,44,925 रुपये

(ख) अभी तक अदा की गयी राशी निम्न प्रकार है :–

1963-64	410.00 रुपये
1964-64	49,678.00 रुपये
1965-66	49,724.00 रुपये

रेलगाड़ियों के आने जाने का समय

5710. **श्री विश्वनाथ पाण्डेय** : क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि ।

(क) अप्रैल, 1957 से लागू हुई रेलवे की नई समय सारिणी में कितनी रेल गाड़ियों का समय बदला गया है ; और

(ख) प्रत्येक जोन में, विशेषकर पूर्वोत्तर रेलवे में, गाड़ियों के समय में क्या-क्या परिवर्तन किये गये ?

रेलवे मंत्री (श्री चे०मु० पुनाचा) : (क) लगभग 2044 गाड़ियों का ।

(ख) मध्य रेलवे – 85 गाड़ियां
पूर्व रेलवे – 421 ,,
उत्तर रेलवे – 312 ,,
पूर्वोत्तर रेलवे – 119 ,,
पूर्वोत्तर सीमा रेलवे – 136 ,,
दक्षिण मध्य रेलवे – 177 ,,
दक्षिण पूर्व रेलवे – 38 ,,
दक्षिण रेलवे – 322 ,,
पश्चिम रेलवे – 434 ,,

छात्रों द्वारा जमालपुर स्टेशन पर रेल गाडी का रोका जाना

5711. **श्री विश्व नाथ पाण्डेय :**
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री जगन्नाथ राव जोशी :

क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) यह सच है कि 2 जून, 1967 को कई सो छात्रों ने पूर्वी रेलवे के जमालपुर रेलवे स्टेशन पर गया-हावड़ा यात्री गाड़ी को तीन घंटों तक रोक लिया था और उन्होंने गार्ड के पार्सल डिब्बे मे से समाचार पत्रों के बण्डल लूट लिये थे ; और

(ख) यदि हां, तो इस मामले में क्या कार्यवाही की गई ?

रेलवे मंत्री (श्री चे०मु० पुनाचा) : (क) 2-6-67 को इस तरह की कोई घटना नहीं हुई । लेकिन 1-6-67 को 338 डाउन गया-सियालदह सवारी गाड़ी 13 38 बजे जमालपुर पहुंची और 15.20 बजे वहाँ से छूटी । इस गाड़ी के वहां रुकने का निर्धारित समय 15 मिनट है, लेकिन इसे 87 मिनट तक और भी रुके रहना

पड़ा क्योंकि प्लेटाफर्म पर अत्यधिक संख्या में एकत्रित छात्र उन समाचार–पत्रों की प्रतियां लेने के लिये ब्रेक-यान की और दौड़ पड़े जिनमें भागलपुर विश्वविद्यालय की स्कूल की अन्तिम परीक्षा का परिणाम प्रकाशित हुआ था। सरकारी रेलवे पुलिस ने समय पर कार्यवाही करके उन्हें ब्रेकयान से घुसने से रोका। लेकिन बाद में भीड़ ने पुलिस का घेरा तोड़ दिया पर गाड़ी के गार्ड ने समाचार–पत्रों के अलावा ब्रेक–यान में में पड़े अन्य कीमती सामान को बचाने के उद्देश्य से समाचार पत्रों के कुछ बडल छात्रों की और फेंक दिये। इससे स्थिति सम्भल गयी और छात्र समाचार-पत्र लेकर स्टेशन से चले गये। न तो पार्सल यान लूटा गया और न रेल सम्पति को ही कोई क्षति हुई।

(ख) सरकारी रेलवे पुलिस, जमालपुर ने स्टेशन डायरी में इस घटना को दर्ज कर लिया और जमालपुर से भागलपुर तक गाड़ी में सरकारी पुलिस तैनात कर दी गयी ताकि इस तरह की घटना फ़िर न हो।

राजस्थान में सर्वेक्षण कार्य में लगा हुआ अमीरीकी दल

5712. **श्री प० राम मूर्ति :**
श्री अ० क० गोपालन :
श्री नम्बियार :
श्री नायनार :
श्री विश्वनाथ मेनन :
श्री चक्रपाणि :
श्री अनिरुद्धन :

क्या **इस्पात, खान तथा धातु** मंत्री 23 जून 1967 के अतारांकित प्रश्न संख्या 3493 के उत्तर के संबंध से यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान की खनिज सम्पत्ति का विमान द्वारा सर्वेक्षण करने का टेका किस अमरीकी फर्म को दिया गया है ; और

(ख) ठेके का ब्यौरा क्या है?

इस्पात, खान तथा धातु मंत्री (डा० चन्ना रेड्डी) : (ख) लास एंजेलस की पारसंस कारपोरेशन तथा उनके सहयोगी एरो सर्विस को कारपोरेशन को यह ठेका दिया गया है।

(ख) ठेके की मुख्य बातें ये हैं :–

1. ठेकेदार संघटित रूप से भारत सरकार के समस्त आदेशानुसार हवाई सर्वेक्षण, भौमिक अनुवर्ती अनुसंधान हीरक व्यधन, और धातुकार्मिक, रासायनिक तथा अयस्क अभिशोधन जांचे सम्पन्न करेगा

2. वह निम्न लिखत विशेषज्ञ तथा सेवाएं प्रदान करेगा :

(क) ऐरो–मेगनेटकि तथा सिंटीलोमीटरिक सर्वेक्षणों के लिये खास उपकरणों से सज्जित वायुयान।

(ख) भूविज्ञान, भूविज्ञान मानचित्रण, भूभौतिकी, भूरसायन, धातुकार्मिक अयस्क अभिशोधन और व्यधन के क्षेत्रों में विशेषज्ञ ।

हर एक अमरीकी विशेषज्ञ भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण तथा भारतीय खान ब्यूरो से लिये गये उचित भारतीयों अधिकारियों के सहयोग कार्य करेगा ।

सब हवाई उड़ानों पर उपयुक्त भारतीय अधिकारियों का कड़ा नियंत्रण रहेगा ।

3. हवाई सर्वेक्षण, भौमिक अनुवर्ती कार्य तथा व्ययधन एक इंजीनियरी फरमों के समूह द्वारा किया जायगा जो कि भारतीय सरकार की आव्यकताओं तथा समयावलि के अनुसार आवश्यक उपकरण तथा सेवाओं का आयोजन करेगा ।

Central Sericulture Research Institute, Mysore

5713. **Shri Prakash Vir Shastri :**
Shri Raghuvir Singh Shastri :
Shri Shiv Kumar Shastri :
Shri Hukam Chand Kachwai:
Shri Ram Gopal Shalwale :
Shri Arjun Singh Bhaduria :
Shri Ram Avtar Sharma:
Dr. Surya Prakash Puri :

Will the Minister of Commerce be pleased to State ;

(a) Whether Governments attention has been invited to the news item published in the "Blitz,, dated the 27th May, 1967 giving datails of the illtreatment meted out to one, Dr. Gurdayal Parshad, who was working as a Assistant Director in the Central Sericulture Research Institute, Mysore;

(b) whether Government have looked into the matter; and

(c) if so, the decision taken thereon ?

The Deputy Minister in the Ministry of Commerce (Shri Mohd Shafi qureshi) : (a) Yes, Sir.

(b) Yes, Sir.

(c) As Dr. Gurdayal Pershad's services were terminated during the period of his probation and there was no ill-treatment meted out to him, no further action on the news item in Blitz is called for.

भिलाई इस्पात कारखाने का विस्तार कार्यक्रम

5714, श्री श्रद्धाकर सुपकार : क्या इस्पात, खान तथा धातु मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भिलाई इस्पात कारखाने की क्षमता को बढ़ा कर 25 लाख टन करने का कार्यक्रम पूरा हो चुका है;

(ख) क्या तार-छड़ बनाने का कारखाना भी तैयार हो चुका है; और

(ग) यदि हां, तो इस विस्तार कार्य पर कुल कितना व्यय हुआ है ?

इस्पात, खान तथा धातु मंत्री (डा० चन्ना रेड्डी) : (क) और (ख) : जी हां। अन्तिम बड़ी इकाई अर्थात् तार-छड़ बनाने का कारखाना चालू होने वाला है।

(ग) अवमूल्यन से पहले विस्तार कार्य पर 13801 करोड़ रुपये खर्च आने का अनुमान है। इस अनुमान में अवमूल्यन के प्रभाव, सीमा-शुल्क, समुद्री और देश के आन्तरिक भाग में भाड़े में परिवर्तनों और अन्य कारणों से संशोधन किया जा रहा है।

इलाहाबाद-भुसावल तथा इलाहाबाद-इटारसी रेलगाड़ियों में लगाई जाने वाली बोगियां

5715. **श्री नीतिराज सिंह चौधरी** : क्या रेलवे मंत्री 26 मई 1967 के अतारांकित प्रश्न संख्या 482 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 387 डाउन /388 अप इलाहाबाद-भुसावल तथा 389 डाउन /390 अप इलाहाबाद-इटारसी एक्सप्रेस गाड़ियों में इस समय जोड़ी जाने वाली बोगियों की संख्या सात है और कई बार उससे भी कम होती है, और नौ नहीं होती; और

(ख) यदि हां, तो फिर से उनकी संख्या नौ करने के लिये क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : इन गाड़ियों में लगाई जाने वाली बोगियों की निर्धारित संख्या 9 है। लेकिन पिछले लगभग 2 महिनों से इनमें कम बोगियां लगाई जा रही हैं जो आमतौर पर 7 से 8 होती हैं।

(ख) यह सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक प्रबन्ध किये जा रहे हैं कि 387 डाउन /388 अप भुसावल-इलाहाबाद और 389 डाउन /390 अप इटारसी-इलाहाबाद सवारी गाड़ियों में सामान्यतः 9 बोगियां लगायी जायें।

मद्रास में औद्योगिक मेला

5716. **श्री उमानाथ** :
श्री सत्य नारायण सिंह
श्री नम्बियार :
श्री नायनार :
श्री चक्रपाणि :

क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कुछ देशों ने भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार तथा औद्योगिक मेले में भाग लेने से पहले कुछ स्पष्टीकरण मांगे थे;

(ख) यदि हां, तो किन किन देशों ने स्पष्टीकरण मांगे हैं तथा क्या क्या स्पष्टीकरण मांगे थे; और

(ग) उन देशों को क्या स्पष्टीकरण दिये गये थे ?

वाणिज्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) जी, हां।

(ख) प्रायः अनेक विदेशी मिशनों एवं सरकारों द्वारा प्रदर्शनीय वस्तुओं के आयात एवं बिक्री के लिये अपनाई जा रही क्रियाविधि के बारे में स्पष्टीकरण मांगे गये हैं।

(ग) प्रदर्शनीय वस्तुओं के आयात एवं बिक्री की सुविधाओं से सम्बन्धित जानकारी उन सब को, जिन की इस में दिलचस्पी है, अब प्रदान की जा चुकी है। मोटे तौर पर स्थिति यह है कि भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार तथा उद्योग मेला, मद्रास, 1968 में प्रदर्शित किये जाने वाले माल का बिना शुल्क आयात करने की अनुमति दी जायेगी। प्रदर्शनी के अन्त में वैध आयात लाइसेंसों के आधार पर शुल्क देकर भारतीय पार्टियों को प्रदर्शित वस्तुओं की बिक्री पर कोई आपत्ति नहीं होगी। अनुमति योग्य मदों की बिक्री के लिये पूरक लाइसेंस भी प्राप्य होंगे जो विदेशी प्रदर्शकों द्वारा सुरक्षित किये गये स्थल के प्रति वर्ग फुट स्थान के लिये अधिक से अधिक 50 रुपये के मूल्य के होंगे।

रेलवे लोको शैडों के फोरमैनों को भत्ता

5717. **श्री मधु लिमये :**
श्री रवि राय :
श्री जे० एच० पटेल :
श्री आ० ना० मुल्ला :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि चितरंजन रेल इन्जन वर्क्स तथा इंटिगरल कोच फैक्टरी में फोरमैनों तथा सहायक फोरमैनों को क्रमशः 150 रुपये मासिक तथा 75 रुपये मासिक अधीक्षण भत्ता दिया जा रहा है;

(ख) क्या यह भी सच है कि रेलवे लोको शैडों, वर्कशापों आदि में फोरमैनों को यह भत्ता नहीं दिया जा रहा है; और

(ग) यदि हां, तो उनके काम और जिम्मेदारियों में क्या अन्तर है जिसके कारण यह भेद भाव करना पड़ा है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) से (ग) रेलों पर फोरमैन के लिये अधिकतम वेतन मान 450–25–575 रुपये है। जगन्नाथ दास वेतन आयोग ने विशेष रूप से यह सिफारिश की थी कि उत्पादन कारखानों में फोरमैनों के वेतन मान की अधिकतम सीमा 575 रुपये से बढ़ा कर 650 रुपये कर दी जाये और कुशलता रोध 575 रुपये रखा जाये। वेतन मान की अधिकतम सीमा बढ़ाने की बजाय यह निश्चित किया गया कि चितरंजन रेल इंजन कारखाने और सवारी डिब्बा कारखाने में 450–575 रुपये के वेतन मान वाले फोरमैनों को प्रति मास 150 रुपये विशेष वेतन दिया जाये। इन संगठनों के दूसरे फोरमैन या सहायक फोरमैन किसी किस्म का विशेष वेतन पाने के पात्र नहीं हैं। दूसरे रेल कारखानों में, जो उत्पादन कारखाने न होकर मुख्यतः मरम्मत कारखाने हैं, काम करने वाले फोरमैन भी इस तरह के विशेष वेतन पाने के पात्र नहीं हैं।

स्टेनलैंस स्टील

5718. श्री नीतिराज सिंह चौधरी : क्या इस्पात, खान तथा धातु मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में स्टेनलस स्टील का कितना उत्पादन होता है और क्या इससे देश की आवश्यकता पूरी हो सकती है;

(ख) यदि नहीं, तो क्या राष्ट्रीय मांग को पूरा करने के लिये देश में निकट भविष्य में इसका उत्पादन आरम्भ करने का सरकार का विचार है; और

(ग) यदि हां, तो कब ?

इस्पात, खान तथा धातु मंत्री (डा० चन्ना रेड्डी) : (क) से (ग) : आजकल दुर्गापुर के मिश्र-इस्पात कारखाने में थोड़ी मात्रा में स्टेनलैंस स्टील का उत्पादन किया जा रहा है। यह देश की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पर्याप्त नहीं है। वित्त वर्ष के अन्त में जब कारखाना पूरा उत्पादन करने लगेगा, स्टेनलैंस स्टील के उत्पादन की क्षमता 18,000 टन प्रति वर्ष की हो जाएगी। चौथी योजना में कारखाने के विस्तार के पश्चात् यह और भी अधिक हो जाएगी। गैर सरकारी क्षेत्र में भी कुछ पार्टियों को लाइसैंस दिये गये हैं और ऐसी आशा है कि अगले कुछ वर्षों में बहुत हद तक देश की आवश्यकता की पूर्ति हो सकेगी।

मध्य रेलवे के कर्मचारी संघ

5719. श्री नीतिराज सिंह : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य रेलवे के प्रत्येक डिविजन में कौन कौन से मान्यता प्राप्त कर्मचारी संघ हैं और मान्यता विहीन कर्मचारी संघ कौन कौन से हैं; और

(ख) उनके मुख्यालय कहां कहां पर हैं ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) और (ख) : रेलों पर संघों को मण्डलीय आधार पर नहीं बल्कि पूरी रेलवे के लिए मान्यता दी जाती हैं।

मध्य रेलवे द्वारा मान्यता प्राप्त संघ और उनके मुख्यालय इस प्रकार है :—

(i) सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ-बम्बई।

(ii) नेशनल रेलवे मजदूर यूनियन-बम्बई।

सरकार के पास ऐसे संघों के बारे में विस्तृत सूचना नहीं है जिन्हें मान्यता नहीं मिली है और जो मध्य रेलवे पर काम कर रहे हैं फिर भी, जिन संघों को मान्यता नहीं मिली है उनमें से कुछ निम्नलिखित हैं और उनके मुख्यालय उनके सामने दिये गये हैं :-

(i) मध्य रेलवे कर्मचारी संघ-बम्बई।

(ii) सेन्ट्रल रेलवे मजदूर यूनियन-बम्बई।

(iii) सेन्ट्रल रेलवे सवतंत्र कामगर संघ-भुसावल।

सूरी ट्रांसमिशन वाले इंजन

5720. **श्री पहाड़िया :** क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जर्मनी से अब तक ऐसे कितने रेल इंजन आये हैं जिनमें सूरी ट्रांस मिशन लगा हुआ है;

(ख) भारत में चितरंजन, वाराणसी अथवा अन्यत्र ऐसे कितने इंजन बनाये गये हैं जिनमें सूरी ट्रांस मिशन लगा हो;

(ग) उन इंजनों को वास्तव में चलाने से उनकी कार्यकुशलता, रखरखाव तथा मरम्मत आदि के बारे में, उन इंजनों की तुलना में जिनमें सूरी ट्रांस मिशन न लगा हो क्या अनुभव रहा है; और

(घ) विदेशों में इंजनों में प्रयोग लाये जाने वाले सूरी ट्रांस मिशनों पर कितनी रायल्टी मिली है तथा कौन कौन से देश इन ट्रांसमिशनों का उपयोग कर रहे हैं ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) जर्मनी से अब तक सूरी ट्रांसमिशन युक्त बड़ी लाइन के 7 और छोटी लाइन के 25 डीजल शैंटिंग इंजन मिले हैं।

(ख) 1967-68 और 1968-69 में आयात "पावर पैक" का प्रयोग करके चितरंजन रेल इंजन कारखाने में 27 रेल इंजन बनाने का कार्यक्रम है।

(ग) सूरी ट्रांस मिशन युक्त इंजनों के काम का अनुभव प्रायः सन्तोषजनक पाया गया है। यद्यपि डीजल इंजनों से कुछ दिक्कतें पेश आयी हैं किन्तु सूरी ट्रांस मिशन ठीक काम रहा है। संभावना यह है कि इनसे ईंधन की खपत में कुछ किफायत होगी किन्तु उसकी ठीक ठीक मात्रा का अनुमान अभी नहीं लगाया जा सकता क्योंकि, कुल मिला कर किफायत गाड़ी की किस्म, परिचालन रफ्तार, अनुरक्षण सम्बन्धी समस्याओं आदि पर निर्भर है। समान परिस्थितियों में उनके कार्य के तुलनात्मक आंकड़े केवल उसी समय उपलब्ध हो सकेंगे, जब निर्माणाधीन इंजन, परीक्षण के बाद कुछ समय तक प्रयोग में आयेंगे।

(घ) सूरी ट्रांस मिशन युक्त एक भी रेल इंजन विदेशों में नहीं चल रहा है। अतः रायल्टी का कोई सवाल नहीं उठता।

कोयले का आयात

5721. **श्री समर गुह :** क्या वाणिज्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि पूर्वी पाकिस्तान के अनेक नेताओं ने एक संयुक्त सार्वजनिक वक्तव्य में पाकिस्तान सरकार से अनुरोध किया है कि पूर्वी पाकिस्तान के लोगों के लिये इंधन की अत्यधिक कमी को दूर करने के लिये फिर से भारत से कोयले का आयात किया जाये;

(ख) क्या इस सम्बन्ध में पाकिस्तान सरकार ने कोई पहल की है; और

(ग) यदि हां, तो इस मामले में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

वाणिज्य मंत्रालय में उप मन्त्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) और (ख) : जी, नहीं। भारत से कोयले का फिर से आयात आरंभ करने के लिये पाकिस्तान सरकार की किसी कार्यवाही के बारे में सरकार को जानकारी नहीं है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

चाय–बागानों के क्षेत्र का विस्तार

5722. श्री हेम राज : क्या **वाणिज्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि : वर्ष 1965–66 और 1966–67 में चाय बागानों के क्षेत्रों के विस्तार के लिये भिन्न भिन्न राज्यों तथा संघ क्षेत्रों को राज्यवार तथा संघ राज्य क्षेत्रवार कितने कितने क्षेत्रों के लिये परमिट दिये गये ?

वाणिज्य मंत्रालय में उप–मन्त्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) :

राज्य	क्षेत्र (हेक्टार में) जिसके लिये चाय बोर्ड द्वारा चाय क्षेत्र के विस्तार के लिये परमिट दिये गये हैं।	
	1965–66	1966–67
असम	4361.99	3840.57
प० बंगाल	1981.09	628.00
त्रिपुरा	80.35	—
मद्रास	432.08	307.98
केरल	657.70	183.68
मैसूर	85.79	116.33

चाय का उत्पादन

5723. श्री हेम राज : क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि भिन्न भिन्न राज्यों तथा संघ क्षेत्रों में नई भूमि में चाय उगाने में राज्य–वार तथा संघ क्षेत्र वार कितनी प्रगति हुई है ?

वाणिज्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों से अनुरोध किया गया है कि वे चाय की खेती के विस्तार के लिये उपयुक्त क्षेत्र का सर्वेक्षण करें। कुछ क्षेत्रों में प्रगति हुई है जैसा कि नीचे दिया जाता है :—

(1) **उपूसी :** इस क्षेत्र में चाय बागान लगाने के इच्छुक कई उद्यमियों के प्रार्थना पत्र, जिन पर चाय बोर्ड की सिफारिशें हैं, उपूसी (नेफा) प्रशासन के विचाराधीनहैं।

(2) **अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह :** एक अध्ययन दल ने, जिसने, 1966 में इस द्वीप समूह में चाय की खेती की सम्भावनाओं की जांच की थी, सिफारिश

की कि वाणिज्यक आधार पर चाय बागानों को प्रारम्भ करने के पूर्व दीर्घावधि परीक्षण आवश्यक हैं। तदनुसार इस मामले पर अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह के मुख्य आयुक्त के साथ बातचीत की जा रही है।

(जम्मू) : एक अध्ययन दल द्वारा प्रारम्भिक जांच की गई है जिसने लघु अवधि तथा दीर्घावधि दोनों ही प्रकार के परीक्षणों की सिफारिश की है। चाय बोर्ड के परामर्श से जम्मू एवं काश्मीर सरकार मामले पर विचार कर रही है।

Sale of Handloom Cloth in Andhra Pradesh

5724. **Shri M. S. Murti :**
Shri Umanath :
Shri Jyotirmoy Basu :
Shri E. K. Nayanar :
Shri Nambiar :
Shri Ganesh Ghosh :

Will the Minister of Commerce be pleased to state:

(a) whethes Government are aware that Andhra Pradesh State Government owes not less than Rs. 75 lakhs towards rebate to the weavers co-operatives in the State and they have also stopped giving rebate to consumers on the sale of handloom cloth by Weavers Cooperatives in the State from the 1st June, 1967 on the plea that there were no funds available with them; and

(b) if so, the steps taken to reimburse immediately the rebate amount due to the weavers cooperatives and to continue the rebate scheme in the State as is being done in other States to encourage the sale of handloom cloth in the cooperative sector ?

The Deputy Minister in the Ministry of Commerce (Shri Mohd. Shafi Qureshri) :

(a) Yes, Sir

(b) The reimbursement is to be made by the Government of Andhra Pradesh. As financial assistance by the Centre follows a uniform pattern in respect of all States concerned the matter is being taken up with the Government of Andhra Pradesh.

प्रथम और द्वितीय श्रेणी में आरक्षित स्थान

5725. **श्री शम्भूनाथ** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि रेलवे में प्रथम और द्वितीय श्रेणी के पदों में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के लिए आरक्षित स्थान इस सम्बन्ध में संविधान में की गयी व्यवस्था की अवहेलना करके भरे जा रहे हैं;

(ख) यदि नहीं, तो गत पांच वर्षों में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के प्रथम और द्वितीय श्रेणी पदों के कितने अधिकारियों का चयन किया गया;

(ग) क्या आरक्षित स्थानों को गृह कार्य मन्त्रालय की पूर्व अनुमति से समाप्त किया गया था; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) जी, नहीं।

(ख) चौरासी।

(ग) और (घ) रेल सेवा की प्रथम और द्वितीय श्रेणियों में सीधी भर्ती संघीय लोक सेवा आयोग की सिफारिश से की जाती है। जब आयोग अपेक्षित संख्या में अनुसूचित जातियों अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवारों के नामन की स्थिति में नहीं होता, तब गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित कार्यविधि के अनुसार समय-समय पर रिक्त स्थानों का आरक्षित समाप्त कर दिया जाता है।

हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन, रांची में अप्रयुक्त क्षमता

5727. **श्री इन्द्रजीत गुप्त** : क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) हैवी इन्जीनियरिंग कारपोरेशन रांची में लगातार क्षमता बेकार पड़ी रहने के क्या कारण हैं; और

(ख) क्षमता का उपयोग बढ़ाने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) और (ख) कम्पनी की तीन परियोजनाओं में से ढलाई गढ़ाई संयंत्र तथा भारी मशीनी औजार संयंत्र अभी पूरी किये जाने को है और इनमें केवल आंशिक उत्पादन प्रारम्भ हुआ है। जहां तक तीसरी परियोजना अर्थात भारी मशीनी औजार संयंत्र का सम्बन्ध है उसमें कोई अप्रयुक्त क्षमता नहीं है। फालतू क्षमता की समस्या 1970-71 में उत्पन्न होगी। क्योंकि यहां मशीनें आर्डरों के अनुरूप बनाई जाती हैं, इसलिये उनकी डिजाइनों औद्योगिकीय प्रलेख आदि तैयार करने में लगभग 18 महीने लग जाते हैं और उनके निर्माण में 12 महीने लग जाते हैं। निर्माण की इस लम्बी प्रक्रिया होने के कारण क्षमता का पूर्ण प्रयोग करने के लिए यह आवश्यक है कि पर्याप्त अग्रिम आर्डर प्राप्त होने चाहिये। संयंत्र को पर्याप्त अग्रिम आर्डर दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं और इसके उत्पादन में विविधता लाने के भी यथासम्भव प्रयास किए जा रहे हैं।

बियर का उत्पादन

5728. **श्री बाबूराव पटेल** : क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय कार्य** मंत्री देश में शराब बनाने के कारखानों की संख्या तथा बियर का वार्षिक उत्पादन तथा उसका मूल्य बताने की कृपा करेंगे ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : देश में सुनियोजित क्षेत्र में शराब बनाने के चार कारखाने हैं जो कि उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, मैसूर और पश्चिमी बंगाल राज्यों में प्रत्येक में एक एक है। इनका वार्षिक उत्पादन 17,463 किलो लिटर है जिसका मूल्य 3.80 करोड़ रुपये है।

राज्य व्यापार निगम के माध्यम से आयात और निर्यात

5729. **श्री देवकीनन्दन पाटोदिया :**
श्री रा० बरुआ :

क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि राज्य व्यापार निगम के माध्यम से वस्तुओं के आयात और निर्यात में विलम्ब होने के बारे में शिकायतें बढ़ती जा रही है; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में स्थिति को सुधारने के लिये क्या कार्यवाही करने का विचार किया गया है ;

वाणिज्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

सिलामाइट के निक्षेप

5730. **श्री देवकी नन्दन पाटोदिया :**
श्री रा० बरुआ :

क्या **इस्पात, खान तथा धातु** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में सिलामाइट के निक्षेपों को निकालने के लिये कोई कार्यक्रम बनाया है;

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में किन-किन स्थानों पर कार्य आरम्भ किया गया है; और

(ग) क्या सिलामाइट के निक्षेपों को निकालने के लिए कोई विदेशी सहायता प्राप्त हुई है ?

इस्पात, खान तथा धातु मंत्री (डा० चन्ना रेड्डी) : (क) नहीं महोदय।

(क) और (ग प्रश्न ही नहीं उठते।

वातानुकूलकों और रेफ्रीजरेटरों का आयात

5731. **श्री सिद्धेश्वर प्रसाद :** क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या वातानुकूलकों, रेफ्रीजरेटरों तथा कारों का आयात किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1964-65, 1965-66 और 1966-67 में इन मदों पर पृथक-पृथक कितना धन व्यय किया गया था; और

(ग) गत तीन वर्षों में इन पृथक पृथक रूप में कितने प्रतिशत आयात शुल्क तथा अन्य शुल्क लगाये गये ?

वाणिज्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) आयात नियंत्रण होते हैं अन्तर्गत वातानुकूलकों, रेफ्रीजरेटरों तथा कारों के आयात पर पाबन्दी है । जो आयात नीति के वे, व्यक्तिगत सामान के रूप में या निवास स्थानन्तरण नियमों के अन्तर्गत, और राजनितिक विशेषाधिकार प्राप्त विदेशी व्यक्तियों द्वारा किये जाते हैं ।

(ख) वास्तविक आयात निम्नलिखित थे :

मूल्य लाख रुपये में

क्रमश:	विवरण	1964-65	1965-66	1966-67 (फरवरी, 67 तक)
1.	वातानुकूलक मशीनें	8	10	6
2.	रेफ्रीजरेटर (जल-प्रशीतकों सहित)	33	41	24
3.	कारें	31	44	16

(ग) दो विवरण समा पटल पर रख दिये गये हैं । **[पुस्तकालय में रखे गये । देखिये संख्या एल० टी० 1050/67]**

First Class and Air Conditioned Coaches

5732. Shri Maharaj Singh Bharati : Will the Minister of Railways be pleased to refer to the reply givien to Unstarred Question No. 2751 on the 16th June, 1967 and state:

(a) the expenditure incurred by Government during 1963-64, 1964 65 and 1965-66 on the maintenance of Air-conditioned and first class compartments;

(b) the total number of Air-conditioned, 1st Class and 3rd Class compartments in working order in the year 1965-66; and

(c) the daily average number of passengers per coach in the aforesaid three classes during 1965-66 ?

The Minister of Railways (Shri C. M. Poonacha) : (a) Details are not available, as expenditure incurred on the maintenance of coaches is not maintained separate'y, typewise or classwise.

(b) The number of coaches on line as on 31.3.1966 was as follows:

Air-conditioned Class	117	Coaches.
Partial Air-conditioned coaches,	111	

I Class	1751	,,
III Class	12560	,,
Composite coaches with I & III Class accommodation	7517	,,

(c) Details are not available, as statistics in respect of passenger carried per coach are not maintained separately typewise or classwise.

प्रथम तथा तृतीय श्रेणी के प्रतीक्षालय

5733. **श्री वाल्मीकी चौधरी :**
श्री शिव चण्डिका प्रसाद :

क्या **रेलवे** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विभिन्न स्टेशनों पर प्रथम श्रेणी तथा तृतीय श्रेणी के प्रतीक्षालयों की व्यवस्था किस आधार पर की जाती है;

(ख) पूर्वोत्तर रेलवे के ऐसे कितने स्टेशन हैं जहां पर प्रथम श्रेणी के प्रतिक्षालय नहीं है और ऐसे कितने स्टेशन हैं जहां पर प्रतिक्षालय बिल्कुल भी नहीं हैं; और

(ग) इसके क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) यदि स्टेशन पर आने जाने वाले ऊंचे दर्जे के यात्रियों की दैनिक संख्या 25 या उससे अधिक होती है तो उनके लिए अलग प्रतीक्षालयों की व्यवस्था की जाती है। मुसाफिरखाने या विचरण क्षेत्र सभी स्टेशनों पर होते हैं और सभी दर्जों के यात्री उनका इस्तेमाल कर सकते हैं।

(ख) 528 स्टेशनों पर पहले दर्जे के यात्रियों के लिए कोई प्रतिक्षालय नहीं है लेकिन इनमें से 176 स्टेशनों पर ऊंचे दर्जे के यात्रियों के लिए प्रतिक्षालय हैं।

पन्द्रह स्टेशनों पर अब मुसाफिरखाने बनाये जा रहे हैं। इनके सिवाय बाकी सभी स्टेशनों पर प्रतीक्षा की सुविधा उपलब्ध है।

हिन्दुस्तान मशीन टूल्स लिमिटेड, बंगलोर

5735. **श्री कृष्णन :**
श्री तुलसीदास दासप्पा :

क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय** कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि हिन्दुस्तान मशीन टूल्स, लिमिटेड बंगलोर में स्थानीय लोगों की बजाय बाहर के लोगों को रोजगार दिया जा रहा है; और

(ख) उक्त सरकारी उपक्रम में कितने प्रतिशत स्थानीय कर्मचारी है ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय कार्य मंत्री (श्री फखरूद्दीन अली अहमद) : (क) और (ख) सरकार की विद्यमान नीति के अनुसार तृतीय और चतुर्थ श्रेणी अथवा उसके समकक्ष ग्रेडों वाले स्थानों के अलावा अन्य स्थानों पर अखिल भारत के आधार पर विज्ञापन करके भर्ती की जाती है और इसके राज्यनुसार आंकड़े नहीं रखे जाते हैं। जहां तक तृतीय और चतुर्थ श्रेणी या उसके समकक्ष स्थानों का संबंध है, जानकारी का पता लगाया जा रहा है और वह सभा पटल पर रख दी जायगी। यह मान लिया गया है कि निम्न वेतन वाले स्थानों पर परियोजना के आस-पास रहने वाले व्यक्तियों को नियुक्त करना अधिक लाभदायक रहेगा।

Looting of Train at Ranaghat Station

5736. **Shri Nihal Singh :**
Shri Hukam Chand Kachwai :
Shri Y. S. Kushwah :

Will the Minister of Railways be pleased to state :

(a) whether it is a fact that some goondas stopped a train at Ranaghat near Veenapur when it was about to start and looted rice and vegetables as reported in the "Hindustan',, dated the 17th June, 1967;

(b) if so, the number of persons arrested in this connection and the action taken against them; and

(c) the total loss accrued thereby ?

The Minister of Railways (Shri C. M. Poonacha) : (a) Yes. The correct position is that on 15.6.1967, Train No. P-400 Down Banpur-Sealdah local was stopped at 18.36 hrs. by the local public near North Cabin of Banpur station by squatting on the track and looted Jack fruit baskets of the vendors compartment.

(b) Government Railway Police, Ranaghat, have registered a case u/s 147/148/323/379 IPC and 108/121 of the Indian Railways Act which is under their investigation. No arrest has so far been made.

(c) Rs. 1,860/-, the value of the alleged looted Jack fruits and the personal cash of local vendors amounting to Rs. 326/-.

दिल्ली में गाड़ियों का देर से आना

5737. **श्री राम चरण :**
श्री बेघर बेहरा :

क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सवेरे वाली सभी गाड़ियां 83 अप, 39 अप और 13 अप सवेरे काफी अर्से से दिल्ली प्रतिदिन देर से पहुंच रही है;

(ख) यदि हां, तो इसके कारण क्या हैं ?

(ग) रेलवे प्रशासन ने गाड़ियों के देर से आने को रोकने के लिये क्या कदम उठाये हैं;

(घ) क्या सरकारी कर्मचारियों के लिये दिल्ली और खुर्जा के बीच में कोई स्थानीय शटल गाड़ी चलती है; और

(ङ) यदि नहीं, तो दिल्ली और खुर्जा के बीच इस शटल गाड़ी को चलाने में विलम्ब होने के क्या कारण है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) से (ग) जी नहीं, लेकिन इन गाड़ियों का आना-जाना संतोषजनक नहीं रहा है । ये गाड़ियां मुख्यरूप से मुख्यतः तांबे के तार की चोरी के कारण कंट्रोल की खराबी की अधिक घटनाओं, खतरे की जंजीर का अविवेकपूर्ण प्रयोग, पार्सल चढ़ाने-उतारने आदि के कारण देर से आयी हैं । इन तथा अन्य गाड़ियों के चालन में सुधार करने के उद्देश्य से एक समय-पालन अभियान चलाया गया है ।

(घ) और (ङ) 39 अप जनता एक्सप्रेस और 2 एजेडी गाड़ियां दिल्ली और खुर्जा के बीच चलने वाले उपनगरीय यात्रियों की आवश्यकताएं पूरी कर रही है । मार्ग की अड़चनों तथा खुर्जा स्टेशन पर टर्मिनल सुविधाओं के अभाव के कारण इस समय एक अतिरिक्त शटल गाड़ी का चलाना परिचालन की दृष्टि से व्यवहारिक नहीं है ।

Accident near Nonera Station (Gwalior-Bhind Section)

5738. **Shri Y. S. Kushwah** : Will the Minister of **Railways** be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 2090 on the 9th June, 1967 regarding the train accident between Gohad Road and Nonera Station on the 23rd May, 1967 and state :

(a) whether the cause of the accident has been ascertained;

(b) if so, the result thereof;

(c) the name of the driver of the train involved and since when he had been working on the narrow-gauge line of this section; and

(d) the nature of compensation paid to the families of the persons killed and to the injured ?

The Minister of Railways (Shri C. M. Poonacha) : (a) and (b) According to the provisional finding of the Additional Commissioner of Railway Safety, the accident was due to the train being driven at excessive speed.

(b) The name of the driver of the train involved is Shri S. K. Sharma. He was officiating as Loco Foreman Narrow Gauge Shed at Gwalior for 4½ years upto October. 1966, when he was posted as 'B' Grade Driver on the Nerrow Gauge Section.

(d) Ex-gratia payment of Rs. 500/- to next of kin of each person killed and Rs. 200/- to each person seriously injured has been made. On receipt of applications for compensa tion, the compensation to be paid will be determined and awarded by the District & Sessions Judge, Bhind, who is the Claims Commissioner of the area.

राष्ट्रीय कोयला विकास निगम की टोलगारिया परियोजना

5739. **श्री कामेश्वर सिंह :** क्या इस्पात, खान तथा धातु मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय कोयला विकास निगम की टोलगारिया परियोजना को कार्यान्वित किये जाने की सम्भावना नहीं है; और

(ख) यदि हां, तो इस परियोजना को कार्यान्वित न करने के क्या कारण हैं ?

इस्पात, खान तथा धातु मंत्री (डा० चन्ना रेड्डी) : (क) राष्ट्रीय कोयला विकास निगम द्वारा तालगेरिया परियोजना शुरू करने का प्रश्न अभी विचाराधीन है ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

Stations on N. G. Lines in Madhya Pradesh

5740. **Shri Y. S. Kushwah :** Will the Minister of **Railways** be pleased to state :

(a) the total number of stations on the narrow-gauge lines in Madhya Pradesh from Gwalior to Bhind, Gwalior to Shivpuri and Gwalior to Shivpur Kalan;

(b) the number and names of those stations in these routes having waiting rooms for the 1st, 2nd, and 3rd Class passengers;

(c) the names of those out of them having retiring rooms for passengers: and

(d) the names of those stations where satisfactory arrangement for residential accommodation have been made for Railway staff other than the Station Master ?

The Minister of Railways (Shri C. M. Poonacha) : (a) 39.

(b) and (d) The information is given in the statement laid on the Table of the House **[Placed in Library. See No. LT-1051/67]**

(c) Nil.

Gwalior Bhind Train Services

5741 **Shri Y. S. Kushwah :** Will the Minister of **Railways** be pleased to state :

(a) the reasons for the deterioration in the running time of trains from Gwalior to Bhind since the Independence and the steps being taken to improve it;

(b) the nature of additional facilities provided to passengers on this route after Independence; and

(c) the total income to Railways from this route since the Independence ?

The Minister of Railways (Shri C. M. Poonacha) : (a) Increase in running time of trains of Gwalior-Bhind section has been due to reduction in the maximum permissible speed thereon from 25 miles per hour to 18 miles per hour from the year 1953, which was necessitated by considerations of safety. The question of increasing the speed is under examination of the Railway.

(b) A covered shed over platform is being provided at Bhind. Basic amenities, such as waiting hall, benches, latrines, lighting arrangements etc. are, however, already available at stations on Gwalior-Bhind sections.

(c) Earnings are not maintained section-wise and are available for the narrow gauge lines of the Central Railway as a whole. As such, it is not possible to indicate the earnings of the Gwalior-Bhind section separately.

Bogies Attached to Passenger and Goods Trains on Central Railway

5742. **Shri Y. S. Kushwah:** Will the Minister of Railways be pleased to state :

(a) the total number of bogies on passenger trains and the total number of wagons on goods train running on the Gwalior-Bhind, Gwalior-Shivpur-Kalan and Gwalior-Shivpuri sections on the Central Railway and the year of manufacture of these bogies and wagons;

(b) the total number of steam and diesel locomotives running on these lines and the year of their manufacture;

(c) the number of new locomotives, passenger bogies and wagons provided on these sections so far after they were transferred to the Central Railway Administration; and

(d) the names of the places where the locomotives. passenger bogies and goods wagons running on these routes are being manufactured ?

The Minister of Railways (Shri C. M. Poonacha) : (a) and (b) A statement is laid on the Table of the House. **[Placed in Library, See No. LT-1052/67]**

(c) Total number of new locomotives, passenger coaches and wagons provided :

Locomotives	-	4
Coaches	-	17
Wagons	-	Nil.

(d) The original stock of Narrow-Gauge locomotives and wagons on these routes are still in service except for 5 locos imported from Japan in 1959-60, and there has been no need to manufacture new ones in the country. Coaches have been manufactured in Lallaguda Railway Workshops, Secunderabad.

Copper Mining Work in Khetri (Rajasthan)

5743. **Shri Onkar Lal Berwa :** **Shri N. S. Sharma :**
Shri Beni Shanker Sharma : **Shri Onkar Singh :**

Will the Minister of Steel, Mines and Metals be pleased to state :

(a) whether it is a fact that copper mining work is being done at Khetri (Rajasthan);

(b) if so, the extent of the assistance obtained from different foreign countries; and

(c) the progress made during the period from 1962 to 1967 ?

The Minister of Steel, Mines and Metals (Dr. Channa Reddy): (a) Yes, Sir. A copper mine is being developed at Khetri.

(b) The National Mineral Development Corporation has entered into an agreement with a Group of French Companies, consisting of M/s Venot Pic, Ensa and others for financial and technical assistance for developing Khetri Copper Project. According to the terms of the agreement, the French Companies will design the plant and equipment and act as Engineering Experts and Advisers in respect of the Project and would also supply such equipment which is required to be imported. The foreign exchange requirement of the Project including design charges, cost of equipment and deputation of experts to India to supervise construction, installation and commissioning of the plant would be made available by the French Group out of the Consortium Credit of U. S. 18 million.

(c) (i) Exploration by means of drilling, aditing etc. has been completed and ore reserves have been established. Further exploration is being done to delineate the orebody. Adequate samples have been taken and analysed to determine the characteristics of the ore. Pilot plant tests have also been conducted to determine the behaviour of the ore and the process to be adopted for the production of copper.

(ii) The mine development work at Khetri has been started accordiug to the programme drawn up involving a total cost of Rs. 617.62 lakhs. Work has also been started on the main adits for the Kolihan mine.

(iii) Two shafts are being sunk for carrying the men and equipment into the mine and taking out the daily production of ore from the mine. So far, the production shafts has been sunk up to a depth of 500' and the service shaft to a depth of 260'. A service station has been opened in the service shaft at 300 metre level (above zero level) involving a drivage of 101 ft. Mechanized equipment has been installed and commissioned at the service shaft to achieve faster tempo of shaft sinking.

(iv) An agreement has been reached with a French Group of Companies for the design of the whole plant.

(v) An agreement has also been signed with M/s Outokumpu Oy of Finland for the use of Flash Smelting proces for which they hold world's patent rights.

(vi) The French Group, in accordance with the terms of the agreement executed with them, submitted the bids for the plant and equipment of various areas such as exploration equipment, winding equipment and concentrator etc. These bids as well as the technical aspects relating to the equipment were examined and discussed with the French Group in a series of meetings held with their representatives in Delhi. As a result of these discussions, contracts have been signed with the French Group for the supply of equipment of the value of about 7 million French Francs; other bids are under examination and order for such equipment which is necessary to be imported will be placed soon. An agreement regarding General Engineering and General Enteprise and has also been signed with the French Group which has come into force from 30-6-1967.

(vii) Action for procurement of indigenous equipment has been initiated.

(viii) To meet the immediate requirements of the Corporation and Consultant's staff construction of 561 residential units has been completed. Action has also been initiated for construction of additional 958 quarters.

(ix) A water supply scheme for supply of about 9 million gallons of water per day from Chounra and Jodhpura at a cost of Rs. 769 lakhs has been drawn up and work is progressing.

सिगनल वर्कशाप के कर्मचारी

5744. **श्री स० मो० बनर्जी :**
श्री मधु लिमये :

क्या रेलवे मंत्री 9 जून, 1967 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2075 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर, पूर्वोत्तर, पूर्वी, दक्षिण-पूर्व और मध्य रेलवे के सिगनल वर्कशापों में पर्यवेक्षक पदों पर कितने ब्लाक तथा सिगनल इस्पेक्टरों का तबादला किया गया है ;

(ख) प्रत्येक सिगनल वर्कशाप में कितने कितने पर्यवेक्षक पद हैं; और

(ग) नियमित संवर्ग पर पर्यवेक्षक कर्मचारियों की पदोन्नति के अवसरों पर ऐसे कर्मचारियों की नियुक्ति से किस प्रकार प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क)

	उत्तर रेलवे	– 3	पूर्वोत्तर रेलवे	–	5
	पूर्व रेलवे	– कोई नहीं ।	दक्षिण पूर्व रेलवे	–	5
	मध्य रेलवे	– कोई नहीं ।			
(ख)	उत्तर रेलवे	– 24	पूर्वोत्तर रेलवे	–	23
	पूर्व रेलवे	– 61	दक्षिण पर्व रेलवे	–	13
	मध्य रेलवे	– 38			

(ग) आमतौर पर ये नियुक्तियां सिगनल कारखाने में उपयुक्त पर्यवेक्षक कर्मचारियों के अभाव में की जाती हैं। इसलिए यह कहा जा सकता कि इनसे कर्मचारियों की पदोन्नति सरणि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

Employment of Station Masters' Trainee

5745. Shri Onkar Lal Berwa : Will the Minister of Railways be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a large number of persons who had received Station Master's training are idle;

(b) if so, what are the prospects of their absorption;

(c) whether Government had offered them employment elsewhere: and

(d) the number of persons sitting idle after completing training at Kota on the Western Railway ?

The Minister of Railways (Shri C. M. Poonacha) : (a) to (c) No. In two instances, however, trained condidates have not got immediate appointments owing to non-materialisation of the anticipated vacancies. Such candidates would be absorbed against future vacancies. In order, however, to minimise the period of waiting, efforts are being made to employ them in alternative categories/Divisions to the extent feasible, subject to the willingness and suitablity of the candidates concerned.

(d) 12. Out of these 4 persons have recently expressed their willingness to take up alternative appointments and orders are being issued accordingly.

राजमहल स्टेशन

5746. श्री मरंडी : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बिहार के संथाल परगना जिले में राजमहल स्टेशन पर, जो उस राज्य का सबसे बड़ा फल वितरण केन्द्र है, व्यापारियों के लिए कुछ समय तक माल जमा करने की पर्याप्त सुविधायें नहीं हैं तथा उन्हें वर्षा आदि के कारण बहुत नुक्सान उठाना पड़ता है;

(ख) इस व्यापार के कारण रेलवे को प्रति वर्ष कुल कितनी आय होती है; और

(ग) क्या सरकार व्यापारियों की सुविधा में कुछ और सुधार करने के लिये विचार कर रही है, ताकि इससे और आय बढ़ सके ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) जी नहीं ।

(ख) पिछले तीन वर्षों में रेलवे को इस व्यापार के कारण निम्नलिखित वार्षिक आय हुई है :

		रुपये
1964	–	9,96,826
1965	–	2,62,749
1966	–	2,66,334

(ग) जी नहीं ।

मैसूर राज्य में रेल लाइनें

5747. श्री लकप्पा :
श्री हुचे गौडा :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रेलवे मंत्रालय ने मैसूर राज्य में 1962 से कितनी नई रेल लाइनों का सर्वेक्षण किया तथा उन्हें प्रायोजित किया;

(ख) क्या कुछ नई लाइनों का अब भी निर्माण हो रहा है;

(ग) यदि हां, तो उनका निर्माण कार्य कब तक पूरा होने की सम्भावना है; और

(घ) क्या उनका निर्माण-कार्य पूरा करने के लिये कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) । (क) से (घ) मैसूर राज्य में पूर्ण या आंशिक रूप से पड़ने वाली निम्नलिखित नयी रेलवे लाइनों का निर्माण तीसरी योजना की अवधि में करने की मंजूरी दी गयी थी और इनका सर्वेक्षण किया गया था :

(i) मंगलूर-हसन

(ii) बैंगलूरु-सेलम

इन दोनों नयी लाइनों का निर्माण-कार्य अभी चल रहा है । मंगलूर बन्दरगाह परियोजना के पूरा होने के साथ-साथ मगलूर-हसन लाइन का निर्माण-कार्य पूरा होगा । बैंगलूरु सेलम लाइन के मार्च, 1968 तक पूरा होने की आशा है ।

काडूर-सकलेशपुरा रेलवे लाइन

5748. श्री क० लकप्पा :
श्री हुने गोडा :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने को कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दक्षिण रेलवे में काडूर-सकलेशपुरा रेलवे का सर्वेक्षण कार्य पूरा हो चुका है:

(ख) यदि हां, तो सर्वेक्षण पर कितना खर्च हुआ है; और

(ग) यह परियोजना कब तक पूरी हो जाने की संभावना है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) और (ख) इस लाइन के लिए प्रारम्भिक इंजीनियरिंग और यातायात सर्वेक्षण 1955-57 में क्रमश: 2,75,327 और 47,592 रुपये कीं अनुमानित लागत से किये गये थे ।

(ग) इस प्रस्ताव को वित्तीय दृष्टिकोण से उचित नहीं समझा गया इसलिए छोड़ दिया गया ।

भुसावल-चालीसगांव और भुसावल खण्डवा स्टेशनों के बीच शटल गाडियां

5749. श्री राने : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गाड़ी की निम्नलिखित सेवायें जो युद्ध (द्वितीय विश्व युद्ध) से पहले उपलब्ध थी, अब उपलब्ध नहीं है (एक) भुसावल-चालीसगांव, (दो) भुसावल-खण्डवा और (तीन) भुसावल-बम्बई वी० टी०;

(ख) युद्ध से पूर्व इन स्टेशनों के बीच ऐसी कितनी गाड़ियां चल रही थीं जो छोटे स्टेशनों के यात्रियों को लाभ पहुंचाती थीं और इस समय वहां गाड़ियों की संख्या क्या है;

(ग) क्या सरकार भुसावल-चालीसगांव तथा भुसावल-खण्डवा सैक्शन पर छोटे स्टेशनों के यात्रियों के लाभ के लिये शटल गाड़ियां चलाने पर विचार कर रही है; और

(घ) क्या भुसावल और बम्बई वी० टी० के बीच प्रतिदिन एक गाड़ी चलाने पर भी विचार किया जा रहा है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) जी नहीं ।

(ख) युद्ध-पूर्व समय की तुलना में, भुसावल-चालीसगांव, भुसावल-खण्डवा और भुसावल-बम्बई वी० टी० खण्डों पर गाड़ियों की संख्या में कोई कमी नहीं हुई है, जैसाकि नीचे दिखाया गया है :—

खण्ड	छोटे स्टेशनों पर रुकने वाली गाड़ियों की सं०	
	युद्ध-पूर्व	वर्तमान
भुसावल–चालीसगांव	2	2
भुसावल–खण्डवा	3	3
भुसावल–बम्बई	2	2

(ग) और (घ) अभी नहीं ।

नई दिल्ली तथा बम्बई विक्टोरिया टर्मिनस स्टेशनों के बीच मेल/एक्सप्रेस जनता रेल गाड़ी का चलाया जाना

5750. श्री राने : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच हैं कि जनता द्वारा लगातार मांग किये जाने के बावजूद भी सेन्ट्रल रेलवे में झांसी भुसावल होती हुई नई दिल्ली और बम्बई विक्टोरिया टर्मिनस स्टेशनों के बीच कोई अतिरिक्त मेल/एक्सप्रेस जनता रेलगाड़ी नहीं चलाई गई है; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) और (ख) रास्ते में पड़ने वाले खण्डों पर अपेक्षित लाइन क्षमता की कमी तथा बम्बई वी० टी० और नयी दिल्ली में टर्मिनल सम्बन्धी सुविधाएं न होने के कारण झांसी-भुसवाल के रास्ते नयी दिल्ली और बम्बई वी०टी० के बीच एक अतिरिक्त गाड़ी चलाना परिचालन की दृष्टि से अभी व्यावहारिक नहीं है ।

अन्दमान द्वीप समूह के रबड़ उत्पादकों के लिये रबड़ बोर्ड

5751. **श्री नायनार :** क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार अन्दमान के रबड़ उत्पादकों के लिये एक पृथक रबड़ बोर्ड की स्थापना कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

वाणिज्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

मंदना रेलवे स्टेशन के निकट फाटक

5752. **श्रीमती सुशिला रोहतगी :** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मन्दना रेलवे स्टेशन कानपुर (उत्तर प्रदेश) उत्तर-पूर्वी रेलवे, के निकट एक रेलवे फाटक बनाने के बारे में कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है; और

(ख) यदि हां, तो इस अभ्यावेदन पर क्या कार्यवाही की गई है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) जी हां । प्रिंसिपल, बी० पी० एम० जी० इंटर कालेज, मन्घाना, कानपुर से एक अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है जिसमें छात्रों की सुविधा के लिए मन्घाना में समपार की व्यवस्था करने के लिए कहा गया है ।

(ख) इस मामले पर विचार किया जा रहा है ।

केन्द्रपाड़ा में पटसन के कारखाने

5753. **श्री स० कुण्डू :** **श्री श्रीनिवास मिश्र :**
श्री क० प्र० सिंह देव : **श्री बेघर बेहरा :**

क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उड़ीसा राज्य में केन्द्रपाड़ा और जालेसवर नगरों में पटसन के कारखानों की स्थापना के बारे में कोई परियोजना प्रतिवेदन तैयार किया गया है;

(ख) यदि हां, तो उस प्रतिवेदन का संक्षिप्त ब्यौरा क्या है; और

(ग) केन्द्रपाड़ा और जालेसवर में पटसन के कारखानों की स्थापना करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

वाणिज्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री मोहम्मद शफी कुरेशी) : (क) से (ग) भारत सरकार का उड़िसा में या अन्य कहीं पटसन के कारखाने स्थापित करने का कोई विचार नहीं है । इसलिये कोई परियोजना प्रतिवेदन तैयार नहीं किया गया है ।

दिल्ली की रेलवे बस्तियां में नागरिक सुविधायें

5754. **श्री कंवर लाल गुप्त :** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पहाड़गंज (स्टेडियम के सामने) और सब्जी मंडी रेलवे स्टेशन दिल्ली के निकट स्थित रेलवे बस्तियों में पर्याप्त नागरिक सुविधायें नहीं है;

(ख) क्या सरकार को इस बारे में कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं, और यदि हां तो उन में क्या लिखा हुआ है और उन पर क्या कार्यवाही की गई है;

(ग) क्या यह भी सच है कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से लेकर पुल मिठाई तक रेलवे लाइन के निकट अनेक झुग्गियां है;

(घ) क्या सरकार का विचार इन झुग्गियों को वहां से हटाने और झुग्गियों में रहने वाले लोगों को वैकल्पिक स्थान देने का है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) जी नहीं ।

(ख) जी हां । पहाड़गंज और सब्जीमंडी रेलवे स्टेशन के पास स्थित बस्तियों के सम्बन्ध में कुछ अभ्यावेदन मिले हैं । ये अभ्यावेदन प्रायः 'पैन' टाइप टट्टियों की जगह फ्लश टट्टियां बनाने. पानी के अतिरिक्त नल लगाने, अनधिकृत झुग्गियों को हटाने, सफाई की बेहतर व्यवस्था करने, बरसात में पानी इकट्ठा न हो इसके लिए जल निकासी का अच्छा प्रबन्ध करने और पुराने क्वार्टरों की मरम्मत के सम्बन्ध में थे ।

इन बस्तियों में विशेष कर रोशन आरा बाग की रेलवे बस्ती में, जहां प्राइवेट लोगों द्वारा डेरियां चलाने के कारण गंदगी रहती है, जल निकासी और सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए रेल प्रशासन ने नगर निगम से लिखा-पढ़ी की है । रोशन आरा बाग की स्थित बस्ती में फ्लश की छः टट्टियां अभी हाल में बनायी गयी हैं । क्वार्टरों की वार्षिक मरम्मत की जा चुकी है । पानी सप्लाई की स्थिति पर्याप्त समझी जाती है । पुराने अवमानक क्वार्टरों को कार्यक्रम के अनुसार बदलने के प्रस्तावों पर रेल प्रशासन कार्रवाई कर रहा है ।

(ग) जी हां ।

(घ) जी हां, झुग्गी वालों को हटाने का कार्यक्रम बनाया गया है । लेकिन उन झुग्गी वालों को वैकल्पिक स्थान देने की जिम्मेदारी, नगर निगम की है, जिनके पास जन-गणना पर्चियां है । वैकल्पिक स्थान की व्यवस्था करना नगर निगम की क्षमता पर भी निर्भर है ।

(ङ) ऊपर भाग (घ) के उत्तर को देखते हुए सवाल नहीं उठता ।

जापान को नमक का निर्यात

5756. **श्री आत्म दास :** क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत जापान को नमक का निर्यात कर रहा है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सप्लाई वस्तु विनिमय के आधार पर है;

(ग) यदि नहीं, तो इससे कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित होगी; और

(घ) क्या यह सप्लाई देश की नमक सम्बन्धी आवश्यकता को पूरा करने के बाद की जाती है ?

वाणिज्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री मोहम्मद शफी कुरशी) : (क) जी, हां ।

(ख) जी नहीं ।

(ग) 1966 (जुलाई) – 1967 (जून) – संविदा के अन्तर्गत भेजे गये माल के लिये लगभग 8.9 लाख डालर ।

(घ) जी हां

माइनिंग एण्ड एलाइड मशीनरी कारपोरेशन. दुर्गापुर

5757. **श्री उमानाथ :**
श्री ज्योतिर्मय बसु :
श्री भगवान दास :
श्री चक्रपाणि :
श्री अनिरुद्धन :
श्री सत्य नारायण सिंह :

क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1966:67 में माइनिंग एण्ड एलाइड मशीनरी कारपोरेशन दुर्गापुर को कुल कितने क्रयादेश मिले थे;

(ख) 1966-67 में इस कारपोरेशन का कुल उत्पादन कितना था;

(ग) क्या उत्पादन योजना के अनुसार उत्पादन पूरा नहीं हुआ; और यदि हां, तो इसके क्या कारण थे; और

(घ) उत्पादन की इस कमी को पूरा करने के लिए सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) माइनिंग तथा एलाइड मशीनरी कारपोरेशन लि० को 1966-67 में 18 करोड़ रुपये के मूल्य के 33,000 मी० टन के उपकरणों के आर्डर प्राप्त हुए ।

(ख) 6225 मी० टन ।

(ग) उत्पादन कार्यक्रम में विविधता लाने के कारण जिसके लिए तैयारी तथा औजारों आदि के लिए और अधिक समय दरकार था और ऐसे उत्पादों के जिनके कि सामूहिक उत्पादन के लिए सब तैयारी पूर्ण थी, पर्याप्त आर्डर न मिलने के कारण उत्पादन कार्यक्रम को पूरा न किया जा सका ।

(घ) उत्पादन कार्यक्रम के पुनर्गठन तथा इसमें विविधता लाने, तकनीकी विभागों के पुनर्गठन प्रक्रिया में संशोधन, उत्पादिता योजनाओं के ज़ारी किये जाने, उपकरणों के मानकीकरण, स्टाक आर्डरों की अपेक्षा, स्टैंडर्ड पुर्जों का नियमीत दलीय उत्पादन और कारीगरों तथा निरीक्षकों का प्रशिक्षण आदि यह इस स्थिति का सामना करने के लिए उठाए गए पंगों में से कुछ एक हैं ।

खनन तथा मशीनरी निगम लिमिटेड

5758. **श्री रमानी :**
श्री भगवान दास :
श्री ज्योतिर्मय बसु :
श्री नायनार :
श्री अब्राहम :
श्री उमानाथ :
श्री अनिरुद्धन :

क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 1967-68 के लिए खनन तथा मशीनरी निगम लिमिटेड के उत्पादन कार्यक्रम को अन्तिम रूप दे दिया गया है, यदि हां, तो कब;

(ख) उन उत्पादों के नाम क्या है जिनके डिजाइन अभी तैयार नहीं हुए हैं, और उन उत्पादों के उत्पादन की तैयारी सम्बन्धी योजना अभी तक पूरी नहीं हुई है; और

(ग) जिन वस्तुओं के लिए पहले ही आर्डर मिल चुके हैं उनके उत्पादन कार्यक्रम को पूरा करने के लिए सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) माइनिंग तथा एलाइड मशीनरी कारपोरेशन लि० के 1967-68 के उत्पादन कार्यक्रम का अन्तिमरुप अप्रेल 1967 में दिया गया ।

(ख) 3500 मी० टन के उपकरणों वाले बोकारो इस्पात संयन्त्र के इमारती ढांचों के नमूने ग्राहक की स्वीकृति की प्रतीक्षा कर रहे हैं । इसके अतिरिक्त अन्य 500 मी० टन के उपकरणों के नमूने अभी पूर्ण किये जाने है । बेल्ट तथा स्क्रेपर कन्वेयर सेन्ड हालेज, सीखों सहित फ्रिकशन प्राप कोमात्यु ट्रेक्टर मेन ऐकशियल फेन फ्रिकशधोंघे तथा इमारती ढांचे ऐसे उत्पाद है जिनके उत्पादन की तैयारी की योजना अभी पूर्ण नहीं हुई ।

(ग) उत्पादिता योजनाओं जारी के किये जाने, हथियारों को कम करने के लिए वस्तुओं का मानकीकरण और दूसरे तैयारी के काम और अन्य स्टेन्डर्ड वस्तुओं का स्टाक आर्डरों के आधार पर निर्माण ऐसे कदमों में से कुछ है जो कि स्थिति का सामना करने के लिए उठाए गए हैं ।

ट्रेक्टरों का निर्माण

5759. **श्री जार्ज फरनेन्डीज :**
श्री मधु लिमये :
श्री जे० एच० पटेल :
श्री सरजू पाण्डेय :

क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय कार्य** मत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कृषि के उपयोग में लाये जाने वाले ट्रेक्टरों का निर्माण करने वाले फर्मों की लाइसेंस शुद्वा क्षमता कितनी थी;

(ख) इन फर्मों में 1965-66 और 1966-67 में वास्तव में कितना निर्माण हुआ;

(ग) 1965-66 और 1966-67 में कितने ट्रेक्टर आयात किये गये;

(घ) आयातिती ट्रेक्टरों का मूल्य क्या था तथा वे किसानों को किस भाव बेचे गये; और

(ङ) देश में बने ट्रेक्टर किसानों को किस भाव पर बेचे गये ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद): (क) गैर सरकारी क्षेत्र में लाइसेंस प्राप्त 5 फर्में ट्रेक्टरों का उत्पादन कर रही है और उनकी कुल क्षमता 30 000 प्रतिवर्ष है ;

(ख) 1965-66 तथा 1966-67 में लाइसेंस प्राप्त एककों का ट्रेक्टरों का उत्पादन निम्न प्रकार था :

1965-66	5714 संख्या
1966-67	8818 संख्या

(ग) और (घ) 1965-66 तथा 1966-67 में राज्य व्यापार निगम के माध्यम से आयात किए गए ट्रेक्टरों का एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है। **[पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 1053/67]**

(ङ) देश में निर्मित ट्रेक्टरों का लक्ष्य स्थान पर रेल भाड़ा सहित बिक्री मूल्य निम्न प्रकार निश्चित किया गया है :

(1) ईचर ट्रेक्टर्स (26:5 एच. पी.)-17,836 रुपये

(2) इंटरनेशनल बी-275 एम. पी. कारमिक ट्रेक्टर्स (35 एच. फी.).....20,900 रु.

(3) मेसी फर्म्मसन ट्रेक्टर्स (35 एच. पी.).....20,838 रु.

(4)		34.5 अ० श०	19,500 रुपये
		28.0 अ० श०	15.032 रुपये
(5)	हिन्दुस्तान	35.0 अ० श०	16.110 रुपये
		50.0 अ० श०	21,880

ऊपर दिये गए मूल्य निम्न सम्बद्ध तथा सहायक पुर्जे भी सम्मिलित हैं :

(क) हाईड्रालिक लिफ्ट

(ख) थ्री प्वाइन्ट लिकेड़ा

(ग) पावर टेक आफ

(घ) प्रकाश के उपकरण जिनमें आगे की बतियां पीछे तथा दल के साथ लगी बतियां सम्मिलित हैं ।

(ङ) हथियारों का एक सेट

(च) बिजली का हार्न ।

पश्चिम रेलवे के सहायक निर्माण कार्य निरीक्षक

***5760. श्री जार्ज फरनेन्डीज :**
श्री मधुलिमये -
श्री जे० ए० पटेल :

क्या रेलदे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पश्चिम रेलवे में कार्य कर रहे ऐसे उन सहायक निर्माण कार्य निरीक्षकों की जिन्हें छंटनी के नोटिस दे दिये गये हैं, संख्या कितनी है;

(ख) नोटिस दिये जाने के क्या कारण हैं जबकि मंत्रालय सदा यह कहता रहा है कि वर्तमान कर्मचारियों की छंटनी नहीं होगी;

(ग) क्या सरकार का उन कर्मचारियों को जिन्हें छंटनी के नोटिस दिये गये हैं वैकल्पिक नौकरियां देने का विचार है; और

(घ) 18 जून, 1967 के बम्बई के 'भारत-ज्योति' में प्रकाशित नौकरी की सूचना संख्या 2/67-68 के अनुसार प्रस्तावित नई भर्ती का औचित्य क्या है ?

रेलवे मन्त्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) 54

(ख) और (ग) ये कर्मचारी अस्थायी परियोजना निर्माण-कार्यों के सम्बन्ध में भर्ती किये गये थे और अब काम पूरा हो जाने से तथा निर्माण प्रभारित पदों के अभ्यार्पण के फलस्वरूप सर्वेक्षण और निर्माण विभाग के संवर्ग में संकुचन के कारण ये कर्मचारी फालतू हो गये हैं । इन्हें अन्य रेलों पर इसी कोटि में खपाना संभव नहीं हो सका है । फालतू कर्मचारियों को वैकल्पिक नियुक्तियां देने के लिए उनको छांटने की कार्यवाही की गयी थीं और 16 को क्लर्क के रूप में तैनात करने के आदेश जारी कर दिये गये हैं । बाकी कर्मचारियों को जुलाई के तीसरे सप्ताह में छाँटा जायेगा । सम्बन्धित कार्मिकों को इसकी सूचना दे दी गई है ।

(घ) सहायक निर्माण-निरीक्षक नहीं, बल्कि यातायात प्रशिक्षु वर्ग के कर्मचारियों जैसे यातायात सिगनलरों, गार्डों, वाणिज्य क्लर्कों, टिकट कलेक्टरों और गाड़ी क्लर्कों की भर्ती के लिए नियोजन सूचना जारी की गई है । इन वर्गों में, कुछ फालतू सहायक निर्माण निरीक्षकों को ले लेने के बाद भी खाली जगहें रह जाने की सम्भवना है ।

आयात तथा निर्यात (नियन्त्रण) अधिनियम 1947 का उल्लंघन

5761. **जार्ज फरनेन्डीज :**
श्री मधु लिमये :
श्री जे० एच० पटेल :

क्या **वाणिज्य मन्त्री** 23 जून, 1967 के तारांकित प्रश्न संख्या 719 के उत्तर के सम्बन्ध में यह ताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आयात तमा निर्यात (नियन्त्रण) अधिनियम, 1947 की धारा 5 के अधीन मुकदमा चलाने की अनुमति कब दी गई थी;

(ख) उन व्यक्तियों के नाम क्या हैं जिनके विरुद्ध मुकदमा चलाया जायेगा; और

(ग) मुकदमा कब तक चलाने की सम्भावना है ?

वाणिज्य मन्त्रालय में उप-मन्त्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी) : पूना म्यूनिसपल ट्रांसपोर्ट अन्डरटेकिन्स, पूना के सम्बन्ध में अपराधों के कथित दोषी अधिकारियों और फर्मों के विरुद्ध मुकदमा चलाने की अनुमति आयात तथा निर्यात के मुख्य नियन्त्रण द्वारा 27 अप्रैल, 1967 को दी गई थी।

(ख) उन व्यक्तियों तथा फर्मों के नाम (और उनके साझीदारों तथा संचालकों के नाम) जिनके विरुद्ध मुकदमा चलाया जाना है, निम्नलिखित हैं :—

(क) श्री वी० डी० देसाई, पूना म्यूनिसपल ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिन्स. पूना के परिवहन प्रबन्धक।

(ख) मैसर्स वेस्टर्न आटोमोबाइल्स, पूना।

(ग) मैसर्स डीजल इण्डिया, बम्बई।

(घ) मैसर्स आटोमोटिव मैन्यूफैक्चर्स (प्रा०) लि०, बम्बई।

(ङ) मैसर्स एशियन ट्रेडर्स, पूना।

(च) मैसर्स हिन्द सेल्स कार्पोरेशन, पूना।

(ग) शिकायतें अतिरिक्त मुख्य प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट बम्बई के न्यायालय में दायर की गई है।

केरल खादी बोर्ड

5762. **श्री नायनार** क्या **वाणिज्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1965 तथा 1966 में केरल खादी बोर्ड को कितनी केन्द्रीय सहायता दी गई;

(ख) क्या सरकार को कोई शिकायत मिली है कि खादी बोर्ड ने इस राशि का उपयोग पक्षपाती अराजनैतिक उद्देश्यों से लिए किया है; और

(ग) यदि हां, तो सरकार ने इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की है ?

वाणिज्य मन्त्रालय में उप-मन्त्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी) : (क) खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग ने केरल खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड को 1965 में 46.24 लाख रु० तथा 1966 में 46.64 लाख रु० की राशि का ऋण तथा अनुदान दिया ।

(ख) सरकार को कोई ऐसी शिकायत नहीं मिली है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

रूसी ट्रैक्टरों का आयात

5763. **श्री गा० श० मिश्र :**
श्री गं० चं० दीक्षित :

क्या **वाणिज्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रूस में बने ट्रैक्टरों का आयात तथा वितरण करने के वाले अभिकरणों के नाम क्या हैं तथा उनके आयात और वितरण की प्रक्रिया क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि यदि वितरण छोटे व्यापारियों अथवा सहकारी समितियों के माध्यम से किया जाये तो किसान को मूल्य में काफी बचत होगी ।

(ग) क्या यह सच हैं कि बम्बई के एक वितरक ने वर्ष 1965 और 1966 में भोपाल मध्य प्रदेश में बेचे ट्रैक्टरों के बहुत ऊंचे दाम वसूल किये थे; और

(घ) यदि हां, तो उस फर्म की काली सूची में रखने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

वाणिज्य मन्त्रालय में उप-मन्त्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी) (क) और (ख) : राज्य व्यापार निगम द्वारा ट्रैक्टरों का आयात तथा वितरण भारत में रूसी मन्त्रालयों के निम्नलिखित चार अफिकारिवों की मारफत किया जाता है जो कि राज्य व्यापार निगम के भी वितरक हैं :—

(1) मैसर्स इन्डियन इंजीनिवरिंग एण्ड कमर्शियल कार्पोरेशन (प्राइवेट) लिमिटेड, बम्बई (पश्चिमी भारत) ।

(2) मेसर्स गाजियाबाद इंजीनियरिंग कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली (उत्तरी भारत) ।

(3) मैसर्स भारत इंडस्ट्रीज एण्ड कमर्शियल कार्पोरेशन कलकता (पूर्वी भारत) ।

(4) मैसर्स नेशनल इन्जीनियरिंग कम्पनी (मद्रास) प्राइवेट लिमिटेड, मद्रास (दक्षिणी भारत) । तथा

राज्य व्यापार निगम द्वारा वितरकों के साथ हुए करारों के अनुसार वितरक ट्रैक्टरों की बिक्री की व्यवस्था या तो सीधे ही अथवा उनके अपने चुने हुए स्थानों पर अपने उप-विक्रेताओं द्वारा करते हैं, परन्तु वे ट्रैक्टर राज्य व्यापार निगम द्वारा अनुमोदित मूल्यों से अधिक मूल्य पर नहीं बेचे जा सकते और किसानों को बिक्री के बाद भी सुविधाएं उपलब्ध करानी होती हैं। विदेशी संभरकों के प्राधिकृति अभिकर्त्ताओं को वितरक के रूप में नियुक्ति करने से यह लाभ है कि उन्हें विक्री के पश्चात सेवा, मरम्मत के लिये सुविधाएं, प्रत्याभूतियों के अन्तर्गत दावों का समजन और ट्रैक्टरों के समुचित प्रयोग के लिये कृषकों को प्रशिक्षण देने की सुविधाएं भी उपलब्ध होतो हैं। साधारणतया अभिकर्त्ताओं ने उप-विक्रेता नियुक्त किये हुए है जो वितरकों के प्रधान कार्यालयों से अधिक दूरी के किसानों को तात्कालित तथा सस्ती सेवा प्रदान करते हैं। ट्रैक्टर 'पहले आये पहले पाये' के सिद्धान्त के अनुसार बेचे जाते हैं। वितरकों को राज्य व्यापार निगम को नियमित रूप से बिक्री का ब्यौरा भेजना पड़ता है।

(ग) और (घ) राज्य व्यापार निगम को मध्य प्रदेश की राज्य सरकार से एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें मध्य प्रदेश को भेजे गये कुछ ट्रैक्टरों का अधिक मूल्य लेने का उल्लेख था। राज्य व्यापार निगम मामले की जांच कर रहा है।

कागज से ढकी हुई तांबे की पत्तियां बनाने का कारखाना

*5764. **श्री गा० शे० मिश्र :**
श्री गं० चं० दीक्षित :

क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश सरकार ने वर्ष 1962-63 में किसी समय मध्य प्रदेश राज्य उद्योग निगम को भोपाल में 2500 टन प्रति वर्ष की क्षमना वाला कागज से ढकी हुई तांबे की पत्तियाँ बनाने का एक कारखाना स्थापित करने के लिये औद्योगिक लाइसेंस दिये जाने के लिये आवेदन पव दिया था;

(ख) क्या वह लाइसेंस दिया जा चुका है; और

(ग) यदि नहीं, तो उक्त आवेदन-पत्र पर सरकार द्वारा क्या कार्ययाही की गई ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मन्त्री (श्री फकरुद्दीन अली अहमद) (क)से (ग) भारत हैवी इलेक्ट्रीकल्स भोपाल के सहायक के रूप में 1200 थन टन वार्षिक क्षमता के लिए कागज चढ़ी पट्टियों (कागज चढ़े कन्डक्टरों) के उत्पादन के लिए मध्य प्रदेश राज्य औद्योगिक निगम लि० को एक आक्षय पत्र जारी किया गया था। लाइसेंस निगम द्वारा विदेशी सहयोग के सन्तोष के अनुसार पूंजी जारी किये जाने के पश्चात दिया जाता था। फर्म ने एक पाली में 1200 टन के उत्पादन आधार पर मशीनों के आयात के प्रस्ताव भेजे थे। उनसे दो पाली के आधार पर इसी क्षमताके लिए अपने प्रस्तावों में संशोधन करने के लिए कहा गया था। उनके पुनरीक्षित प्रस्तावों की प्रतीक्षा है। संशोधित प्रस्ताव प्राप्त हो जाने के पश्चात ही औद्योगिक लाइसेंस जारी किए जाने पर विचार किया जाएगा। फर्म को विशेष रूप से बता दिया गया

है कि जब तक पूंजीगत माल के आयात की स्वीकृति नहीं मिल जाती तब तक आशय पत्र लाइसेंस नहीं बदला जा सकता है ।

तांबे की कमी

5765 **श्री गा० शं० मिश्र :**
श्री गं० चं० दीक्षित :

क्या **इस्पात, खान तथा धातु** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने भारत में तांबे और उसके मिश्र धातुओं का आयात बन्द कर दिया है;

(ख) यदि हां, तो क्या तांबे की कमी दूर हो चुकी हैं;

(ग) यदि हां, तो देश की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये औसत रूप में प्रति वर्ष कितने तांबे का आयात किया जाता है;

(घ) तांबे के स्थान पर प्रयोग की जा सकने वाली किसी और धातु की खोज का क्या परिणाम निकला है; और

(ङ) देश में तांबे की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिये क्या मिश्र धातु के रूप में एलमोनियम तैयार किया गया है ?

इस्पात, खान तथा धातु मन्त्री (डा० चन्ना रेड्डी) (क) तांबे का आयात बन्द नहीं किया गया है परन्तु तांबा सम्मिश्रित कुप्य धातुओं के आयात की स्वीकृति नहीं है ।

(ख) नहीं, महोदय ।

(ग) तांबा तथा सम्मिश्रित धातुओं के आयात मिला कर निम्नलिखित हैं---

वर्ष	मूल्य
1964-65	24 करोड़ रुपये
1965-66	33 करोड़ रुपये
1966-67 (फरवरी 1967 तक)	33 करोड़ रुपये

(घ) बिजली के सामान तथा तारें बनाने के उद्योगों में तांबे के स्थान पर एल्यूमिनियम अच्छी धातु सिद्ध हुई है ।

(ङ) सिक्के ढालने में तांबा तथा उसके सम्मिश्रित धातुओं के स्थान पर एल्यूमिनियम और सम्मिश्रित धातुओं का विकास किया गया है । सिक्कों की धातुओं भारू मिश्रित धातु स्थानापन्न पीतल तथा एल्यूमिनियम संवाहकों आदि में काम आने वाले तांबे के स्थान पर एल्यूमिनियम तथा सम्मिश्रित धातुएं प्रयोग करने हेतु विस्तृत तथा विकास अनुसंधान कार्य किया जा रहा है ।

उद्योगों का क्षेत्रीय असन्तुलन

5766. गा० शं० मिश्र :
श्री ग० चं० दीक्षित :

क्या औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि औद्योगीकरण की वर्तमान नीति देश के औद्योगीकरण में क्षेत्रीय असन्तुलन पैदा करने के लिये जिम्मेदार है;

(ख) क्या आवश्यकता से अधिक औद्योगीकृत एवं कम औद्योगीकृत क्षेत्रों तथा औद्योगिक क्षमता का तुलनात्मक उपयोग का पता लगाने के लिये सर्वेक्षण करने का सरकार का विचार है; और

(ग) चौथी पंचवर्षीय योजना के इस क्षेत्रीय असन्तुलन को समाप्त करने के लिये सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ।

औद्योगिक विकास तथा समवाय कार्य मन्त्री (श्री फकरुद्दीन अली अहमद) (क) से (ग) : एक विवरण साथ में नत्थी है ।

देश में सन्तुलित औद्योगिक विकास योजना के उद्देश्यों में से एक है और उद्योग (विकास तथा विनियमन) अधिनियम के अन्तर्गत लाइसेंस देते समय आर्थिक तथा तकनीकी धारणाओं को दृष्टि में रखते हुए सन्तुलित क्षेत्रीय विकास को ध्यान में रखा जाता है । जहां आवश्यक आर्थिक तथा तकनीकी कसौटी को छोड़े बिना संभव होता हैं वहां सरकारी परियोजनाओं की स्थापना में पिछड़े क्षेत्रों के दावों को ध्यान में रखा जाता है । राज्यों के कार्यक्रमों में वर्तमान औद्योगिक क्षेत्रों के विकास को ज़ारी रखने तथा विस्तार को अधिक महत्व दिया गया है । इस प्रकार की कार्रवाई से तथा औद्योगिक विकास निगम द्वारा सहायता प्रदान करने से आशा है कि पिछड़े क्षेत्रों में उद्योगों की स्थापना से औद्योगीकरण के फैलाव को आवश्यक प्रोत्साहन मिलेगा । कई उद्योगों जैसे सूती वस्त्र उद्योग तथा बिजली से चलने वाले करघों की स्थापना जिनका क्षेत्रीय विकास किया जा सकता है, चौथी पंचवर्सीय योजना के अतिरिक्त क्षमता राज्य वार की जा रही है और अन्य बातों के साथ साथ सम्बद्ध क्षेत्रों के पिछड़े पन को भी ध्यान में रखा जाता है ।

मैंगनीज अयस्क के निर्यात में कमी

5767. श्री गा० शं० मिश्र :
श्री गं० चं० दीक्षित :

क्या वाणिज्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय मैंगनीज अयस्क के निर्यात में कमी के कारण क्या हैं ।

(ख) मैंगनीज अयस्क के निर्यात में वृद्धि के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है; और

(ग) गत पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष भारत से कुल कितने मूल्य की मैंगनीज किस किस देश को निर्यात की गई ?

वाणिज्य मन्त्रालय में उप-मन्त्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी) : (क) निर्यात में गिरावट के कारण मुख्यत: निम्नलिखित हैं :—

(1) उपभोक्ता देशों के समीप पूर्ति के नये स्रोतों की उत्पत्ति ।

(2) उपभोक्ताओं की गृहीत खानों के उत्पादन में बढ़ौतरी ।

(3) तकनीकी उन्नति के फलस्वरूप इस्पात उत्पादन में मैंगनीज अयस्क पर अपेक्षाकृत कम निर्भर होना ।

(4) लोह मैंगनीज और इस्पात के उत्पादन में वृद्धि के कारण मैंगनीज अयस्क की अतिरिक्त मांग में बढ़ोतरी । तथा

(5) मैंगनीज अयस्क की बिक्री के ढंग का वस्तु विनिमय के बजाय नकद बिक्री में बदला जाना ।

(ख) नये बाजार ढूंढ़ने/पुन: प्राप्त करने अथवा पुराने बाजारों को बनाये रखने के लिये विभिन्न महत्वपूर्ण मैंगनीज अयस्क उपभोक्ता देशों में अभिकरणों की व्यवस्था की गई है । अच्छे व्यापारिक सम्बन्ध बनाये रखने तथा बिक्री सम्भावनाओं का पता लगाने के लिये समय समय पर भारतीय खनिज तथा धातु व्यापार निगम के प्रतिनिधि मन्डल मैंगनीज अयस्क के प्रमुख उपभोक्ता देशों का दौरा करते हैं । निर्यात के लिये मैंगनीज अयस्क का उत्पादन बढ़ाने के लिये ऋण सुविधाएं तथा तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराने की कार्यवाही की जा रही है ।

(ग) एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है । **[पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 1054/67]**

निर्यात

5768. श्री गा० चं० दीक्षित :
श्री गं० श० मिश्र :

क्या **वाणिज्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में इस समय निम्नलिखित भारतीय वस्तुओं का व्यापारिक स्थिति क्या है ;—

चाय, चीनी, पैट्रोलियम-रसायन पटसन, लोहा और इस्पात, मसाले, इन्जीनियरी सामान कपड़ा, कॉपी, मेवा, सन्तरे, केले इत्यादि, लकड़ी की वस्तुएं, हस्तशिल्प की वस्तुएं, औषध तथा दवाइयां, चल चित्र और चमड़े का सामान;

(ख) उक्त उत्पादों में से किन किन को बाजार में मन्दी का सामना करना पड़ रहा है; और

(ग) निर्यात को बढ़ावा देने के लिये सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

वाणिज्य मन्त्रालय में उप मन्त्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी) : (क) 1966-67 में लोहे तथा इस्पात, ताजे फलों और हस्तशिल्प की वस्तुओं के निर्यात में वृद्धि का रुख रहा। पटसन, चाय, सूती वस्त्रों, मसालों, कापी, मेवा, औषधियों, चलचित्रों तथा चमड़े के सामान के निर्यात में गिरावट आई। 1966-67 में इन्जीनियरी सामान का निर्यात लगभग गत वर्ष जैसा ही रहा। चीनी तथा पेट्रोलियम के निर्यात पर आन्तरिक कमी का प्रभाव पड़ा है।

(ख) चीनी को बाजार में मन्दी का सामना करना पड़ रहा है। काफी के मूल्य अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में गिर गये है;

(च) निर्यात को बढ़ावा देने के लिये सरकार द्वारा निम्नलिखित कार्यवाही की गई है:—

(1) पंजीबद्ध निर्यातकों के लिये एक आयात नीति शुरू की गई।

(2) चुने हुए उत्पादों के निर्यात पर नगद सहायता।

(3) निर्यात उत्पादों के लिये रियायती दरों पर लोहा तथा इस्पात देने के लिये एक अन्तरउद्योग व्यवस्था।

(4) निर्यात उत्पादन के लिये देशी कच्चे माल के लिये ग्रीन फार्म का आवटन।

(5) ताजे फलों के निर्यात सम्बर्धन के लिये एक केला तथा फल विकास निगम लि०, की स्थापना।

(6) पटसन के सामान के निर्यात शुल्क में कमी।

(7) चाय बागान उद्योग को नये पोधे लगाने तथा पुनर्रोपण के लिये विकास भत्ते जैसी रियायतें।

(8) निर्यात पर शुल्क की वापसी।

(9) रेल भाड़े में रियायत।

(10) अन्य सामान्य उपाय जैसे विदेशी प्रदर्शिनियों में भाग लेना तथा विदेशों में प्रचार करना।

मध्य प्रदेश से निर्यात

5769. **श्री ग० चं० दीक्षित :**
श्री ग० शं* मिश्र :

क्या वाणिज्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या निर्यात में मध्य प्रदेश का योगदान अन्य राज्यों की तुलना में कम है और यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या राज्य की निर्यात क्षमता का पता लगाने के लिये सरकार द्वारा कोई सर्वेक्षण किया गया है;

(ग) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है; और

(घ) मध्य प्रदेश में उपलब्ध कच्चे माल के निर्यात को बढ़ाने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

वाणिज्य मन्त्रालय में उप मन्त्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी) : (क) से (घ) जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के खनज क्षेत्र

5770. श्री गं० च० दीक्षित :
श्री गा० शं० मिश्र ।

क्या **इस्पात, खान तथा धातु मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों में भारत सरकार द्वारा अपने उपयोग के लिये मैंगनीज, कोयला, मिट्टी और डोलामाइट निकालने के लिये सुरक्षित रखे गये खनन क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में और मध्य प्रदेश के दक्षिण-पश्चिमी भाग में मेंगनीज और कोयले की बहुत सी खानें ऐसी हैं जो आर्थिक दृष्टि से अलाभकारी हो गई हैं और बन्द होने वाली है जिससे हजारों कर्मचारी बेरोजगार हो जायेंगे; और

(ग) यदि हां, तो सरकार खनन के लिये नये क्षेत्रों को पट्टे पर क्यों नहीं दे रही है ?

इस्पात, खान तथा धातु मन्त्री (डा० चन्ना रेड्डी) : (क) मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों में मेंगनीज और डोलामाइट को सरकारी क्षेत्र में विदोहन करने के लिये आरक्षित क्षेत्रों की जानकारी एक विवरण में दी गई है जिसे सदन के पटल पर रखा जाता है। **[पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 1055/67]** मिट्टी और कोयले के कोई क्षेत्र मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में सरकारी क्षेत्र में विदोहन के लिये आरक्षित नहीं है। तथापि केन्द्रीय सरकार ने मध्य प्रदेश के शाहदोल, सुरगुजा और सिद्धी जिलों तथा महाराष्ट्र के नागपुर जिले की उमरेर और सिलवाड़ा कोयला खानों वाले कोयला उत्पादित करने के क्षेत्रों को निगम द्वारा विदोहन के लिये अवाप्त कर लिया है ।

(ख) मध्य प्रदेश की मेंगनीज तथा कोयला खानों के बन्द होने की राज्य सरकार को कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है । तथापि 1962-66 के दौरान महाराष्ट्र राज्य में मेंगनीज की 102 खानें अयस्क संचयों की समाप्ति या मांग की कमी और खानों के अमितव्ययी खनन के

कारण बन्द कर दी गई थीं। राज्य की एक कोयला खान भी खनन प्रबन्ध की कुछ कठिनाइयों के कारण बन्द कर दी गई थी ।

(ग) मेंगनीज उत्पादन करने वाले उन क्षेत्रों की जानकारी का एक विवरण सदन के पटल पर रखा जाता है जिन्हें सरकारी क्षेत्र में विदोहन करना अमितव्ययी समझा गया और जो इस कारण निजी पक्षों को विदोहन के लिये खुले रूप से छोड़ दिये गये हैं । मध्य प्रदेश में इस प्रकार के मेंगनीज उत्पादन करने वाले क्षेत्र निजी पक्षों द्वारा खनन के लिये आरक्षित नहीं किये गये हैं । ऐसा महसूस किया गया कि इन क्षेत्रों का खनन कार्य सरकारी क्षेत्र में करना राष्ट्रीय हित में होगा ।

Fluorite Mineral in Dungarpur

5772. Shri Onkar Lal Berwa : Will the Minister of Steel Mines and Metals be pleased to state :

(a) whether it is a fact that no satisfactory progress has been made so far in regard to the scheme formulated many years ago for mining fluorite mineral in Mandav Pal area of Dungarpur;

(b) if so, whether it is due to lack of finances; and

(c) whether it is also a fact that the implementation of this scheme would provide employment opportunities to Adivasis ?

The Minister of Steel, Mines and Metals (Dr. Channa Reddy) : (a) to (c) The required information is being collected and will be laid on the Table of the House.

Dungarpur-Galiakot-Banswara-Ratlam Railway Line

5773. Shri Onkar Lal Bohra : Will the Minister of Railways be pleased to state :

(a) whether the preliminary survey of Dungarpur-Galikot-Banswara-Ratlam railway line has been completed;

(b) if so, when the detailed survey thereof would be undertaken; and

(c) whether any report of its survey has been received and if so, whether a copy thereof would be laid on the Table ?

The Minister of Railways (Shri C. M. Poonacha) : (a) Engineering and Traffic Surveys for a M. G. line between Ratlam and Galiakot via Banswara were carried out in 1926. Also Reconnaissance engineering and traffic surveys for a railway line, for both M. G. and B. G. alternatives, connecting Dungarpur with Ratlam via Banswara were carried out in 1956-57.

(b) As this line is not likely to be considered for inclusion in the Fourth Five Year Plan on account of its unremunerativeness as revealed by the Preliminary Survey, there is no proposal to undertake a detailed survey for it in the near future.

(c) The Survey Reports for this line were received by the Railway Board in 1957. Copies of Survey reports of Railway projects are generally not laid on the Table of the House as they are highly technical in nature, are very voluminous and meant for departmental use only and not for publication. These are also treated as confidential documents and very limited number of copies, as necessary, are made out.

Production in Zinc Separater Factory (Udaipur)

5774. **Shri Onkar Lal Berwa :** Will the Minister of Steel, Mines and Metals be pleased to state :

(a) whether production has not been started in the Zinc Separater factory at Debari near Udaipur in spite of its having been taken over by the Central Government more than two years ago, whereas production of Zinc separater has started in Kerala even though the work was started at a later date; and

(b) the terms settled for payment of compensation to Metal Corporation and the time by which its capital would be evaluated ?

The Minister of Steel, Mines and Metals (Dr. Channa Reddy) : (a) The undertaking of the Metal Corporation of India Limited, which included the Zinc Smelter under construction at Debari near Udaipur, was acquired by the Central Government on 22-10-1965. Since then, effective steps have been taken to complete the construction of the Zinc Smelter and development of the mines. The important measures taken in this connection are (i) the conclusion of new agreements for resumption of shaft-sinking work at the mines and technical consultancy services by the French firms for construction of Zinc Smelter, (ii) bringing to the site mining equipment worth about Rs, 80 lakhs which were lying at the Bombay Port for about two years, erecting and installing the same. (iii) discharge of liabilities to the extent of about Rs, 6.93 crores contracted by the previous management and (iv) undertaking of extensive construction and development work. As a result of these measures, the construction of the Zinc Smelter is nearing completion and it is expected that it will go into production by the end of this year. The Zinc Smelter which has been set up in Kerala is based on imported zinc concentrates. That project does not involve development of a captive mine for production of ore or the installation of concentration equipment for producing zinc concentrates to feed the smelter. The two cases are, therefore, hardly comparable.

(b) The compensation to the Metal Corporation of India Limited for the acquisition of its undertaking is to be determined in accordance with the provisions of the Metal Corporation of India (Acquisition of Undertaking) Act, 1966 (No, 36 of 1966). Action has already been initiated to determine the quantum of compensation payable to the Corporation but it is not possible to state at this stage when the compensation will be finally settled.

मेरठ और नई दिल्ली के बीच तेज रेलगाड़ियों का चलाया जाना

5775. **श्री हरदयाल देवगुण :** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली और आगरा के बीच 100 मील प्रति घंटा की रफ्तार से चलने वाली रेलगाड़ियां चलाने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो इस प्रस्ताव को कब क्रियान्वित करने की सम्भावना है; और

(ग) क्या सरकार का विचार लाखों दैनिक यात्रियों को लाने-ले-जाने के लिये प्रातः मेरठ से नई दिल्ली तक और सायं नई दिल्ली से मेरठ तक तेज रफ्तार वाली रेलगाड़ियां चलाने का भी है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) इस तरह का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ख) सवाल नहीं उठता ।

(ग) अभी इस तरह का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

मेरठ और गाजियाबाद से नई दिल्ली को चलने वाली शटल गाड़ियां

5776. **श्री हरदयाल देवगुण :**
बश्री लराज मधोक :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मेरठ और गाजियाबाद से नई दिल्ली को आने वाली शटल गाड़ियों में बहुत अधिक भीड़ रहती है;

(ख) क्या सरकार का गाजियाबाद से एक और शटल गाड़ी चलाने का विचार है; और

(ग) यदि हां, तो कब से ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) जी हां । मेरठ नगर/गाजियाबाद से नयी दिल्ली जाने वाली गाड़ियों में कुछ भीड़-भाड़ रहती है ।

(ख) फिलहाल नहीं ।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता ।

गाजियाबाद और तुगलकाबाद के बीच रेलवे लाइन

5777. **श्री हरदयाल देवगुण** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गाजियाबाद से तुगलकाबाद तक नई रेलवे लाइन यात्री यातायात के लिये कब तक खोलने का विचार है; और

(ख) माल यातायात के लिये यह लाइन कब खोली गई थी ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) और (ख) गाजियाबाद और तुगलकाबाद के बीच माल परिहार लाइन माल यातायात के लिए 15-11-1966 को खोली गयी । दूसरे यमुना पुल के ऊपर से होकर नयी दिल्ली और गाजियाबाद के बीच वाला इस लाइन का भाग यात्रियों के सार्वजनिक परिवर्तन के लिए 13-3-1967 को खोला गया । चूंकि माल परिहार लाइन का मुख्य उद्देश्य माल गाड़ियों के लिए एक उपमार्ग की व्यवस्था करना है और इस लाइन के लिए निजामाबाद, ओखला और तुगलकाबाद पर यात्रियों के लिए प्लेटफार्म सम्बन्धी सुविधाओं की कोई व्यवस्था नहीं है, इसलिए इस समय दूसरे यमुना पुल और तुगलकाबाद के बीच वाले भाग को यात्री यातायात के लिए खोलने का कोई विचार नहीं है ।

भीलाखेड़ी यार्ड तथा इटारसी रेलवे स्टेशन

5778. श्री नीतिराज सिंह चौधरी : क्या रेलवे मत्री 26 मई, 1967 के अतारांकित प्रश्न संख्या 624 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भीलाखेड़ी और इटारसी के बीच तथाकथित पक्की सड़क बनाने पर कितना धन व्यय किया गया तथा यह सड़क कब बनाई गई थी;

(ख) इस सड़क की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या यह सड़क इटारसी नागपुर लाइन पर पुलिया संख्या 647/1 के नीचे से गुजरती है;

(घ) क्या उन्हें मालूम है कि इस पुलिया के नीचे की सड़क वर्षा के दिनों जलमग्न रहती है;

(ङ) क्या एक दूसरी सड़क बनाई जा रही है जो इसके उत्तर की ओर रेलवे लाइन के साथ-साथ जायेगी; और

(च) यदि हां, तो इसके क्या कारण है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) 1,27,829 रुपये। यह सड़क 1961–62 में बनायी गयी थी।

(ख) इस सड़क की मौजूदा हालत अच्छी है।

(ग) यह सड़क कि० मी० 746/1–2 पर पुलिया नं० 746/1 से होकर गुजरती है।

(घ) इस पुलिया के नीचे सड़क बरसात के पूरे मौसम में नहीं, बल्कि भारी वर्षा होने पर कुछ समय के लिए पानी में डूबी रहती है।

(ङ) जी हां।

(च) पुरानी सड़क इटारसी स्टेशन के दक्षिण में स्थित रेलवे बस्ती को भीलाखेड़ी यार्ड से मिलाती है। यह यार्ड भी मुख्य लाइन के दक्षिण में है। नयी सड़क इसलिए बनायी जा रही है ताकि इटारसी शहर से लगी रेलवे बस्ती का उत्तरी भाग भीलाखेड़ी यार्ड से जुड़ जाये और रेल कर्मचारियों को सुविधा हो।

खनिजों के लिये वैमानिक सर्वेक्षण

5779. श्री चिन्तामणि पाणिग्रही : क्या इस्पात, खान तथा धातु मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या खनिज संसाधनों का पता लगाने के लिये वैमानिक सर्वेक्षण करने के लिये एक अमरीकी फर्म को दिये गये ठेके का कोई लाभ हुआ है; और

(ख) यदि हां, तो इस फर्म को अब तक कितना धन दिया गया है ?

इस्पात, खान तथा धातु मंत्री (डा० चन्ना रेड्डी) : (क) इस कार्यक्रम के अन्तर्गत जो कार्य करने का विचार था वह अभी शुरू नहीं हुआ है। कार्यक्रम की पहली अवस्था, अर्थात् हवाई सर्वेक्षण, 19 जौलाई, 1967 से आरम्भ होने हैं। अत: अभी इसके परिणामों पर सोचने का उपयुक्त समय नहीं हुआ है।

(ख) ठेके की शर्तों के अनुसार ठेकेदार को 12,89,000 रुपये की राशि धरोहर पेशगी के रूप में भारत में स्थानीय व्यय करने के लिये दे दी गई है।

इस्पात का आयात

5780. श्री चिन्तामणि पाणिग्रही : क्या इस्पात, खान तथा धातु मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि।

(क) क्या वर्ष 1965--66 में 98 करोड़ रुपये के इस्पात का आयात किया गया था;

(ख) यदि हां, तो उसका कैसे उपयोग किया गया; और

(ग) क्या ऐसे आयातों को कम करने के उपाय किये गये हैं ?

इस्पात, खान तथा धातु मंत्री (डा० चन्ना रेड्डी) : (क) 1965–66 में लगभग 89.60 करोड़ रुपये के इस्पात का आयात किया गया था।

(ख) आयात सरकार के विभिन्न विभागों, सरकारी संस्थानों और उद्योग के वास्तविक उपभोक्ताओं के लिए किया गया था।

(ग) आजकल इस्पात की जिन वस्तुओं का आयात किया जा रहा है, उनका देश में उत्पादन करने के लिए निरन्तर प्रयत्न किये जा रहे हैं।

House Rent Allowance to Railway Employees

5781. Shri Ramavatar Shastri :
Shri Yogendra Sharma :
Snri K. M. Madhukar :

Will the Minister of Railways be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Railway employees working in the classified cities, eight kilometors within the boundaries of the Corporation or Municipalities or whose office is situated within this area, are not paid house rent allowance, whereas other Government employees putting up in classified cities are paid house rent allowance;

(b) whether 272 Railway workers employed at Danapur on the Eastern Railway have submitted a memorandum to him and appealed to him to sanction house rent allowance to the Railway workers putting up in Khagaul (Danapur), Arrah, Danapur, Phulwari Shariff and Parsa Bazar on the above lines; and

(c) if so- decision taken thereon ?

The Minister of Railways (Shri C. M. Poonacha) : (a) The principles governing the grant of House Rent Allowance to Railway servants are the same as are applicable to

other Central Government employees, viz., house rent allowance is granted to railway servants working in the classified cities. House Rent Allowance to Railway servants working within a distance of 8 kilometers from the periphery of the municipal limits of a qualified city is admissible only if the staff :

(i) have to reside within the qualified city out of necessity, i. e., for want of accommodation nearer their place of duty; and

(ii) reside outside the municipal limits of the qualified city but it is certified by the Collector/Deputy Commissioner that the place is generally dependent for essential supplies, e. g. e foodgrains, milk, vegetables, etc., on the qualified city.

Sanction in respect of Railway servants working out side the municiple limits of classified cities, has already been issued in as many as 115 places, However, in respect of a few other cases the matter is under consideration of the Railway Administrations in consultation with the Civil Authorities whether the conditions for the grant of House Rent Allowance are fulfilled.

(b) and (c) The information is being collected and will be placed on the table of the Sabha in due course. However, Danapur has recently been classified as a 'C' class city with effect from 1-4-1967

स्कूटरों और मोटर साइकिलों का निर्माण

5782. श्री यज्ञदत्त शर्मा : क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत पांच वर्षों में किन-किन फर्मों को स्कूटर मोटर-साइकिल तथा आटो-साइकिल बनाने के लाइसेंस दिये गये हैं;

(ख) किन-किन फर्मों ने अभी तक निर्माण आरम्भ नहीं किया है; और

(ग) वे फर्म अनुमानतः कब निर्माण आरम्भ करेंगी तथा उनके स्कूटर मोटर-साइकिल किस किस्म (मेक) के होंगे तथा उनके मूल्य क्या होंगे ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) पिछले पांच वर्षों की अवधि में स्कूटर/मोटर-साइकिल तथा आटो-साइकिलों के निर्माण के लिए कोई लाइसेंस नहीं दिया गया है ।

(ख) और (ग) प्रश्न ही नहीं उठते ।

रेलवे द्वारा भूमि का अर्जन

5783. श्री दे० अमात : क्या **रेलवे मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नई लाइनें बिछाने के लिये अर्जित एक ही प्रकार की भूमि की प्रतिकर की दरें बोंडामूंडा (दक्षिण पूर्व रेलवे) और डुमराव (पूर्व रेलवे) स्टेशनों पर भिन्न-भिन्न हैं;

(ख) यदि हां, तो एक ही प्रकार की भूमि के लिये बिहार और उड़ीसा में पृथक-पृथक कितनी-कितनी राशि दी गई है; और

(ग) इसके क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) से (ग) भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1894 के अधीन, राज्य सरकार के जरिये रेलवे जमीन खरीदती है और उसका मुआवजा कलक्टर द्वारा दिया जाता है। पिछले 10 वर्षों में डुमराव (पूर्व रेलवे) में कोई जमीन नहीं खरीदी गयी है, इसलिए बोंडामुंडा (दक्षिण पूर्व रेलवे) में जिन दरों पर जमीन खरीदी गयी उनसे तुलना नहीं की जा सकती।

घरेलू काम में आने वाले कोयले के मूल्य

5784. श्री सु० कु० तापड़िया : क्या **इस्पात, खान तथा धातु** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मद्रास, हैदराबाद, कलकत्ता, कानपुर, दिल्ली तथा बम्बई में बिक रहे विभिन्न प्रकार के घरेलू काम में आने वाले कोयले के तुलनात्मक मूल्य क्या हैं;

(ख) इन विभिन्न प्रकार के कोयलों के ताप का तुलनात्मक विश्लेषण क्या है तथा प्रत्येक प्रकार के कोयले की औसत लागत क्या है; और

(ग) इनकी सप्लाई में कितना रेल भाड़ा लगता है ?

इस्पात, खान तथा धातु मंत्री (डा० चन्ना रेड्डी) : (क) घरेलू कोक अब दो वाणिज्य रूपों में उपलब्ध है, अर्थात्—

1. पश्चिमी बंगाल/बिहार कोयला खानों के कोयले को खुले रूप से चट्टा बांध कर जलाने की पद्धति से बनाया गया साफ्ट कोक।

2. नेवेली, मद्रास राज्य के लिग्नाइट (लेको) से अभिशोधित ब्रिकिट्स।

विभिन्न केन्द्रों पर साफ्ट कोक का मूल्य निम्न प्रकार है :—

मद्रास	99.91	रुपये प्रति टन
हैदराबाद	105	रुपये प्रति टन
कलकत्ता	67	रुपये प्रति टन
कानपुर	88.60	रुपये प्रति टन
दिल्ली	101.02	रुपये प्रति टन
बम्बई	99.95	रुपये प्रति टन

नेवेली से लिग्नाइट ब्रिक्ट्स का मूल्य लगभग 160 रुपये प्रति टन है। मद्रास में बाजार भाव 9.40 रुपये प्रति बोरी है (40 किलो भार)

(ख) पश्चिमी बंगाल/बिहार खानों से उत्पादित साफ्ट कोक की ऊष्म अर्हा 3500 से 5500 के० काल/केजी० के बीच में है। 'लीको' की ऊष्म अर्हा की दर 6250 से 7020 के० काल/केजी० है।

साफ्ट कोक के उत्पादन की लागत कोयला खानों में अलग-अलग है। कोई यथार्थिक अनुमान प्राप्त नहीं है। तथापि कोयले मुहानों पर साफ्ट कोक का मूल्य 36.29 रुपये प्रति टन है। नेवेली का 'लीको' प्लांट अपनी पूर्ण क्षमता पर काम नहीं करता रहा है। अतः अभी उत्पादन की लागत के यथार्थिक आंकड़े नहीं दिये जा सकते।

(ग) रेल भाड़े का भाग निम्न प्रकार है जिसमें भाड़े पर 6 प्रतिशत अनुपूरक प्रभार भी शामिल है :—

से	तक	रेल भाड़ा	अनुपूरक प्रभार	समस्त
धनबाद	मद्रास	42.10 रु०	2.53 रु०	44.63 रु०
,,	हावड़ा	12.14 रु०	0.73 रु०	12.87 रु०
,,	हैदराबाद	39.80 रु०	2.39 रु०	42.19 रु०
,,	कानपुर	24.00 रु०	1.44 रु०	25.44 रु०
,,	दिल्ली	32.90 रु०	1.97 रु०	34.87 रु०
,,	बम्बई	43.65 रु०	2.62 रु०	46.27 रु०

आन्ध्र प्रदेश में ऊपरी तथा निचले पुल

5875. श्री द० ब० राजू : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आन्ध्र प्रदेश की सरकार द्वारा 1967–68 में कितने ऊपरी और निचले पुलों का निर्माण कार्य आरम्भ किये जाने का प्रस्ताव है;

(ख) उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस कार्य के लिये कितनी राशि नियत की गई है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) नो।

(ख) और (ग) एक विवरण सभा-पटल पर रख दिया गया है। **[पुस्तकालय में रखा गया, देखिये संख्या एल० टी० 1056/67]**

भीमवरम टाउन रेलवे स्टेशन

5786. श्री द० ब० राजू : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दक्षिण-मध्य रेलवे के भीमवरम टाउन रेलवे स्टेशन पर यात्रियों से प्रति दिन औसतन कितनी आय होती है;

(ख) प्लेटफार्म पर यात्रियों को क्या-क्या सुविधायें उपलब्ध है;

(ग) क्या प्लेटफार्म पर सीमेन्ट की पटरी बनाई गई है; और

(घ) यदि नहीं, तो इस मामले में क्या कार्यवाही की गई है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) भीमवरम टाउन रेलवे स्टेशन पर यात्रियों से प्रति दिन औसतन 1,815 रुपये की आय होती है ।

(ख) प्लेटफार्म पर निम्नलिखित सुविधाएं उपलब्ध हैं :

वहां एक ऊंचा प्लेटफार्म बना हुआ है जिसकी लम्बाई 630 फुट है और उस पर मोरम बिछा हुआ है । वहां सीमेंट कंक्रीट की छः बेंचें और एक सिरे पर चार शौचालय हैं । प्लेटफार्म पर बिजली लगी है ।

(ग) जी नहीं, सीमेन्ट की पटरी नहीं बनायी गयी है ।

(घ) प्लेटफार्म पर सीमेन्ट की पटरी लगाने का अभी कोई विचार नहीं है ।

नेशनल इंस्ट्रूमेंट्स लिमिटेड

5787. **श्री दी० चं० शर्मा :**
श्री क० प्र० सिंह देव :
श्री प्र० के० देव :
श्री अ० दीपा :
श्री म० माझी :

क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नेशनल इंस्ट्रमेंट्स लिमिटेड, जादबपुरा के जो एक सरकारी उपक्रम है, कर्मचारियों ने केन्द्रीय सरकार से इस उपक्रम को परिसमापन के लिये अपील की है;

(ख) यदि हां, तो क्या इस मामले की जांच की गई है; और

(ग) इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गई है ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) से (ख) आजकल इंजीनियरी उद्योग में आये सामान्य मंदी के कारण और रेलवे और सरकार के दूसरे विभागों के कार्यक्रमों में सुस्ती आने के कारण नेशनल इन्स्ट्रूमेंट्स लिमिटेड को अपनी कई वस्तुओं जैसे लेवेल डम्पी, लेवेल इन्जीनियरी ओर प्रेजमेटिक कम्पास के उत्पादन में कटौती करनी पड़ी । डाक्टरी थर्मामीटरों का उत्पादन घाटे की वस्तु था और इसलिए कम्पनी के प्रबन्धक इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि इस वस्तु को कम्पनी के उत्पादन कार्यक्रम में सम्मिलित न किया जाए और यह निश्चय किया गया कि इसके उत्पादन पर लगे व्यक्तियों को कारखाने के दूसरे विभागों में लगा दिया जाये । इसी संदर्भ में ही कम्पनी के कर्मचारियों ने एक ज्ञापन

The Committee on Private Members Bills and Resolutions

आठवां प्रतिवेदन

Shri Hardayal Devgun (East Delhi) : Sir, I beg to move :

"That this Honse agrees withthe Eighth Report of the Committee on Private Members' Bills and Resolutions presented to the House on the 12th July, 1967."

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि यह सभा गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों सम्बन्धी समिति के आठवें प्रतिवेदन से जो सभा में 12 जुलाई, 1967 को उपस्थापित किया गया था, सहमत है"।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted

तिब्बत के बारे में संकल्प–जारी

Resolution re : Tibet—Contd.

श्री नायनार (पालघाट) : भारत ने तिब्बत पर चीन का प्रभुत्व 1954 में स्वीकार किया था। मेरे माननीय मित्र श्री गोयल ने कहा कि 1913 तक तिब्बत स्वतंत्र देश था। मैं इसके पूर्व इतिहास में नहीं जाना चाहता कि परन्तु मैं यह बताना चाहता हूं कि माननीय सदस्य ने जो कुछ कहा है वह ठीक नहीं है। सन् 710 से तिब्बत ने चीन ने सम्बन्ध स्वीकार किया और धीरे धीरे वह उसका अंग बन गया। अंग्रेजी शासकों ने भी तिब्बत चीन का एक भाग माना है। वे इसे चीन का अधिराज्य समझते थे।

कुछ माननीय सदस्यों ने यह कहा है कि चीन ने 1950 में तिब्बत पर हमला किया और वहां के लोगों तथा उनके धर्म को नष्ट करना आरम्भ किया। पुर्तगालियों ने भी यही तर्क दिया था कि भारतीय सेना ने गोआ पर हमला किया। ऐसी बातें कह कर तो हम उनके तर्क का ही समर्थन कर रहे हैं। बर्मा और लंका 1935 में भारत से अलग कर दिये गये थे। क्या हम कह सकते है कि बर्मा और लंका भारत के अंग हैं? हम ऐसा नहीं कह सकते। हमें कुछ ऐतिहासिक तथ्यों को मानना पड़ता है।

तिब्बत में दलाई लामा के शासन काल में 80 प्रतिशत जनसंख्या किसानों तथा चरवाहों की थी और 200,300 कुलीन परिवार ही तिब्बत का शासन चलाते थे। तिब्बत के भूमिहीन कृषकों को सामन्त लोगों के लिये काम करने के लिये बाध्य किया जाता था जो भारतीय सेना भेज कर तिब्बत को आजाद कराना चाहते हैं वे पुरानी सामन्तशाही तथा दास प्रथा फिर से स्थापित करना चाहते हैं।

जो व्यक्ति मानवीय कारणों के बारे में इतनी बातें करते हैं वे एक तरफा दृष्टिकोण अपना रहे हैं। अमरीका में हबशियों के साथ अत्याचार किया जाता है और अमरीका वियतनाम में लोगों को बेदर्दी से मार रहा है। इन सब अत्याचारों के विरुद्ध उनकी आवाज नहीं उठती है और वे चुप्पी साधे बैठे हैं।

सरकार द्वारा हाल ही में कहा गया है कि वह तिब्बत के बारे में अपनी नीति पर पुनर्विचार करेगी। इसका अर्थ उस करार से पीछे हटना होगा जो हमने चीन के साथ किया था। यदि हमारी सेना के साथ दलाई लामा को तिब्बत को आजाद करने के लिये भेजा जाता है, तो उसका अर्थ चीन के अन्दरूनी मामले में दखल देना होगा।

नेहरू ने मई 1954 में लोक सभा में कहा था कि किसी भी देश ने तिब्बत पर चीन के साथ प्रभुत्व को कभी भी चुनौति नहीं दी है। मैं श्री नेहरू की इस घोषणा का समर्थक हूं। तिब्बत चीन का अंग है और हमें इस स्थिति को स्वीकार करना चाहिये।

श्री नि० चं० चटर्जी (बर्दवान) : तिब्बत पर चीन का अधिकार होने के बाद, विधिवेत्ताओं के अन्तर्राष्ट्रीय आयोग द्वारा नियुक्ति तिब्बत आयोग के सामने दलाई लामा ने चीनी सरकार पर कई आरोप लगाये थे। जो आरोप लगाए गये थे उसमें से एक बहुत गम्भीर आरोप यह था कि चीनी सरकार ने जानबूझ कर नरहत्या की नीति अपनाई थी। मैं आयोग का एक सदस्य होने के नाते दलाई लामा से प्रश्न पूछने का इच्छुक था। क्योंकि आयोग का मुख्य उद्देश्य इन आरोपों की सत्यता का पता लगाना था इसलिये दलाई लामा से प्रश्न पूछना बहुत आवश्यक था। मुझे यह बताते हुए बड़ी प्रसन्नता है कि दलाई लामा ने मेरे इस अनुरोध को तुरन्त स्वीकार कर लिया और वे आयोग के सामने उपस्थित हुए। उनसे बहुत से प्रश्न पूछे गये और उन्होंने उन सब का उत्तर दिया।

वह आयोग, जिसके तीन सदस्य भारतीय थे, इस निष्कर्ष पर पहुँचा था कि चीन को जानबूझ कर तिब्बत के लोगों की हत्या करने का अपराधी नहीं ठहराया जा सकता। परन्तु उसकी राय में चीन के विरुद्ध यह आरोप सिद्ध हो गया था कि चीन ने वहां के लोगों के धर्म को नष्ट करने की पहले से ही योजना बनाई हुई थी। इसका अर्थ केवल यह नहीं है कि धर्म का अनादर किया गया या लोगों को साम्यवादी विचार धारा अपनाने के लिये कहा गया अपितु वहां के स्थापित धर्म को समाप्त करने का जानबूझ कर प्रयास किया गया।

{ **श्री बलराज मधोक पीठासीन हुए**
Shri Bal Raj Madhok *in the Chair* }

मठों को गिराया गया। लामाओं को तंग किया गया और बलात् विवाह किये गये। इसके लिये काफी हद तक भारत उत्तरदायी है। यदि हम शक्तिशाली होते और जब चीन ने 1951 के 17 सूत्री करार का उल्लंघन किया था उस समय उसकी निन्दा करते, तो स्थिति भिन्न होती। दलाई लामा को सारे देशों की जनता के सामने अपना मामला पेश करने की हमने अनुमति नहीं दी। ऐसा करके हमने अपना कर्तव्य नहीं निभाया है। यदि दलाई लामा को सारे विश्व के सामने अपना मामला रखने के लिये उचित अवसर तथा उचित सुविधा दी जाती तो सारी दुनिया को मालूम हो जाता कि चीन ने तिब्बत में जानबूझ कर धर्म की हत्या की है। यह केवल अनादर का प्रश्न नहीं है अपितु एक देश के धार्मिक तथा सांस्कृतिक अस्तित्व को जानबूझ कर समाप्त करने का प्रश्न है। मानवता के हित में तथा बुनियादी मानवीय अधिकारों की रक्षा हेतु इसे बन्द किया जाना चाहिये। वहां पर किस प्रकार की सरकार हो, इसका निर्णय तिब्बत के लोगों द्वारा ही किया जाना चाहिये, ओर उन पर कोई चीज जबरदस्ती नहीं थोपी जानी चाहिये।

श्री जी० भा० कृपलानी (गुना) : मेरे साम्यवादी मित्र ने कहा है कि पहले तिब्बत का शासन कठोर था और कुछ ऐसे रीतिरिवाज थे जिन्हें मेरे माननीय मित्र पसन्द नहीं करते और वे चाहते हैं कि हम भी उन्हें पसन्द न करें। इस प्रकार उन्होंने तिब्बत पर चीन के अधिकार को उचित ठहराने का प्रयत्न किया है। उन्होंने अमरीका में हबशियों के साथ दुर्व्यवहार का उदाहरण दिया है। यदि वहां पर हबशियों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया जाता है तो क्या वे चाहते हैं कि चीनी वहां पर जायें और उन्हें आजादी दिलाएं। उन्होंने बिलकुल गलत तर्क दिये है।

किसी देश के शासन को चलाना वहां की जनता का काम है। यदि वे अपने पुराने रीतिरिवाजों से मुक्ति चाहते हैं तो उन्हें वह मुक्ति प्राप्त करनी ही चाहिये। परन्तु इससे किसी अन्य राष्ट्र को यह अधिकार नहीं मिल जाता कि वह उनके आन्तरिक मामलों में हस्तक्षेप करें। तिब्बत के लोगों में अपने लामा के प्रति प्रेम और आदर की भावना है। किसी अन्य धर्म के अनुयायी की दृष्टि में उनका यह प्रेम तथा आदर सही भी हो सकता है तथा गलत भी। परन्तु इस आधार पर कोई अन्य देश उनके अन्दरूनी मामले में हस्तक्षेप नहीं कर सकता।

तिब्बत की जन संख्या 20–30 लाख थी परन्तु उन्हें सभ्य बनाने के लिये उतने ही चीनी वहां पर जा बसे हैं। इसका बिल्कुल भी कोई औचित्य नहीं है। तिब्बत चीन और भारत के बीच एक मध्यवर्ती राज्य है। हमें यह सुनिश्चित करने का अधिकार है कि इस मध्यवर्ती राज्य पर किसी ऐसे राष्ट्र का अधिकार न हो जिससे कभी हमारे देश पर आक्रमण की आशंका हो।

तिब्बत में जो कुछ हुआ है उससे यह प्राचीन राष्ट्र ही समाप्त हो गया है। चाहे वहां की भाषा को लीजिये, चाहे रीतिरिवाजों को ले लीजिये, वे चीनी लोगों से बिल्कुल मेल नहीं खाते। वास्तव में उनका चीन की अपेक्षा भारत से अधिक सम्बन्ध है। चीन तिब्बत पर बिल्कुल भी दावा नहीं कर सकता। तिब्बती लोग किसी के साथ नहीं झगड़ते। वे अपनी भूमि में ही अपना जीवन यापन करते हैं। उनका जीवन यापन का अपना ही तरीका है, उनका अपना ही धर्म है। इस कारण से हम उन्हें असभ्य नहीं कह सकते। यदि कोई राष्ट्र अपने आप को अधिक सभ्य समझता है, तो उसे उन पर अपनी सभ्यता थोंपने की कोशिश नहीं करनी चाहिये, और न ही उसे ऐसा करने का अधिकार ही हो।

यूरोप अपने आपको एशिया और अफ्रीका के देशों से अधिक सभ्य समझता है। अफ्रीका में कुछ ऐसे लोग हैं जो नर भक्षी हैं। क्या इसी कारण उन पर आक्रमण करके उन्हें जीत लिया जाये ? परन्तु इससे मानवता की क्या भलाई होगी ? अपनी सभ्यता के प्रचार का तरीका वही होना चाहिये जो अब तक भारत का रहा है। भारत से बुद्ध धर्म के प्रचार के लिये प्रचारक लोग श्री लंका, दक्षिण पूर्व एशिया, चीन और जापान तक जाते रहे हैं। प्रचार का यही तरीका है। आक्रमण करके विजय प्राप्त करना सभ्यता के प्रचार का तरीका नहीं है। यदि हमारी सभ्यता ऊंची भी हो तो भी हम शक्ति के प्रयोग से लोगों में परिवर्तन नहीं ला सकते।

इसलिये मैं कहता हूं कि तिब्बत में बड़े भारी अत्याचार हुए हैं और यह हमारे नाम पर एक स्थाई कलंक है कि हमने इसके विरुद्ध आवाज़ नहीं उठाई जबकि हम ऐसा कर सकते थे। विदेशी लोग हमसे पूछते हैं कि जब चीन हमारे लिये खतरा है तो हमने तिब्बत पर अत्याचार के विरुद्ध आवाज़ क्यों नहीं उठाई ? चीन का खतरा पहले से ही था परन्तु यहां के अधिकारियों ने इस बात की उपेक्षा की। उस समय भी सरदार पटेल ने पंडित जवाहरलाल नेहरू को एक पत्र लिखा था। उसमें यह बात स्पष्ट रूप से कही थी कि तिब्बत के विनाश के कारण भारत को चीन से खतरा है।

इस प्रकार किसी भी सही दिशा में सोचने वाले व्यक्ति का यही विचार होगा कि तिब्बत की समस्या के साथ सारे संसार का सम्बन्ध है। यदि संसार अपने आपको सभ्य समझे, और केवल साम्यवादी ही न समझें तो मेरे विचार में यह संयुक्त राष्ट्र संघ का कर्तव्य है कि वह इस प्रश्न को उठाये।

श्री श्रद्धाकर सूपकार (सम्बलपुर) : चीन ने जब तिब्बत पर अधिकार किया तो तिब्बत की जनता के साथ बहुत बुरा व्यवहार किया गया, इस प्रकार की बात कहना उनके सामाजिक एवं धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करना है। परन्तु इस समय विचाराधीन प्रश्न यह है कि क्या दलाई लामा को तिब्बत की प्रवासी सरकार का प्रमुख मान लिया जाये और क्या साम्यवादी चीन के उपनिवेशी शासन से तिब्बत को छुड़ाने के लिये उसे भारत द्वारा सभी सुविधाएं दी जाये।

तिब्बत द्वारा चीन पर कब्जा करने के समय भारत ने एक विशेष नीति अपनाई थी। हमने चीन के साथ एक समझौता किया था। हमारी स्थिति यह रही है कि तिब्बत पर चीन का अधिराज है। यदि हम इस स्थिति को मानते हैं तो तिब्बत का मामला चीनी गणतंत्र का घरेलू मामला बन जाता है। यह समझौता कर लेने के बाद क्या हम कानूनी तौर पर कुछ कर सकते हैं ? वर्ष 1954 के बाद संयुक्त राष्ट्र की महासभा में यह प्रश्न उठाया गया था परन्तु इस प्रश्न पर बड़ी शक्तियों का समर्थन प्राप्त नहीं हो सका। यदि 15 या 16 वर्षों के बाद हम अपने रवैये में परिवर्तन करके आगे बढ़ते हैं तो संसार हमारे विषय में क्या सोचेगा ?

इसलिये कानूनी दृष्टि से तथा संवैधानिक दृष्टि से मेरे विचार में इस संकल्प का समर्थन करना अनुचित होगा।

श्री नाथ पाई (राजापुर)। भारत के चुप रहने से कई बार ऐसा प्रतीत होता है कि चीन ने भारत की अनुमति से तिब्बत पर बलपूर्वक नियन्त्रण किया। अतः यह घटना भारत के इतिहास में एक दुःखद घटना समझी जायेगी और भविष्य में भारतीय जनता इसे अपराध और लज्जा के भाव से पढ़ेगी। इसलिये भारत सरकार तिब्बत पर हो रहे अत्याचार से विमुख नहीं हो सकती।

हमें स्मरण रखना चाहिये कि तिब्बत के नेता तथा वहां की जनता माओवादी चीन के सुझावों से भयभीत थी और उन्होंने उनका विरोध करने का प्रयत्न किया। इस देश के साथ अपनी मित्रता की परम्परा का ध्यान करते हुए उन्होंने बड़ी आशाओं के साथ हमसे सहायता मांगी। परन्तु हमने उन्हें अपनी आजादी का झण्डा लहराने और फिर उसे नीचा करने की सलाह दी। यदि हम उन्हें इस प्रकार की गलत सलाह न देते तो आधुनिक तिब्बत का इतिहास कुछ भिन्न ही होता। वहां की शूरवीर जनता आजादी की जंग लड़ती रहती। यह बहुत ही शर्म की बात है कि वह भारत जो अन्य देशों की सदा सहायता करता रहा है यहां तक कि चीन पर जब जापान ने आक्रमण किया तो भारत ने चीन का समर्थन किया, वह भारत एक छोटे से पड़ौसी राष्ट्र की सहायता न कर सका और उसने तिब्बत को चीन की फुसलाहट के आगे झुक जाने दिया। यदि अब कानून की दृष्टि से देखा जाये तो वह भारत के विरुद्ध

है । परन्तु इससे हमारा दायित्व समाप्त नहीं हो जाता । तिब्बत एक स्वतन्त्र राष्ट्र रहा है । तिब्बत का प्रश्न आऊटर मंगोलिया के प्रश्न के ही समान है । रूस का अब दृष्टिकोण यह है कि आऊटर मंगोलिया को एक स्वतंत्र, प्रभुसत्ता सम्पन्न राष्ट्र होना चाहिये । तिब्बत को धोखा देकर हमने भारत की स्वतंत्रता खतरे में डाल दी है । जो संगीन भारत की सीमा से हजारों मील दूर थी वह अब सीधे दिल्ली की ओर मुंह किये हुए है । हमें अपने कर्तव्य से विमुख नहीं होना चाहिये । जो गलती हमने 1954 में की थी उसे 1967 में सुधारा जा सकता है । हमें चीन से डरना नहीं चाहिये । चीन का यह तर्क साम्राज्यवादियों के समान ही है कि क्योंकि तिब्बत के लोग सभ्यता की दृष्टि से पिछड़े हुए हैं, चीन की ऊंची सभ्यता उनकी सहायता करेगी । इसी प्रकार के बहाने से योरुप के साम्राज्यवादियों ने अफ्रीका की जनता पर उपनिवेशवादी शासन लागू किया था । हमने इस तर्क को कभी भी स्वीकार नहीं किया । इसलिये अब तिब्बत से चीनियों को चला जाना चाहिये (व्यवधान) । अभी हाल ही में एक रोचक घटना हुई है । अब रूस ने चीन के अन्याय को, बेशक देर से, महसूस करना आरम्भ कर दिया है । जब चीन का खतरा रूस की सीमाओं के निकट पहुँच गया है तब रूस के नेताओं ने तिब्बत की जनता को स्वाधीनता और प्रभुसत्ता के अधिकार दिये जाने के बारे में उल्लेख किया है । स्वतन्त्रता के लिये संघर्ष करने वालों की सहायता करना भारत की परम्परा के अनुरूप है । हमें सर्वप्रथम तिब्बत के स्वतंत्रता के अधिकार को स्वीकार करना चाहिये और तिब्बत की जनता को प्रोत्साहन देना चाहिये । मैं तिब्बत को स्वतंत्र देखना चाहता हूं ।

एशिया के लोगों में से खम्पा सबसे बहादुर लोग है । हमें हथियारों का मुंह बन्द कर के कानूनी बारीकियों में नहीं जाना चाहिये । सौभाग्य से अब मास्को भी हमसे सहमत होने जा रहा है । हमें वीर खम्पाओं को हथियार देकर प्रोत्साहित करना चाहिये । जब चीन इस बात को नहीं छिपाता कि वह उन भारतीयों को हथियार दे रहा है जो इस देश के टुकड़े-टुकड़े करने के लिये प्रयत्न कर रहे हैं, जब मिज़ो और नागा विद्रोही चीन में बने हथियार प्राप्त कर रहे हैं तो फिर हमें क्या डर है ? पेकिंग रेडियो ने खुले तौर पर यहां तक कहा है कि नक्सलबाड़ी में जो प्रकाश चमक रहा है वह माओ की प्रेरणा का ही परिणाम है । ऐसी स्थिति में तिब्बत के स्वतंत्रता के अधिकार का हमें समर्थन करना ही चाहिये । इस वर्ष की संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत के प्रतिनिधि को तिब्बत की जनता के दास बने रहने के प्रश्न पर क्षमाप्रार्थी के रूप में खड़े नहीं रहना चाहिये । आशा है कि श्री चागला, जिन्हें इस सभा के बहुमत का समर्थन प्राप्त है वह अपनी पहले की गलती को सुधारने का साहस करेंगे जो बहुत ही शर्मनाक गलती है ।

Shri Randhir Singh (Rohtak) : From the geographical and defence point of view Tibet is like a shield for India, We have committed a blunder in allowing China to establish their swzerainty over Tibet. Now we should rectify this mistake. China intends to overpower not only India but Russia, America and whole Asia and Africa and we, therefore, have to contain China.

China claims one lakh square miles of land which covers Ladakh, NEFA, Bhutan, Sikkim, Burma and Indo-China.

The enemy that we have to face does not understand the term of 'peace' but it believes in war only.

[उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए ।]
[Mr. Deputy Speaker *in the Chair*]

So far as Tibet is concerned, it is not the question of Dalai Lama but it is the question of the existence of India. China wants to impose her own way of life, a dictatorial attack against democracy in India. If Tibet had becomes remained a buffer state between India and China, much of our defence expenditure could have been reduced, In fact we should have not believed China. Now there are two powers in Asia, On one side there is India with a democratic set up and on the other side China which is a war mongering nation and a confrontation is bound to take place in between the two. We should not bother about the treaties and we should change our attitude and adopt a strong policy with regard to that country. We have to safeguard our democracy. Our Government has taken a welcome step in giving asylum to Dalai Lama.

I am of the opinion that this matter should be raised in U.N.O. and we should create such a favourable atmosphere in Asia and Africa that Tibet regains her freedom. China is claiming vast territories all over the world. In the interest of our own country and the world, we should support Dalai Lama and condemn China.

श्री हो० ना० मुकर्जी (कलकत्ता–उत्तर–पूर्व) : मैं इस अवांछित और बहुत ही गैर-जिम्मेदारी पूर्ण संकल्प का पूर्णतया विरोध करता हूं । मैंने सभी भाषण बड़े ध्यान से सुने हैं । मैं यह कहना चाहता हूं कि दलाई लामा की प्रवासी सरकार को मान्यता देना और तिब्बत को साम्यवादी चीन के उपनिवेशवादी शासन से मुक्त करवाने के लिये सभी प्रकार की सहायता देना इतना सरल काम नहीं है । मैं आचार्य कृपलानी को यह बताना चाहता हूं कि क्रान्ति के दौरान ज्यादतियां हुआ करती हैं । हम चीन के विरुद्ध बहुत कुछ कह सकते हैं । मैंने स्वयं चीन की जब निन्दा करनी चाहिये थी, की है । अब भी चीन गैर-जिम्मेदार तरीके से व्यवहार कर रहा है । परन्तु हम चीन को चाहे जितना नापसन्द करें, चाहे हम कितना ही महसूस करें कि चीन ने हमें बहुत हानि पहुँचाई है और हमारे देश के सम्मान को धक्का लगा है, फिर भी क्या हम ऐतिहासिक दृष्टि से चीन को भूल सकते हैं ? क्या हम भूल सकते हैं कि यदि 1949 में चीन में क्रान्ति न होती तो हम उस स्थान पर न रहते होते जिसे कुछ लोग तीसरे संसार का नाम देते हैं ? आज एक दूसरे के विरुद्ध खड़े होकर संतुलन बनाये रखने के लिये शायद दो संसारों का अस्तित्व न होता ।

हमने यह बात स्वीकार की है कि तिब्बत चीन का एक प्रदेश है और उसका अंग है । अब यदि तिब्बत में कोई घटना होती है और हम उस सम्बन्ध में कुछ कार्यवाही करते हैं तो वह उस देश के आन्तरिक मामलों में हस्तक्षेप करना होगा । क्या सदा हस्तक्षेप करते रहना उचित बात है ? हमारा सच्चा क्रोध उस समय कहां था जब इण्डोनेशिया में हजारों साम्यवादी मारे गये थे ? क्या वहां किसी ने हस्तक्षेप किया था ? हमें इस प्रश्न पर ऐतिहासिक दृष्टि से विचार करना चाहिये । चीन की उत्तेजना की परवाह न करते हुए हमारा दृष्टिकोण सिद्धान्तों पर आधारित होना चाहिये ।

पाकिस्तान से भी हमारा कई बेातों में विरोध है। हमारे मित्र श्री चागला कभी कुछ नरम शब्दों का और कभी कुछ कठोर शब्दों का प्रयोग करते हैं। तिब्बत के बारे में उन्होंने अभी अभी एक वक्तव्य में कहा था कि हमें तिब्बत के मामले में कुछ करना चाहिये। यदि हम चीन द्वारा उत्तेजित किये जाने पर कुछ कार्यवाही करते हैं तो वह खतरनाक बात है। यह संकल्प भारत की विदेश नीति के सिद्धान्तों के विरुद्ध है अतः हमें इसे अस्वीकार कर देना चाहिये। हमें जिम्मेदार तरीके से काम करना चाहिये। किसी के अच्छे भाषण के फलस्वरूप हमें अपनी नीति नहीं बदलनी चाहिये। यदि हम कोई परिवर्तन लाना चाहते हैं तो उस परिवर्तन का मूल्य देने के लिये भी हमें तैयार रहना चाहिये। इन बातों के साथ मैं इस सकल्प का जोरदार शब्दों में विरोध करता हूँ।

श्री बे० कु० दास चौधरी : किसी भी देश की विदेश नीति कठोर नहीं होनी चाहिये बल्कि परिस्थितियों के अनुसार उसमें परिवर्तन लाने की गुंजाइश होना चाहिये।

यदि सभी दस्तावेजों का अध्ययन किया जाये तो पता चलेगा कि अंग्रेजों ने भारत में अपने शासन काल के दौरान तिब्बत पर चीन की प्रभुसत्ता या अधिराज्य की कभी भी मान्यता नहीं दी। वर्ष 1954 में स्व० प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू ने कुछ रियायतें दी थीं। भारत के विभाजन से पूर्व और बाद में भी तिब्बत के साथ हमारे कुछ प्रशासनिक सम्बन्ध थे। इससे यह प्रमाणित होता है कि तिब्बत पर चीन का कभी भी प्रभुत्व नहीं रहा।

1954 के समझौते के अन्तर्गत चीन के प्रधान मंत्री चाउ-एन-लाई से इस आशय का आश्वासन मिलने पर कुछ रियायतें दी गई थी कि तिब्बत एक स्वायत्तशासी प्रदेश बना रहेगा। इसके साथ हमें यह भी आशा थी कि हमारी सीमा पर शान्तिपूर्ण पड़ोसी होगा और हम अपने देश में कुछ रचनात्मक कार्य कर सकेंगे। उसी समय हमने चीन को अपना राज्य क्षेत्र हथियाने के लिये रास्ता बना दिया था। यह हमारी सबसे बड़ी गलती थी जिससे हमारे देश की सुरक्षा हमेशा का खतरा पैदा हो गया।

दूसरी ओर चीन की सरकार ने 1954 के समझौते के अन्तर्गत दिये गये विशेषाधिकारों से सम्बन्धित वचनों का पालन नहीं किया। सर्वप्रथम उन्होंने ल्हासा, केन्द्रीय तिब्बत तथा अन्य स्थानों से भारतीय व्यापारियों को निकाल दिया जिससे काश्मीर तथा अन्य उत्तर भारतीय केन्द्रों के साथ व्यापार पर उसका प्रभाव पड़ा। फिर मानसरोवर और कैलाश पर जाने वाले हिन्दू यात्रियों पर चीन ने प्रतिबन्ध लगा दिया। उसके बाद उन्होंने हमारी सीमा के बहुत बड़े क्षेत्र पर जबरदस्ती कब्जा कर लिया। इन सभी अतिक्रमणों के साथ साथ चीन ने वर्ष 1962 में भारत पर आक्रमण कर दिया।

जब चीन ने 1954 के समझौते की सभी शर्तों को अस्वीकार कर दिया है तो भारत ही उस समझौते का क्यों पालन करे ? फरवरी 1959 में ल्हासा में जब गड़बड़ी हुई और तिब्बत में चीन के विरुद्ध क्रान्ति हुई और जब चीन ने तिब्बत में भारी जाति विनाश किया तब तिब्बतियों और दलाई लामा ने भारत में शरण ली। उस समय हमारे प्रधान मन्त्री श्री नेहरू ने कहा था कि हमें 50,000 तिब्बत के शरणार्थियों के पुनर्वास के लिये सभी प्रकार

की सहायता करनी चाहिये परन्तु दलाई लामा के लिये राजनीतिक गतिविधि आरम्भ करना उपयुक्त नहीं है। उस समय हमारे प्रधान मन्त्री के मन में यह विचार था कि हमें ऐसा कोई नहीं करना चाहिये जिससे चीन उत्तेजित हो।

इस प्रकार हमें यह पता लगता है कि तिब्बत के मामले पर हम जो नीति अपनाते रहे हैं वह चीन के भय पर आधारित है।

एशिया और अफ्रीका में स्वतन्त्रता आन्दोलनों का भारत ने सदा समर्थन किया है। उदाहरण के तौर पर 1949 में जब इन्डोनेशिया हालैण्ड से स्वतन्त्रता प्राप्ति के लिये संघर्ष कर रहा था तो भारत सरकार ने हालैण्ड के अत्याचारों के विरुद्ध प्रचार करने के लिये नई दिल्ली 'आजाद इन्डोनेशिया सरकार' के नाम से एक कार्यालय खोलने के लिये इन्डोनेशिया को आरम्भ में 5 लाख रुपये की सहायता दी थी।

इसलिये अब समय आ गया है जब हमें तिब्बत के सम्बन्ध में अपनी नीति पर फिर से विचार करना चाहिये। इन शब्दों के साथ मैं इस संकल्प का समर्थन करता हूं।

Shri K. N. Tiwary (Betia) : This resolution deserves our support. There is no doubt that we have committed a mistake in regard to Tibet and it should be rectified. It is no use taking shelter under legal difficulties.

For the defence of our country, we should see that Tibet is there to serve us a bufferstate between our country and China. for this purpose we should help the Dalai Lama in freeing Tibet. from Chinesed omination.

श्री रा० की० अमीत (ढंढ़का) : हमने 1954 में जो गलती की थी उसे अब सुधारा जाना चाहिये। इस संकल्प को स्वीकार करने से कई प्रश्न हल हो जायेंगे। तिब्बत के प्रति हमारा सांस्कृतिक दायित्व है। वह हमारा एक ऐसा पड़ौसी है जिसके साथ हमारे हजारों वर्ष पुराने सम्बन्ध हैं। तिब्बत का समर्थन करने में कोई खतरा नहीं है और यदि कोई खतरा भी हो, तो उसका सामना किया जाना चाहिये।

चीन हमारे मामले में हस्तक्षेप कर रहा है, इसलिये हमें भी उसके साथ इसी तरह का वर्ताव करना चाहिये। हमारे लिये यही उपयुक्त समय है कि हम एक ऐसी स्थिति उत्पन्न करें जिससे चीन को ऐसा महसूस हो कि भारत उस पर आक्रमण कर सकता है और उस स्थिति में ही संभवतः चीन की विचारधारा में संतुलन आ सकता है अन्यथा जब तक हम अपने राज्यक्षेत्र के दायरे में ही रहेंगे तब तक चीन का ही हाथ ऊपर रहेगा ओर वह हमें हमेशा तनाव की स्थिति में रखेगा। हम यहां तिब्बत सरकार की स्थापना करके चीन के लिये तनाव की स्थिति क्यों न पैदा करें ? यदि यहां तिब्बत सरकार की स्थापना हो जाती है तो इससे तिब्बत के पक्ष में अन्तर्राष्ट्रीय जनमत तैयार हो सकेगा और चीन के लिये कठिनाई उत्पन्न होगी।

Dr. Ram Manohar Lohia (Kannuj) : In the past Tibet had mantained its seperate entity and it is only recently that China has deprived the people of that countre of their independence In fact China is trying to exterminate the Tibetan race itseif. But it is

doubtiful whether this intention of theirs would ever be fulfilled. One day the Tibetans are bound to regain their independence.

So far as our relations with China are concerned, the Mac Mahon Line cannot be accepted is our border with that country. Instead this line can be our border with Tibet.

The issues of Tibet and Kashmir are two quite different issued which cannot be equated with one another. Therefore, there is no use in saying this that if we raise the Tibetan issue in the U. N. O. China will take up the controversy about Kashmir. My suggestion is this that we should acknowledge Dalai Lama as the constitutional head of the territory between Nepal and Kailash-Mansarovar. This will help us in achieving our ultimate objective,

वैदेशिक कार्य मन्त्री (श्री मु० क० चागला) : प्राय: सभी दलों के माननीय सदस्यों ने तिब्बत के लोगों के प्रति गहरी चिन्ता तथा सहानुभूति प्रकट की है। चीन उनकी प्राचीन सभ्यता को मिटाता जा रहा है। वह उनके धर्म तथा संस्कृति को मिटा रहा है परन्तु इस बारे में हमें यथार्थवादी दष्टिकोण अपनाना पड़ेगा। हमें तिब्बत के राजनैतिक स्तर तथा तिब्बत की जनता के बीच के महत्वपूर्ण अन्तर को ध्यान में रखना चाहिये। जहां तक तिब्बत की जनता का सम्बन्ध है, वहां जो कुछ हो रहा है, उसके विरुद्ध रोष प्रकट करने के लिये संयुक्त राष्ट्र संघ के माध्यम से हमने सब कुछ किया है। तिब्बत की जनता जिन मानवीय अधिकारों की हकदार है उनके बारे ये जो प्रस्ताव पास हुआ है, हमारे देश ने उसका समर्थन किया था संयुक्त राष्ट्र संघ ने मानवीय अधिकारों को कुचलने के लिये चीन की निन्दा की है। इसके अतिरिक्त और जो कुछ भी हो सकता है वह संयुक्त राष्ट्र संघ के माध्यम से ही हो सकता है। जब दलाई लामा हमारे देश में आये तो हमने उनका स्वागत किया था। वह स्वेच्छा से जितनी देर यहां रहना चाहें रह सकते हैं। दलाई लामा दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों की यात्रा करना चाहते थे और हमने उनको सभी आवश्यक सुविधाएं दी हैं। प्रश्न यह है कि हम दलाई लामा की कैसे सहायता कर सकते हैं। मजे की बात यह है कि दलाई लामा ने स्वयं भारत सरकार से यह अनुरोध किया है कि उनकी सरकार को मान्यता दी जाये।.....

श्री मी० रु० मसानी (राजकोट) : उन्हें भारत सरकारके उत्तर का पहले पी पता था।

Shri Madhu Limaye : Did the Government make this offer ?

श्री जी० भा० कृपलानी : उन्होंने भारत सरकार से अपनी यह इच्छा प्रकट न की हो, परन्तु वे चाहते यही हैं।

श्री मु० क० चागला : मुझे पता हैं, वे क्या चाहते थे। वे संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा एक प्रस्ताव पारित करना चाहते थे जो उन प्रस्तावों से भी अधिक महत्वपूर्ण होगा जो हम दो-तीन सत्रों में पास करते रहे हैं।

वास्तव में हमारे सम्मुख जो प्रश्न है वह यह है कि हम दलाई लामा की किस प्रकार सहायता कर सकते हैं। माननीय सदस्य जो मार्ग अपनाने के लिये कह रहे हैं क्या उससे दलाई लामा या तिब्बत की जनता को कोई फायदा हो सकता है ? क्या तिब्बत

पर चढ़ाई करके तिब्बत के लोगों को मुक्ति दिलाई जा सकती है ? इसका परिणाम तो यही होगा कि या तो हमारी सीमा पर युद्ध भड़क उठे या तिब्बत की जनता का और अधिक दमन हो। जब हम कुछ कर ही नहीं सकते तो केवल एक ऐसा प्रस्ताव पास करने से कोई लाभ नहीं होगा जिसके गम्भीर परिणाम निकल सकते हैं और जिससे तिब्बत की भी कोई सहायता नहीं होगी। मुझे भी तिब्बत के लोगों के साथ पूरी हम दर्दी है। अन्तराष्ट्रीय दृष्टि से तिब्बत भारत तथा चीन की जो स्थिति है उसे देखते हुए हम तिब्बत की कैसे मदद कर सकते है, मैं इसे समझाने की कोशिश कर रहा हूं। हम इतिहास को नहीं बदल सकते हैं। हमने इस तथ्य को स्वीकार किया है कि तिब्बत पर चीन की प्रभुसत्ता है .....।

कुछ माननीय सदस्य : नहीं नहीं ।

श्री नाथपाई (राजापुर) : हम तिब्बत पर चीन की प्रभुसत्ता स्वीकार नहीं करते। क्या हमने इसे स्वीकार किया है ? यह अधिराजत्व है प्रभुसत्ता नहीं। माननीय मन्त्री फिर वही गलती कर रहे हैं ।

श्री बलराज मधोक (दिल्ली-दक्षिण) : मेरा प्रश्न यह कि मन्त्री जी को माननीय सदस्यों की राय का पता लग गया है.....(अन्तर्बाधाएं)

उपाध्यक्ष महोदय : शांति, शान्ति। सब अपने अपने स्थानों पर बैठ जायें। मन्त्री जी एक ऐसी स्थिति के बारे में सरकार का दृष्टिकोण रख रहे हैं जिसका अन्तर्राष्ट्रीय मामलों से गहरा सम्बन्ध हैं। अतः माननीय सदस्यों को इतना शोरगुल नहीं करना चाहिये।

श्री मु० क० चागला : मैं तो केवल इतना ही कह सकता हूं कि सरकार तिब्बत के सम्बन्ध में अपनी नीति की निरन्तर जांच करती रहेगी और यह प्रयास करती रहेगी कि तिब्बत की जनता की सहायता करने तथा उनके कष्टों को दूर करने के लिये संयुक्त राष्ट्र संघ के माध्यम से और क्या कुछ किया जा सकता है ।

श्री जी० भा० कृपलानी (गुना) : कांग्रेस के कम से कम तीन सदस्यों ने इस संकल्प के समर्थण में भाषण किये हैं। जब यह कहा जाता है कि इस बारे में सर्वसम्मति है तो इसका अर्थ यह नहीं कि वहां एक मत है। परन्तु मैं निश्चय से यह कह सकता हूँ कि सभा का बहुमत एक संकल्प के पक्ष में है ।

Shri Shrichand Goel (Chandigarh) : I am glad to see that the resolution has been supported by all sides of the House. Having aside few even the Congress Member have spoken in its favour.

There is no denying the fact that the countries like Cylon, Thailand, Combodia South Vietnam and Indonesia are worried about Chinese expansionism and that is why they will stand by us. India should make efforts in and outside United Nations to free the Tibet from Chinese occupation and I am sure several South Asian countries will land their support to us. I would say that this is a high time for us to raise the question of Tibets' freedom because cultural revolution is going on in China and they are miserably involved in it, We should also help the 'Lama' and other Tibetans refugees for establishing their Government.

I am quite sure that the hon. Members will support this resolution keeping in view all these factors.

श्री हनुमन्तय्या (बंगलौर) : विदेश नीति के बारे में इस सभा के प्रत्येक दल को संयुक्त मोर्चा बनाना है। हम विदेशों सम्बन्धी नीति को कुछ मतों के आधार पर अथवा दल-गत पराज्य अथवा विजय के आधार पर नहीं बना सकते और न ही इसे सफलतापूर्वक क्रिया-न्वित कर सकते हैं। देश की वर्तमान राजनैतिक स्थिति को देखते हुए अधिकांश दलों के विचारों के आधार पर ही विदेश नीति बनानी होगी।

जहाँ तक श्री गोयल के संकल्प का सम्बन्ध है यह सच है कि कांग्रेस तथा अन्य दलों के बहुत से सदस्य इसके पक्ष में हैं।

वैदेशिक कार्य मन्त्री ने वर्तमात स्थिति का तथा पिछले इतिहास का एक प्रकार से स्पष्टीकरण ही किया है। हमें विदेश नीति में परिवर्तन तथा संशोधन करने से कोई नहीं रोक सकता। परन्तु नीति के पीछे एकमत होना आवश्यक है। यदि इस संकल्प पर मतदान किया जाता है तो बाहर के लोग यह समझेंगे कि इसमें से कुछ सदस्य इसके विरोधी हैं।

उपाध्यक्ष महोदय : मैं माननीय सदस्य को भाषण करने की अनुमति नहीं दे सकता। यदि वह प्रस्तावक को प्रस्ताव वापस लेने के लिए अपील करना चाहते हैं तो वह ऐसा कर सकते हैं।

श्री उमानाथ (पुद्दुकोटे) : प्रस्तावक द्वारा उत्तर दिये जाने के बाद यदि किसी अन्य सदस्य को समय दिया जाता है तो मुझे भी समय दिया जाना चाहिए।

उपाध्यक्ष महोदय : मैंने उनको भाषण करने की अनुमति नहीं दी है।

श्री हनुमन्तय्या : मैं संकल्प के प्रस्तावक से प्रस्ताव को वापस लेने के लिए अपील करता हूँ।

उपाध्यक्ष महोदय : क्या वह इससे सहमत हैं।

Shri Shrichand Goel ; Hoping that the Government will make necessary changes in its policy in regard to Tibet I withdraw my resolution.

उपाध्यक्ष महोदय : संकल्प को वापस लेने के लिए माननीद सदस्य को सभा की अनुमति लेनी पड़ेगी।

श्री नाथपाई (राजापुर) : मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न हैं। इस बारे वे नवीनतम व्यवस्था यह दी गई है कि निर्धारित समय के पश्चात यदि प्रस्तावक अध्यक्ष की सहमति से अपने प्रस्ताव के लिए आग्रह नहीं करता तो मामला वही समाप्त हो जाता है। श्री गोयल ने स्पष्ट रूप से कहा है कि वह अपने संकल्प के लिये आग्रह नहीं करना चाहते।

उपाध्यक्ष महोदय : निदेश 44 में दिया गया है कि :

"यदि वाद-विवाद के अन्त में कोई सदस्य, जिसने कोई संशोधन या प्रस्ताव प्रस्तुत किया हो, जिसका प्रस्ताव अध्यक्ष ने भी किया हो, अध्यक्ष को सूचित करे कि वह उस पर आग्रह नहीं करना चाहता और संशोधन या प्रस्ताव अध्यक्ष द्वारा सभा के सामने मतदान के लिए न रखा जाये तो ऐसा संशोधन या प्रस्ताव सभा की अनुमति से वापिस लिया गया माना जायेगा ।"

Shri Madhu Limaye (Moghyr) : I rise on a point of order. There is no need to put it to the vote of the House. Under rule 334 the hon, Speaker can seek the pleasure of the House. If no one dissents he can say that the motion is by leave withdrawn."

I would, therefore, say that first of all you should seek the pleasure of the House.

उपाध्यक्ष महोदय : मैं इसी प्रक्रिया का अनुसरण करने वाला था । क्या सभा प्रस्ताव को वापस लिये जाने पर सहमत है ।

अनेक माननीय सदस्य : हां, **अन्तर्बाधाएं**

श्री उमानाथ : नहीं ।

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है कि :

"इस सभा की यह राय है कि दलाई लामा को तिब्बत की प्रवासी सरकार के प्रमुख के रूप में मान्यता प्राप्त की जानी चाहिए और तिब्बत को साम्यवादी चीन के उपनिवेशी शासन से मुक्त कराने के लिए भारत सरकार को उन्हें सभी सुविधायें और सहायता देनी चाहिए ।" जो पक्ष में है वे 'हां' कहें और जो विपक्ष में है वे 'न' कहें ।

कुछ माननीय सदस्य : 'हां'

अनेक माननीय सदस्य : 'न'

उपाध्यक्ष महोदय : मेरे ख्याल में 'न' कहने वालों की संख्या अधिक है ।

Shri Madhu Limaye : You should not have put the question. Don't act in a hurry, You should act according to the procedure.

उपाध्यक्ष महोदय : जल्दबाजी का कोई प्रश्न नहीं है । माननीय सदस्य को यह शब्द वापिस लेना चाहिये ।

Shri Madhu Limaye : I will not Interuption.

उपाध्यक्ष महोदय : आपको अपना वक्तव्य वापिस लेना होना । यदि आप बाहर जाना चाहते हैं तो मुझे कोई चिन्ता नहीं । सभा द्वारा अन्तिमरूप से निर्णय कर लिया गया है ।

अब मैं आधे घटे की चर्चा लूंगा ।

Shri Madhu Limaye ; I will neither walk out nor I will withdraw my words. You should act according to the procedure. You should take the pleausre of the House.

श्री मीलु मोडी (गोधरा) : मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है ।

उपाध्यक्ष महोदय : किस बारे में ।

अन्तर्बाधा : वह मामला समाप्त हो चुका है ।

कोशिश की। फिर जब श्री उमानाथ और शायद श्री वासुदेवन नायर ने विमत प्रकट किया तो मैंने नियमावली के अनुसार इसे मतदान के लिये रखा। पहले वे वापिस लेने के लिये सहमत नहीं थे।

Shri Madhu Limaye (Monghyr) : We have no objection if you go by rules.

उपाध्यक्ष महोदय : एक माननीय सदस्य ने विमत प्रकट किया था। (**व्यवधान**) यह क्या है ? फिर मैंने मतदान करवाया। उस समय आपने चुनौती नहीं दी।

Shri Madhu Limaye : We all challenged it.

Shri Rabi Ray (Puri) : Kindly take a vote second time.

उपाध्यक्ष महोदय : शान्ति शान्ति। यह कार्यवाही में सम्मिलित नहीं किया जायेगा (**व्यवधान**)।

श्री बलराज मधोक (दक्षिण दिल्ली) : यह एक ऐसा मामला है जिसमें सारे देश को रुचि है। इस मामले पर लगभग सबकी सहमति है। कुछ सदस्य इसके विरुद्ध हैं। परन्तु हमारी कार्यवाही इस सभा में साधारण बहुमत से चलती है। देश की एकता को बनाये रखने के लिये माननीय प्रस्तावक ने प्रस्ताव पर अधिक बल नहीं दिया। यह बहुत अच्छी पेशकश थी और इसे स्वीकार कर लिया जाने चाहिये था। कुछ लोगों के कारण जिनके जीवन का उद्देश्य ही संदिग्ध है, आपने यह कह दिया कि सभा की इच्छा नहीं है। यह उचित नहीं है (**व्यवधान**)।

उपाध्यक्ष महोदय : सारी कार्यवाही नियमों के अनुसार की गई थी परन्तु आप दूसरी बार मतदान के लिये अनुरोध कर रहे हैं और मैंने इसे स्वीकार कर लिया है।

***उपाध्यक्ष के आदेशानुसार कार्यवाही में सम्मिलित नहीं किया गया।

Shri M. A. Khan (Kasganj) : This will not add to the prestige of the House. It is not proper to change the ruling of the House under pressure **(Interruptions)**.

{ **अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए**
Mr. Speaker ***in the Chair*** }

This is your insult and insult of the House. Therefore that decision should not be revised.

अध्यक्ष महोदय : यह एक बहुत ही सीधी सी बात है। एक बार मतदान लिया गया परन्तु उपाध्यक्ष ने कहा है कि वह दोबारा मतदान करवा देंगे।

श्री खाडिलकर (खेड) : मैंने प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही की है। मैंने सभा की इच्छा पूछी। कुछ सदस्यों ने "नहीं" कह दिया। मैंने मतदान करवाया। उसे किसी ने चुनौती

उपाध्यक्ष महोदय : मैं आपको बताऊंगा। (**व्यवधान**) जब मैंने आपकी बात सुनी है तो आपको भी मेरी बात शान्तिपूर्वक सुन लेनी चाहिये। मैंने पहले सभा की इच्छा जानने की

***उपाध्यक्ष के आदेशानुसार कार्यवाही में सम्मिलित नहीं किया गया।

नहीं दी। परन्तु श्री मधु लिमये ने दोबारा मतदान करवाने के लिये अनुरोध किया और मैंने उसे स्वीकार कर लिया।

संसदीय-कार्य और संचार मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : प्रस्तावक ने प्रस्ताव वापिस लेने के लिये अनुरोध किया था।

श्री नाथ पाई (राजापुर) : सभा की सर्वसम्मति के कारण।

डा० राम सुभग सिंह : जो कुछ भी हो। उपाध्यक्ष महोदय ने सभा की इच्छा पूछी। सामान्य तौर पर इस बात के लिये सहमति हो गई थी कि प्रस्ताव को वापिस लेने की अनुमति दे दी जाये परन्तु शायद किसी ने आपत्ति कर दी। फिर उपाध्यक्ष ने मौखिक मतदान करवाया और प्रस्ताव अस्वीकृत हो गया। उन्होंने फिर अगले विषय पर कार्यवाही आरम्भ कर दी और श्री पाणिग्रही को आधे घण्टे की चर्चा उठाने के लिये कहा। इन परिस्थितियों में क्या अब फिर उस विषय पर विचार करना चाहिये ?

अध्यक्ष महोदय : स्थिति बिल्कुल स्पष्ट है। उन्होंने मौखिक मतदान करवाया और अब उसकी पुष्टि करना चाहते हैं। उन्होंने स्वयं कहा है कि क्योंकि कुछ माननीय सदस्यों ने उनसे पुनः मतदान के लिये अनुरोध किया था, उन्होंने उस अनुरोध को स्वीकार कर लिया। इसलिये मैं अब दोबारा सभा के मतदान के लिये रखता हूँ। फिर वही चीज़ होगी।

श्री हनुमन्तय्या (बंगलौर) : प्रस्ताव क्या है ?

अध्यक्ष महोदय : जब उपाध्यक्ष ने स्थिति स्पष्ट कर दी है। हो सकता है कि उसी समय किसी ने चुनौती न दी हो, परन्तु कुछ गड़बड़ी के कारण दोबारा मतदान की मांग की गई। उपाध्यक्ष महोदय ने यह मांग स्वीकार करली है।

डा० राम सुभग सिंह : अब संकल्प पर मतदान होगा या संकल्प को वापिस लेने वाले प्रस्ताव पर मतदान होगा ?

अध्यक्ष महोदय : संकल्प पर।

डा० राम सुभग सिंह : हमने सभा से पहले ही अनुरीध किया है कि संकल्प को वापिस लेने की अनुमति दे दी जाये। उसी पर मतदान होना चाहिये।

अध्यक्ष महोदय : श्री हनुमन्तय्या ने मंत्री महोदय के उत्तर देने के बाद भाषण दिया और इसी कारण स्थिति में गड़बड़ी हुई है। मंत्री महोदय को संकल्प वापिस लेने की अपील करनी चाहिये; परन्तु मंत्री महोदय के भाषण के बाद कोई और सदस्य संकल्प वापिस लेने की अपील करे, वह एक विचित्र बात है। इसीलिये यह गड़बड़ हुई है।

श्री हनुमन्तय्या : मैंने वही बात कही है जो मुख्य सचेतक ने कही है।

अध्यक्ष महोदय : जब उन्होंने स्थिति स्पष्ट कर दी तो आपको कुछ नहीं कहना चाहिये था ।

श्री हनुमन्तय्या : मैंने अभी अपनी बात पूरी नहीं की । सभा यह चाहती है कि (**व्यवधान**) । जब कोई सदस्य संकल्प वापिस लेने की अनुमति मांगता है तो उसी प्रस्ताव पर मतदान होना चाहिये । यही हमारा अनुरोध है ।

अध्यक्ष महोदय : मेरा सभी माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि वे मेरे साथ सहयोग करें । उपाध्यक्ष महोदय ने संकल्प को पढ़ भी दिया है । सभा के समक्ष संकल्प को वापिस लेने की अनुमति का प्रश्न रखा गया था । उपाध्यक्ष ने मतदान भी करवाया । परन्तु क्योंकि इस पर आपत्ति की गई, इसलिये वह दोबारा मतदान करवाने के लिये सहमत हो गये ।

Shri Madhu Limaye : Leave to withdraw is also a motion.

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"इस सभा की राय है कि दलाई लामा को तिब्बत की प्रवासी सरकार के प्रमुख के रूप में मान्यता प्रदान की जानी चाहिए और तिब्बत को साम्यवादी चीन के उपनिवेशी शासन से मुक्त कराने के लिए भारत सरकार को उन्हें सभी सुविधायें और सहायता देनी चाहिए ।" जो माननीय सदस्य इसके पक्ष में है वे 'हाँ' कहें (**व्यवधान**) ।

श्री बलराज मधोक : माननीय सदश्य ने प्रस्ताव को वापिस लेने की अनुमति मांगी है ।

श्री श्रीचन्द्र गोयल (चण्डीगढ़) **:** मैंने पहले ही यह अनुरोध किया है ।

अध्यक्ष महोदय : अब इस पर मतदान होगा । नियम 339 में लिखा है कि···"किन्तु यदि कोई विमत ध्वनि सुनाई दे या कोई सदस्य वाद-विवाद जारी रखने के लिये उठे, तो अध्यक्ष तुरन्त प्रस्ताव रखेगा ।"

श्री मधु लिमये : कौनसा प्रस्ताव ?

अध्यक्ष महोदय : मैं इसे समझने का प्रयत्न कर रहा हूं । नियम 339 में लिखा है ।

"अध्यक्ष पूछेगा 'क्या यह आपकी इच्छा है कि प्रस्ताव वापिस लिया जाये ?' यदि कोई विमत में न हो तो अध्यक्ष कहेगा 'प्रस्ताव अनुमति से वापिस लिया गया" । किन्तु यदि कोई विमत ध्वनि सुनाई दे या कोई सदस्य वाद-विवाद जारी रखने के लिये उठे तो अध्यक्ष तुरन्त प्रस्ताव रखेगा ।"

प्रश्न यह है कि प्रस्ताव कौनसा है । मैं उसे समझने का प्रयत्न कर रहा हूँ ।

संकल्प को वापिस लेने के लिये सभा की अनुमति मांगना कोई प्रस्ताव नहीं है । प्रस्ताव वह है जो नियमानुसार हो । उस प्रस्ताव पर मतदान हो चुका है (**व्यवधान**) । संकल्प को

वापिस लेने की अनुमति को कुछ सदस्यों ने अस्वीकार कर दिया है। उन्होंने इसका विरोध किया है (**व्यवधान**)। मैं इस बात से सहमत नहीं कि कोई गलती हुई है। प्रश्न यह है कि जिस प्रस्ताव पर मतदान हुआ है, वह स्वीकृत हुआ है या अस्वीकृत हुआ है ?

श्री खाडिलकर : जब किसी ने चुनौती नहीं दी थी तो मैंने कहा कि 'न' कहने वाले जीत गये। फिर कुछ सदस्यों ने दोबारा मतदान के लिये कहा।

अध्यक्ष महोदय : यदि आप अगले विषय पर विचार आरम्भ कर देते तो बात समाप्त हो जाती। अब जिस प्रस्ताव या संकल्प पर मतदान हुआ था, उसको चुनौती दी गई है। इसलिये अब मैं उसे सभा के मतदान के लिये दोबारा रखता हूँ।

प्रश्न यह है :

"इस सभा की राय है कि दलाई लामा को तिब्बत की प्रवासी सरकार के प्रमुख के रूप में मान्यता प्रदान की जानी चाहिये और तिब्बत के साम्यवादी चीन के उपनिवेशी शासन से मुक्त कराने के लिये भारत सरकार को उन्हें सभी सुविधायें और सहायता देनी चाहिये।"

लोक सभा में मत विभाजन हुआ।

The Lok Sabha divided.

श्री नाथ पाई : श्री हनुमन्तय्या ने जानबूझ कर मतदान में भाग नहीं लिया। इस बात का कहीं उल्लेख नहीं है यह एक महत्वपूर्ण मत था।

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : उन्होंने बटन नहीं दबाया, इसलिये ऐसा हुआ।

Shri Prakash Vir Shastri (Hapur) : So far the convention has been that doors of lobby are closed at the time of division but this convention has been violated in this case. The doors remained open at the time of division.

अध्यक्ष महोदय : यह गलत बात हुई है। हम उसे ठीक कर रहे हैं। जहां तक श्री हनुमन्तय्या द्वारा बटन दबाये जाने का सम्बन्ध यदि वे चाहते तो ऐसा कर सकते थे। परन्तु यदि वह बाहर जाना चाहे तो उन्हें कोई विवश नहीं कर सकता।

मत विभाजन में 'न' वाले जीत गये हैं।

प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ

The motion was negatived

उड़ीसा की गेहूँ सम्बन्धी आवश्यकता के बारे में**

RE : SUPPLY OF WHEAT TO ORISSA.

श्री चिन्तामणि पाणिग्रही (भुवनेश्वर) : 30 मई, 1967 के प्रश्न के उत्तर में मंत्री महोदय ने बताया था कि उड़ीसा सरकार ने 15,000 टन गेहूं प्रति मास मांगा है, परन्तु उस राज्य को मार्च में 6,800 टन और अप्रैल में 4,800 टन गेहूं उपलब्ध हो सका है। मई और जून के लिये क्रमशः 10,400 और 10,800 टन गेहूँ नियत किया गया है। परन्तु प्रश्न यह है कि वास्तव में मई और जून में उड़ीसा को कितना गेहूं दिया गया है।

राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार जनवरी से जून तक केन्द्र सरकार द्वारा राज्य सरकार को 63000 टन गेहूँ भेजा जाना था। परन्तु जनवरी से अप्रैल तक राज्य सरकार को केवल 8000 टन गेहूं प्राप्त हुआ है। मई और जून में 20,000 टन ओर गेहूं दिया गया जिसे मिल कर कुल 63000 टन की बजाय 28,000 टन गेहूँ दिया गया।

इसका अर्थ यह हुआ कि राज्य को गेहूं पर्याप्त मात्रा में नहीं दिया गया है। चाहे जो भी कठिनाइयां हो परन्तु राज्य के लिये गेहूँ की जितनी मात्रा नियत की गई थी, वह उसे नहीं भेजी गई। यह स्थिति राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार है।

जहां तक उड़ीसा से अन्य राज्यों को चावल भेजने का सम्बन्ध है, मंत्री महोदय ने 30 मई को सभा में बताया था कि उड़ीसा ने पश्चिम बंगाल को 71,739 टन चावल दिये थे और राज्य सरकार ने 1,81,400 टन चावल वसूल किये थे। राज्य सरकार की सूचना के अनुसार उड़ीसा ने केन्द्र सरकार को 7 जून, 1967 तक 78,000 टन चावल दिये थे और सीधे पश्चिम बंगाल को 5,500 टन चावल भेजे थे और बिहार को धान के बीज के रूप में 6,700 टन धान के बीज भेजे थे।

सरकार को और मंत्री महोदय को यह तो मालूम ही है कि उड़ीसा में 1965–66 और 1966–67 में लगातार सूखा पड़ा था। 1965–66 का सूखा तो उड़ीसा में गत सौ वर्षों में सबसे खराब सूखा था और मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि इस मामले को उठाने का आपने मुझे अवसर दिया है। 1965–66 में अनुमानतः 61.50 करोड़ रुपये की धान की फसल को नुकसान हुआ था और 1966–67 में 55 करोड़ रुपये का। इस समय 1,81,000 टन की वसूली की जाती है जिसमें से पहले ही 85,000 टन का पश्चिम बंगाल को निर्यात किया जा चुका है तथा आगामी तीन महीनों में बहुत कठिनाई होने वाली है। अगले चार महीनों में उड़ीसा को अपने लिये एक लाख टन चावल की आवश्यकता होगी परन्तु उसके पास इस समय केवल 95,000 टन का स्टॉक है।

**आधे घंटे की चर्चा।

Half-an-hour Discussion.

माननीय मंत्री, श्री सत्यनारायण सिन्हा हाल में उड़ीसा गये थे और उन्होंने वहां के मंत्रियों और अधिकारियों से बातचीत भी की थी। हमें मालूम नहीं है कि वास्तव में क्या बातचीत हुई है परन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि वह राज्य सरकार को आगामी तीन महीनों में 45,000 टन चावल भेजने के लिये सहमत कर लिया है। मैं खाद्य मंत्री से प्रार्थना करूंगा कि वह इस बारे में जानकारी देवें।

इस समय उड़ीसा में खाद्य स्थिति बहुत गम्भीर है। वहां के कई भागों से भूखे मरने के समाचार मिल रहे हैं। इसलिये मैं माननीय खाद्य मंत्री से निवेदन करूंगा कि वह उड़ीसा को अधिक गेहूं भेजें ताकि वहां के लोग इस कठिन स्थिति का मुकाबला कर सकें।

श्री प्र० के० देव (कालाहांडी) : सबसे पहले मैं यह बताना चाहता हूं कि उड़ीसा सरकार लगातार दो वर्ष सूखा पड़ने के बावजूद भी देश के कमी वाले क्षेत्रों में चावल भेजती रही है। 8 अप्रैल को हुए मुख्य मंत्रियों के सम्मेलन में यह निश्चय किया गया था कि केन्द्रीय भण्डार में 75,000 टन चावल दिया जायेगा। उड़ीसा सरकार ने समझौते के अनुसार दिये जाने वाले चावल के अलावा भी लगभग 15,000 20,000 टन चावल दिया है। दूसरी ओर केन्द्रीय सरकार समझौते के अनुसार अपने वचन को पूरा करने में असफल रही है। उसने जो 15,000 टन गेहूं भेजने का वचन दिया था उसे पूरा नहीं किया है। हमें अपने निर्वाचन क्षेत्र तथा अन्य स्थानों से तार आ रहे हैं कि वहां पर गेहूं बिल्कुल नहीं है। इसलिये जब तक इस सम्बन्ध में मानवीय दृष्टिकोण नहीं अपनाया जायेगा यह समस्या हल नहीं हो सकेगी : अतः मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिये।

केन्द्रीय सरकार उड़ीसा के लोगों को हमेशा बेवकूफ नहीं बना सकती। उसने 15,000 टन गेहूं भेजने का वचन दिया था।

{ उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए। / Mr. Deputy Speaker *in the Chair.* }

उड़ीसा के लोगों ने अपने उत्तरदायित्व को अच्छी तरह से निभाया है। इसलिये जब तक केन्द्रीय सरकार उड़ीसा को पर्याप्त मात्रा में गेहूँ नहीं भेजेगी तब तक वहां से फालतू चावल कहीं भी नहीं भेजा जायेगा।

श्री श्रद्धाकर सुपकार (सम्बलपुर) : मैं माननीय मंत्री से दो तीन बातें पूछना चाहता हूँ। पहली बात तो यह है कि क्या वह यह समझते हैं कि उड़ीसा सरकार केन्द्रीय सरकार को बेवकूफ बना सकती है। दूसरी बात यह है कि राज्य सरकार समझौते के अनुसार चावल निर्यात कर रही है। अधिक मात्रा में चावल निर्यात किये जाने से वहां हाल ही में चावल का मूल्य बढ़ गया है। चूंकि उड़ीसा एक गरीब राज्य है इसलिये वहां की जनता के कष्टों को कम करने के लिये वहां चावल अथवा गेहूं भेजा जाना चाहिये।

श्री स० कुण्डू (बालासौर) : प्रश्न यह है कि जबकि देश के कुछ भागों मे काफी गेहूं है वह उड़ीसा को नहीं दिया जा रहा है हालांकि हम उसकी निरन्तर मांग करते आ रहे हैं। जब बिना विभाग के मंत्री वहां गये थे तो उन्होंने आश्वासन दिया था कि उड़ीसा को तुरन्त गेहूं भेजा जायेगा। मैं यह जानना चाहता हूं कि उस आश्वासन के बाद कितना गेहूं वहां भेजा गया है। उस राज्य के साथ राजनैतिक आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जाना चाहिये। जब हम अन्य राज्यों को अधिक चावल देने के लिये तैयार हैं, और वास्तव में हम दे भी रहे हैं, तो उसी अनुपात से हमें गेहूँ दिया जाना चाहिये। खाद्य मंत्री ने स्वयं आश्वासन दिया था कि नियमित रूप से गेहूँ भेजा जायेगा लेकिन वास्तव में भेजा नहीं जा रहा है।

आगामी कुछ महीनों में बड़ी कठिनाई होने वाली प्रतीत होती है। इसलिये मेरा यह सुझाव है कि एक ऐसा निकाय बनाया जाना चाहिये जिसमें बंगाल, बिहार और उड़ीसा सरकारों के प्रतिनिधि हो। उस निकाय का काम गेहूँ की सप्लाई को नियमित करना होना चाहिये। उस क्षेत्र की गेहूं की सम्पूर्ण सप्लाई का काम उस निकाय पर छोड़ दिया जाना चाहिये।

Shri Randhir Singh (Rohtak) : Sir, my question is regarding procurement. I would like to know from the hon. Minister whether the quota for procurement is being realised or not. I would also like to know whether wheat is being supplied to Orissa according to fixed target. Secondly I would like to know whether the wheat which is being supplied is distributed fairly specially to the poor sections of the society ?

Shri Rabi Ray (Puri) : Before I ask my question I would like to make it clear that the purchasing capacity of the people of Orissa is very low. At the same time it is wrong to say that the people of Orissa take rice and not wheat. I would like to know why the commitments of supplying 15,000 tonnes of wheat to Orissa every month has not been fulfilled. Why less wheat has been supplied to that State. I would like the Minister to give this assurance to the House that in future the state will be supplied full quota as has been committed by the Centre ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : सबसे पहले मैं यह बता देना चाहता हूं कि उड़ीसा सरकार और भारत सरकार के बीच कोई गलतफहमी नहीं है। बिना किसी कारण आक्षेप लगाया गया है। मैं सभा को आश्वासन देना चाहता हूं कि उड़ीसा को पूरा-पूरा सहयोग दिया जायेगा।

गेहूँ की सप्लाई के बारे में भी कुछ गलतफहमी है। मैं यह नहीं कहता कि गेहूं कम भेजा गया है। मार्च, अप्रैल और मई के महीनों में कम गेहूँ भेजा गया था। सप्लाई के लिहाज से मई का महीना सबसे खराब महीना था। उस महीने में हमे बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और गुजरात आदि राज्यों को वहां की जनता पर आयी विपत्ति को टालने के लिये गेहूँ सप्लाई करने में प्राथमिकता देनी पड़ी थी। मई के बाद अर्थात् जून में तो स्थिति सुधर गई थी। उस महीने हमने 10,800 टन की बजाय 12,400 टन गेहूँ भेजा था। हमारा ऐसा विचार है कि जुलाई मैं तो उतना ही गेहूँ भेजा जायेगा जितना नियत किया गया है।

मैं सभा को आश्वासन देता हूँ कि भविष्य में उड़ीसा सरकार और केन्द्रीय सरकार के बीच जो भी समझौता होगा हम उसके अनुसार उड़ीसा को सप्लाई भेजने का प्रयत्न करेंगे और जितनी अतिरिक्त सप्लाई उड़ीसा ने पश्चिम बंगाल को करने का वचन दिया हैं हम उतने ही गेहूं उड़ीसा को भेजेंगे । अब कोई गलतफहमी नहीं होनी चाहिये ।

इसके पश्चात् लोक सभा शनिवार, 15 जुलाई, 1967/24 आषाढ़, 1889 (शक) के ग्यारह बजे तक के लिये स्थगित हुई ।

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the clock on Saturday, the 15th July, 1967/Asadha 24, 1889 (Saka).